

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 213 बुधवार, 16 सितम्बर 2026 भाद्रपद माह, शुक्ल, षष्ठी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


## राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस: 'सपनों को हकीकत में बदलते हैं', पीएम मोदी की भारत रत्न विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को 'राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस' के मौके पर महान भारतीय इंजीनियर और राजनेता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही बेहतर भविष्य के लिए निर्माण, इनोवेशन और समाधान तैयार करने में इंजीनियरों के योगदान की सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर देश भर के इंजीनियरों को बधाई दी और विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा, 'सभी बेहतरीन इंजीनियरों को इंजीनियर्स डे की बधाई। वे लोग जो बेहतर कल के लिए निर्माण करते हैं, नई चीजें बनाते हैं और समाधान देते हैं। सर एम. विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि, जिनकी इंजीनियरिंग की प्रतिभा और राष्ट्र-निर्माण की सोच आज भी प्रेरित करती है।'

पीएम मोदी ने एक वीडियो भी शेयर किया जिसमें उन्होंने विचारों और आकांक्षाओं को ठोस उपलब्धियों में बदलने में इंजीनियरों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्हें देश की प्रगति के लिए काम करने वाले 'कर्मयोगी' बताया।




उन्होंने कहा, 'इंजीनियर केवल मशीनें नहीं बनाते। वे कर्मयोगी हैं जो सपनों को हकीकत में बदलते हैं। मैं भारत के हर इंजीनियर की सराहना और प्रशंसा करता हूं। भारत में ऐसे कई इंजीनियर हुए हैं जिन्होंने अकल्पनीय को कल्पनीय में बदल दिया और ऐसे कारनामे किए जिन्हें इंजीनियरिंग की दुनिया में चमत्कार माना जाता है।'

वीडियो में, प्रधानमंत्री ने विश्वेश्वरैया की शानदार विरासत और भारत की इंजीनियरिंग विरासत में उनके योगदान को भी याद किया। पीएम मोदी ने आगे कहा, 'महान इंजीनियरों की हमारी गौरवशाली विरासत में हमें एक अनमोल रत्न भी मिला, जिसके काम आज भी लोगों को आश्चर्यचकित करते हैं और वे थे भारत रत्न डॉ. एम. विश्वेश्वरैया। उनके नक्शेकदम पर चलते हुए, हमारे देश के इंजीनियरों ने पूरी दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।'

पूरे भारत में हर साल 15 सितंबर को 'राष्ट्रीय इंजीनियर दिवस' मनाया जाता है। यह दिन देश के प्रमुख सिविल इंजीनियर और जाने-माने राजनेता सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिनके इंजीनियरिंग और राष्ट्र-निर्माण में दिए गए योगदान को आज भी याद किया जाता है।

15 सितंबर 1861 को जन्मे विश्वेश्वरैया, जिन्हें 'एम.वी.' (ट.श.) से भी जाना जाता है। उन्हें व्यापक रूप से 'आधुनिक मैसूर का जनक' माना जाता है। उन्होंने सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रमुख परियोजनाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत में इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के एक स्थायी प्रतीक बन गए।

सार्वजनिक परियोजनाओं, इंजीनियरिंग और समाज में उनके असाधारण योगदान के लिए विश्वेश्वरैया को 1955 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था। उन्होंने मैसूर में कृष्ण राजा सागर बांध के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाढ़ से बचाव की जटिल प्रणालियों को डिजाइन करने और लागू करने में भी अहम भूमिका निभाई। भारत सरकार ने इंजीनियरिंग और राष्ट्र-निर्माण में विश्वेश्वरैया के असाधारण योगदान को देखते हुए 1968 में आधिकारिक तौर पर 15 सितंबर को राष्ट्रीय इंजीनियर्स डे घोषित किया। एजेंसी

## बांग्लादेश कोर्ट का फैसला: शेख हसीना की पार्टी के सात नेताओं को फांसी की सजा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल-2 ने मंगलवार को प्रतिबंधित अवामी लीग के सात वरिष्ठ नेताओं को मानवता के खिलाफ अपराधों के मामले में मौत की सजा सुनाई। इन नेताओं पर 2024 में छात्र नेतृत्व वाले प्रदर्शनों, जिन्हें जुलाई विद्रोह के नाम से जाना जाता है, के दौरान हिंसा का निर्देश देने, उसे भड़काने या उसे बढ़ावा देने में भूमिका निभाने का आरोप था। तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल की अध्यक्षता कर रहे न्यायमूर्ति मोहम्मद नजरुल इस्लाम चौधरी ने सातों के खिलाफ फैसला सुनाया। सभी आरोपियों पर मुकदमा उनकी गैरमौजूदगी में चला।

मौत की सजा पाने वालों में अवामी लीग के महासचिव और पूर्व सड़क परिवहन मंत्री ओबैदुल कादेर, संयुक्त महासचिव एएफएम बहाउद्दीन नसीम और पूर्व सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री मोहम्मद अली अराफात शामिल हैं। इनके अलावा जुबो लीग के अध्यक्ष शेख फजले शम्स परश, महासचिव मैनुल हुसैन खान निखिल, बांग्लादेश छात्र लीग के अध्यक्ष साद्दाम हुसैन और महासचिव शेख वली आसिफ एनान को भी मौत की सजा सुनाई गई है।

ट्रिब्यूनल के फैसले के दौरान सातों आरोपियों की ओर से सरकार द्वारा नियुक्त बचाव पक्ष के वकील मौजूद थे। यह मामला 2024 के उन प्रदर्शनों से जुड़ा है, जिनके करीब 10 महीने बाद पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी गैरमौजूदगी में मौत की सजा सुनाई गई थी।

ट्रिब्यूनल ने 22 जनवरी को सातों आरोपियों के खिलाफ सात




आरोप तय किए थे और 17 फरवरी से मुकदमे की सुनवाई शुरू हुई थी। क्ळ-2 ने प्रदर्शन के दौरान हिंसा का निर्देश देने और उसे भड़काने में उनकी कथित भूमिका की जांच की। इन प्रदर्शनों ने अंततः 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना की सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था। अभियोजन पक्ष का आरोप था कि आरोपियों ने प्रदर्शनकारियों को दबाने के लिए निर्देश जारी किए, भड़काऊ और उकसाने वाले बयान दिए तथा ऐसी बैठकों में हिस्सा लिया, जिनमें हिंसा की योजनाओं पर चर्चा की गई। उन पर हथियारबंद हमलों, व्यापक दमन और अलग-अलग स्थानों पर मीडिया को नियंत्रित करने की कोशिशों में शामिल होने का भी आरोप लगाया गया, जिससे हत्या, हत्या के प्रयास और देशभर में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। एजेंसी

## अंतरिक्ष में जंग की तैयारी?: अमेरिका ने माना- ऑर्बिट में हैं हथियार, दुश्मन के सैटेलाइट को बना सकते हैं निशाना

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने पुष्टि की है कि उसके हथियार अंतरिक्ष में तैनात हैं। अमेरिकी स्पेस फोर्स ने सोमवार को कहा कि ऐसी क्षमताएं पहले से ही कक्षा में मौजूद हैं और जरूरत पड़ने पर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का मुकाबला करने के लिए इनका इस्तेमाल किया जा सकता है। युद्ध का दायरा धरती से आगे अंतरिक्ष तक तेजी से बढ़ रहा है और इसी बीच अमेरिका ने पहली बार अपेक्षाकृत स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि उसके पास कक्षा में तैनात सैन्य क्षमताएं मौजूद हैं। अमेरिकी स्पेस फोर्स के एक प्रवक्ता ने बताया कि इन प्रणालियों का उद्देश्य अंतरिक्ष में अमेरिकी बलों के खिलाफ होने वाली शत्रुतापूर्ण गतिविधियों का मुकाबला करना है। हालांकि, उन्होंने इन हथियारों या उनकी क्षमताओं से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा करने से इनकार कर दिया।

स्पेस फोर्स के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के पास ऐसे ह्यऑन-ऑर्बिट स्पेस कंट्रोल हथियारह्ण हैं, जो शत्रु की कार्रवाई से अमेरिकी संयुक्त बलों की रक्षा करने में सक्षम हैं। स्पेस फोर्स के अनुसार, ह्यस्पेस कंट्रोलह्ण के तहत ऐसे अभियान आते हैं, जिनका मकसद अंतरिक्ष क्षेत्र में किसी विरोधी की क्षमताओं को चुनौती देना और अंतरिक्ष के रणनीतिक इस्तेमाल पर नियंत्रण बनाए रखना है। इसके लिए काइनेटिक और नॉन-काइनेटिक, दोनों तरह के उपायों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

अंतरिक्ष में वर्चस्व की होड़ अब अमेरिका, चीन और रूस की सैन्य क्षमताओं से तेजी से प्रभावित हो रही है। अमेरिका की नजर में चीन और रूस दोनों ही अंतरिक्ष में उसके हितों के लिए संभावित खतरे हैं। अमेरिकी स्पेस फोर्स के मुताबिक, चीन अपनी सैन्य आधुनिकीकरण रणनीति के तहत अंतरिक्ष और काउंटरस्पेस क्षमताओं का विकास और संचालन कर रहा है। वहीं, रूस अंतरिक्ष को युद्ध के एक अहम क्षेत्र के रूप में देखता है और उसका मानना है कि भविष्य के संघर्षों में अंतरिक्ष पर वर्चस्व निर्णायक भूमिका निभाएगा।

## यूपी में 15 हजार शिक्षकों की बंपर भर्ती

**एजेंसी न्यूज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में युवाओं को शिक्षक भर्ती के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षक भर्ती से संबंधित दो महत्वपूर्ण विज्ञापन जारी किए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि इन विज्ञापनों के माध्यम से कुल 15,012 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक सम्बद्ध प्राइमरी (अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों) के 897 रिक्त पदों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक, शहरी के 11,508 रिक्त पदों का विज्ञापन जारी किया गया है। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू की है। अभ्यर्थियों को वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही संबंधित पदों के लिए आवेदन करना होगा।

## एआई कैसे बदलेगा युद्ध का तरीका?: रक्षा मंत्री बोले- आज की कल्पना बनेगी कल की सैन्य ताकत

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार डीआरडीओ की ओर से आयोजित डीआरडीओ-इंडस्ट्री सिनर्जी मीट ह्यविमर्श 2026ह्ण को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना केवल आर्थिक रूप से मजबूत देश बनाने तक सीमित नहीं है। इसका उद्देश्य ऐसा भारत बनाना है जो तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर, सामाजिक रूप से समावेशी, पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और रणनीतिक रूप से सुरक्षित हो। भविष्य के युद्ध में तकनीकी बढ़त ही रणनीतिक बढ़त तय करेगी। आज हम जिस तकनीक की कल्पना कर रहे हैं, वही कल की सैन्य क्षमताओं का आधार बनेगी। इस व्यापक लक्ष्य को हासिल करने में रक्षा क्षेत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और यह इस विजन का आधार स्तंभ है।

सिंह ने आगे कहा कि 2047 तक हमें महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी होगी, स्वदेशी सामग्री के इस्तेमाल में उल्लेखनीय वृद्धि करनी होगी, रक्षा निर्यात को कई गुना बढ़ाना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत



की मजबूत मौजूदगी हो। इन लक्ष्यों को सहयोग के बिना हासिल नहीं किया जा सकता। इसके लिए रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी पक्षों के बीच साझेदारी और समन्वय को और मजबूत करना होगा।

यह कार्यक्रम डीआरडीओ-इंडस्ट्री सिनर्जी मीट ह्यविमर्श 2026ह्ण के तहत नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में आयोजित किया गया। सिंह ने कहा कि डीआरडीओ और उद्योग के बीच साझेदारी केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। इसे अनुसंधान, डिजाइन, परीक्षण, प्रमाणन और विनिर्माण की पूरी मूल्य श्रृंखला तक विस्तार दिया जाना चाहिए। बड़ी कंपनियों के साथ-साथ एमएसएमई और स्टार्टअप को भी इस पूरी मूल्य श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री ने कहा कि उभरती प्रौद्योगिकियां, खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और ड्रोन, भविष्य के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने रक्षा क्षेत्र से तकनीकी नवाचार की गति तेज करने का आह्वान किया। आज हम देख रहे हैं कि एआई का इस्तेमाल ऐसी तस्वीर बनाने के लिए किया जा सकता है, जो 80 के दशक की प्रतीत होती है। असली खुशी तब होगी, जब हम आज से 40-50 साल आगे के भविष्य की तस्वीर पेश कर सकें।

## जमानत मांगने पहुंचे थे निलंबित डीआईजी: सुप्रीम कोर्ट हो गया सख्त; सीजेआई बोले- 100 फीसदी बर्खास्तगी का मामला

**एजेंसी समाचार**




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पंजाब पुलिस के निलंबित डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की दूसरी जमानत याचिका पर सुनवाई चार सप्ताह के लिए टाल दी। भुल्लर की दूसरी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बेहद सख्त टिप्पणी की और इसे '100 फीसदी बर्खास्तगी का मामला' बताया और संकेत दिया कि महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद जमानत पर विचार किया जा सकता है। भुल्लर को पिछले साल अक्टूबर में भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। पीठ ने संकेत दिया कि कुछ महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज होने के बाद ही जमानत याचिका पर विचार किया जाएगा। सुनवाई के दौरान CJI ने टिप्पणी की, 'यह 100 फीसदी बर्खास्तगी का मामला है! आप अभी बर्खास्तगी चाहते हैं या बाद में?' भुल्लर की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता और कुछ महत्वपूर्ण गवाहों से अभी पूछताछ नहीं हुई है, जबकि कुछ अन्य गवाहों के बयान दर्ज किए जा चुके हैं। भुल्लर ने 10 अगस्त को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इससे पहले 10 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भुल्लर की जमानत याचिका पर सीधे सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। हालांकि, शीर्ष अदालत ने उन्हें यह छूट दी थी कि यदि दो महीने के भीतर मामले की सुनवाई शुरू नहीं होती है, तो वह जमानत के लिए हाई कोर्ट का रुख कर सकते हैं। एजेंसी

## दिल्ली: आर्मी स्कूल समेत कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप; जांच में जुटी पुलिस की टीम

**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिम जिले में स्थित आर्मी स्कूल सहित कई



स्कूलों को बम की धमकी मिली है। धमकी ईमेल के जरिए मिली है। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है। इससे पहले भी राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियां मिल चुकी है।

राजधानी दिल्ली में इससे पहले तीन अगस्त को कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया था। सुरक्षा एजेंसियों और पुलिस महकमे में खलबली मच गई थी। पुलिस, दमकल विभाग और बम निरोधक दस्ते तुरंत मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने बताया था कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया और परिसर की गहन जांच की गई। लेकिन किसी भी स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली थी। पुलिस के अनुसार, अलग-अलग स्कूलों को धमकी भरे संदेश मिले, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस की टीमों के साथ दमकल विभाग और बम निरोधक दस्ते मौके पर पहुंच गए और स्कूल परिसरों की गहन तलाशी शुरू की थी। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। एजेंसी

## यूपी: त्योहारों के ठीक पहले बिजली संकट

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश में भरपूर बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है, लेकिन उत्पादन इकाइयों के बंद होने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को तीन अन्य उत्पादन इकाइयां भी बंद हो गई हैं। अब कुल 13 उत्पादन इकाइयां बंद हैं, जिससे 5440 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में भविष्य में बिजली संकट बढ़ सकता है।

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। 14 सितंबर को यह अधिकतम मांग 27407 मेगावाट रही। यूपीएसएलडीसी का दावा है कि वह रोस्टर से अधिक बिजली आपूर्ति कर रहा है। ग्रामीण इलाके में 18 के बजाय 18.38 घंटे की आपूर्ति की गई है। इसी तरह बुंदेलखंड में 20 के 21.30 घंटे बिजली आपूर्ति की गई है, जबकि हकीकत एकदम अलग है।

## मेंथा कारोबारी मनोज गोयल के आवास पर जीएसटी का छापा

### टैक्स चोरी की आशंका में स्टेट जीएसटी टीम ने खंगाले कारोबारी दस्तावेज

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**



**बदायूं।** मेंथा तेल के कारोबार से जुड़े कारोबारी मनोज गोयल के आवास पर मंगलवार को स्टेट जीएसटी की टीम ने अचानक छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही आवास पर हलचल बढ़ गई। अधिकारियों ने कार्रवाई के दौरान आवास में मौजूद व्यावसायिक दस्तावेजों और कारोबार से संबंधित अभिलेखों को अपने कब्जे में लेकर उनकी जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि जीएसटी अधिकारियों की टीम करीब एक घंटे से अधिक समय तक मौके पर जांच में जुटी रही। इस दौरान अधिकारियों ने मेंथा तेल की खरीद-बिक्री से संबंधित रिकार्ड, बिल-बाउचर, खातों तथा टैक्स भुगतान से जुड़ी फाइलों की गहनता से पड़ताल की। टीम ने कारोबार से संबंधित अन्य दस्तावेजों को भी जांच के दायरे में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, कारोबारी के संबंध में टैक्स चोरी की आशंका से जुड़े कुछ इनपुट मिलने के बाद जीएसटी विभाग ने यह कार्रवाई की है। हालांकि, छापेमारी के दौरान टीम को क्या-क्या दस्तावेज या अन्य अनियमितताएं मिलीं, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। अधिकारियों की जांच पूरी होने के बाद ही कार्रवाई की वास्तविक वजह और स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मनोज गोयल मेंथा तेल के कारोबार से जुड़े बताए जाते हैं और स्थानीय स्तर पर उनका नाम इस कारोबार में चर्चित है। हालांकि, उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। जीएसटी टीम की कार्रवाई पूरी होने और विभाग की ओर से रिपोर्ट जारी किए जाने के बाद ही मामले की तस्वीर साफ होगी। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके पर मौजूद दस्तावेजों और कारोबारी अभिलेखों की जांच पर विशेष जोर दिया। कार्रवाई देर तक जारी रहने से कारोबारी क्षेत्र में भी इसकी चर्चा रही।

## डिजिटल पेमेंट: सरकार का बड़ा एलान- 2000 तक के यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा; किन यूजर्स को फायदा?

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को स्पष्ट किया कि 2,000 रुपए तक के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन पर बैंक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगा सकेंगे। इसी तरह, रुपे डेबिट कार्ड के जरिए 2,000 रुपए तक किए गए भुगतान पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी राजपत्र (गजट) अधिसूचना के अनुसार, रुपे डेबिट कार्ड और 2,000 रुपए तक के यूपीआई लेनदेन को आधिकारिक रूप से 'इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम' के रूप में अधिसूचित किया गया है।

अधिसूचना में कहा गया है कि कोई भी बैंक या भुगतान प्रणाली संचालक इन माध्यमों से भुगतान करने या प्राप्त करने वाले व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार का शुल्क नहीं वसूल सकता। सरकार ने यह फैसला पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 के तहत अधिकारों का उपयोग करते हुए लिया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यूपीआई लेनदेन पर




लगने वाले संभावित शुल्कों को लेकर बनी भ्रम की स्थिति को दूर करना है। पिछले महीने भी केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया था कि आम उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई के माध्यम से किए जाने वाले व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) भुगतान पूरी तरह मुफ्त रहेंगे।

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने शुल्क नहीं लेने का फैसला लेते हुए कहा था कि व्यापारियों (मर्चेंट्स) पर भी कोई व्यापक रूप से लागू होने वाला मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लगाया जाएगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, यदि भविष्य में एमडीआर लागू किया भी जाता है, तो वह केवल कुछ विशेष श्रेणी के व्यापारी लेनदेन पर, एक निश्चित सीमा से अधिक राशि वाले भुगतानों पर और बेहद मामूली दर पर ही लागू होगा।

सरकार ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में भी शुल्क डेबिट या क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर लगने वाले एमडीआर की तुलना में काफी कम होगा। यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है जब हाल ही में पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 में किए गए संशोधनों के बाद यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाए जाने की आशंकाओं को लेकर चर्चा चल रही थी।

# कुंडल छीनकर भागे बदमाशों से मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

## बारादरी पुलिस ने घायल समेत तीन आरोपियों को दबोचा, लूटे गए कुंडल और तमंचे बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मॉडल टाउन में मंदिर जा रही महिला के दोनों कानों से कुंडल झपटकर फरार हुए बदमाशों से मंगलवार तड़के बारादरी पुलिस की मुठभेड़ हो गई। भरतौल रोड पर एफसीआई गोदाम के पास चेकिंग के दौरान हुई जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने घायल समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से महिला से छीने गए दोनों कुंडल, दो तमंचे, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर प्लेट की पल्सर बाइक बरामद हुई है। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संजयनगर निवासी पूनम नौ सितंबर की सुबह करीब साढ़े आठ बजे अपनी बेटी और पड़ोस की महिला के साथ हरि मंदिर, मॉडल टाउन जा रही थीं। मॉडल टाउन गेट के पास पीछे से आए बदमाश ने झपट्टा मारकर उनके दोनों कानों से कुंडल छीन लिए। इसके बाद वह कुछ दूरी पर बाइक लेकर खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गया। पूनम ने 13 सितंबर को बारादरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ आरोपियों की तलाश शुरू की। मंगलवार तड़के भरतौल रोड पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध बाइक सवारों से पुलिस का सामना हो गया। पुलिस के मुताबिक, घिरने पर आरोपियों ने फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में अजय मिश्रा के पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस ने उसे साथी पिंटू मिश्रा और तरुण उर्फ आकाश, निवासी नई बस्ती, फतेहगंज पूर्वी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के सामने अजय माफी मांगते हुए कहता दिखाई दिया, "माफ कर दो साहब।" आरोपियों के पास से दो जिंदा और दो खोखा कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस उनका आपराधिक इतिहास खंगालने के साथ अन्य छिनैती की घटनाओं में संलिप्तता की जांच कर रही है।

# मीरगंज तहसील में 18 सितंबर को लगेगा रक्तदान शिविर

- डॉक्टर बोले- ब्लड डोनेट करने से नहीं आती कमजोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले दिनों में शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाले आयोजनों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। चिकित्सा प्रभारी डॉ. वैभव राठौर ने लोगों से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने खासकर 18 सितंबर को होने वाले रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों से अपनी इच्छा से रक्तदान करने को कहा।डॉ. वैभव राठौर ने बताया कि 17 सितंबर की शाम 7 बजे सीएचसी परिसर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान परिसर में दीपक जलाए जाएंगे। इसके अगले दिन, 18 सितंबर को तहसील परिसर के सभागार में एक बड़ा रक्तदान शिविर लगेगा। इस शिविर का मकसद जरूरतमंद मरीजों के लिए पर्याप्त खून इकट्ठा करना है, ताकि इमरजेंसी में मरीजों को समय पर खून मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान को लेकर लोगों में कई गलतफहमियां हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है, लेकिन ऐसा नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति के रक्तदान करने के बाद शरीर में खून की कमी अपने आप पूरी हो जाती है। इसलिए लोगों को किसी भी गलत सोच के कारण रक्तदान करने से पीछे नहीं हटना चाहिए। चिकित्सा प्रभारी ने युवाओं और स्वस्थ लोगों से शिविर में आकर अपनी इच्छा से रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने बताया कि खून का कोई बनावटी विकल्प नहीं है। जरूरत पड़ने पर किसी व्यक्ति का दिया हुआ खून दूसरे की जान बचाने में बहुत काम आता है। उन्होंने लोगों से इस सेवा के काम में शामिल होने का अनुरोध किया।

## संक्षेप समाचार

### जेसीबी से हटवाए कूड़े के ढेर, तिलियापुर में चला विशेष सफाई अभियान



**मीरगंज मीरगंज/फतेहगंज पश्चिमी :** विकास खंड फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम पंचायत तिलियापुर में जनहित को ध्यान में रखते हुए विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव के विभिन्न स्थानों पर लंबे समय से जमा बड़े-बड़े कूड़े के ढेरों को जेसीबी की मदद से हटवाकर ट्रॉलियों में भरवाया गया और गांव से बाहर निस्तारित कराया गया। ग्राम पंचायत सचिव आलोक कुमार ने बताया कि गांव के कल्लर, सम्मेरो की चक्की, आरआरसी सेंटर और होली चौक के आसपास काफी मात्रा में कूड़ा जमा था। सफाई अभियान के तहत जेसीबी से कूड़े के ढेर हटवाए गए और उन्हें ट्रॉली में भरकर गांव से बाहर फिंकवाया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत में लगातार साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर जमा कूड़े को हटाने के साथ ही स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से सफाई कार्य कराया जा रहा है। नि0 प्रधान रईसुद्दीन ने बताया कि ग्राम पंचायत के इस अभियान से ग्रामीणों को गंदगी और कूड़े के ढेरों से राहत मिली है।अधिकारियों ने ग्रामीणों से भी कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

### बैठक में 46 पंचायत सहायक गैरहाजिर, नोटिस जारी करने के निर्देश




**भमोरा।** विकासखंड आलमपुर जाफराबाद में पंचायत सहायकों की बैठक से 46 पंचायत सहायकों के अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों ने कड़ा रुख अपनाया है। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मनीष अग्रवाल ने सभी अनुपस्थित पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर मानदेय रोकने की कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर 11 सितंबर को विकासखंड सभागार में पंचायत सहायकों की बैठक बुलाई गई थी। बैठक में सभी पंचायत सहायकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। इसके बावजूद 46 पंचायत सहायक बैठक से नदारद रहे। अधिकारियों ने सुबह-शाम नियमित रूप से पंचायत भवन में उपस्थित नहीं रहने वाले पंचायत सहायकों को भी चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एडीओ पंचायत मनीष अग्रवाल ने बताया कि अनुपस्थित सभी 46 पंचायत सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों की नियमित उपस्थिति और विभागीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अनुपस्थित रहने वालों का मानदेय रोकने की कार्रवाई की सूचना उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। कार्रवाई में शिथिलता बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध भी उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा जाएगा। बैठक से अनुपस्थित पंचायत सहायकों में आसपुर, अलीनगर, बाहनपुर, बहजुइया, बनारा, भरताना, भीमपुर, बिछुरैया सिरसा, बिलौरी, चांड़पुर नवदिया, किशनपुर, चकरपुर समेत 46 ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायक शामिल हैं।

### प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में 4 वर्ष बाद तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**भमोरा।** प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर 4 वर्ष 23 दिन बाद आशा कार्यकर्ता, नर्स और डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम सराऊ निवासी नंदलाल ने न्यायालय को बताया कि उसकी पत्नी किरन पाल गर्भवती थी और उसका इलाज सरकारी अस्पताल में चल रहा था। 22 अगस्त 2022 को प्रसव पीड़ा होने पर वह पत्नी को सीएचसी भमोरा लेकर पहुंचा। आरोप है कि वहां मौजूद आशा कार्यकर्ता सत्यवती और एक नर्स ने महिला की हालत गंभीर बताते हुए सरकारी अस्पताल में सुविधाएं नहीं होने की बात कही। दोनों ने देवचरा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज कराने की सलाह दी। आरोप है कि उनके कहने पर नंदलाल पत्नी को देवचरा स्थित पलक चाइल्ड मैटरनिटी एंड एडवांस ट्रॉमा सेंटर ले गया। वहां डॉक्टर बालकिशन अग्रवाल ने उपचार शुरू किया। डॉक्टर, आशा कार्यकर्ता और नर्स ने महिला की हालत गंभीर बताते हुए ऑक्सीजन और वेंटिलेटर की जरूरत बताई तथा तत्काल एक लाख रुपये जमा करने को कहा। नंदलाल ने कर्ज लेकर 50 हजार रुपये जमा किए और शेष रकम की व्यवस्था के लिए समय मांगा। रुपये जमा करने के बाद भी महिला का समुचित उपचार नहीं किया गया और ऑपरेशन के दौरान लापरवाही के कारण उसकी मौत हो गई। नवजात बच्ची बच गई। नंदलाल ने उपचार में लापरवाही का विरोध किया तो आरोपियों ने कथित रूप से शेष 50 हजार रुपये जमा न करने को महिला की मौत का कारण बताया। घटना के बाद नंदलाल ने 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया था। नंदलाल का आरोप है कि थाना पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं किए जाने पर उसने वरिष्ठ अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए और सात सितंबर 2022 को रजिस्टर्ड डाक से भी शिकायत भेजी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने न्यायालय की शरण ली।

# जमीन का सौदा कर 54 लाख हड़पे, तीन साल बाद आरोपी गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच ने मेरठ में बलेनो कार समेत पकड़ा, फर्जी पहचान पत्र के इस्तेमाल का भी आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जमीन का सौदा कराने के नाम पर दो लोगों से 54 लाख रुपये की कथित ठगी के मामले में करीब तीन साल से फरार चल रहे आरोपी पन्नालाल कश्यप को बरेली क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया। टीम ने उसे मेरठ-गाजियाबाद मार्ग पर परतापुर मेट्रो स्टेशन के पास बलेनो कार समेत पकड़ा। आरोपी पर फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल करने, रकम हड़पने और धमकी देने के आरोप हैं। भोजीपुरा थाने में आठ अगस्त 2023 को साईम खान ने 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि जमीन बेचने का झांसा देकर रकम ली गई और सौदे में फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल किया गया। इसी दिन अनिल कुमार सिंह ने भी 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। दोनों मामलों में पन्नालाल समेत कई लोगों को नामजद किया गया था। दोनों मुकदमों की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की तलाश में जुटी टीम को सोमवार को उसकी लोकेशन की सूचना मिली। निरीक्षक अरुण कुमार और उत्तम कुमार की टीम ने परतापुर मेट्रो स्टेशन के पास घेराबंदी कर शाम करीब साढ़े पांच बजे पन्नालाल को पकड़ लिया। वह मूल रूप से गाजियाबाद के संजय नगर का निवासी है और वर्तमान में नंदग्राम के गढ़ी क्षेत्र में रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बीटेक और एलएलबी करने तथा राजनीति में सक्रिय होने की बात बताई। पुलिस के अनुसार उसने बताया कि दो-तीन साल पहले महिपाल यादव कुछ लोगों को जमीन के सौदे के सिलसिले में उसके पास लेकर आया था। पूछताछ के दौरान उसने अपनी गलती होने की बात भी कही। पुलिस ने आरोपी के पास से दो वीवो मोबाइल, पासपोर्ट, रिवॉल्वर व राइफल के लाइसेंस संबंधी दो दस्तावेज, राडो घड़ी और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस रिकॉर्ड में उसके खिलाफ गाजियाबाद में बिजली चोरी के तीन मुकदमे भी दर्ज हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया चल रही है।

# सेवा ही संकल्प-2026 अभियान को लेकर नगर पंचायत में बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** शासन के निर्देश पर सेवा ही संकल्प-2026 अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मंगलवार को नगर पंचायत मीरगंज के सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई।बैठक में अभियान के सफल संचालन के लिए आवश्यक तैयारियों, व्यवस्थाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अधिकारियों ने अभियान के दौरान स्वच्छता, जनभागीदारी और जनजागरूकता को केंद्र में रखते हुए गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया।नगर पंचायत की ओर से अभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रमों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही गई। बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने भी अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाने पर जोर दिया।नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि सेवा ही संकल्प-2026 अभियान के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता और जनहित से जुड़े कार्यों में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान चेयरमैन योगेन्द्र गुप्ता, ईओ प्रियंका,सभासद प्रतिनिधि राशिद हुसैन, सरफराज, आरिफ हुसैन, मोहम्मद तस्लीम, आदि उपस्थित रहे।

# जमीन छुड़ाने के नाम पर 12.60 लाख लिए, चेक भी बाउंस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बेटी के मुकदमे की पैरवी के दौरान अधिवक्ता के जरिए संपर्क में आए दंपती पर जमीन बैंक से छुड़ाने के नाम पर 12.60 लाख रुपये लेने और रकम वापस न करने का आरोप लगा है। आरोप है कि बैंक का कर्ज चुकाने के बजाय रकम दूसरे कामों में खर्च कर दी गई। रुपये मांगने पर दिए गए दो चेक भी बाउंस हो गए। महिला ने जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर इज्जतनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नार्थ सिटी निवासी ओमवती ने बताया कि उनकी बेटी का मुकदमा बरेली न्यायालय में चल रहा है। पैरवी के सिलसिले में अधिवक्ता अनिल कुमार ने मीरगंज निवासी ऋषु गुप्ता और उसकी पत्नी अमीषा गुप्ता से संपर्क कराया था। दंपती ने अपनी जमीन बैंक में बंधक बताते हुए कर्ज चुकाकर उसे छुड़ाने की बात कही। आरोप है कि मार्च 2025 में दो-तीन महीने के लिए महिला से 12.60 लाख रुपये उधार लिए गए महिला के मुताबिक, दंपती ने बैंक का कर्ज चुकाने और बाद में जमीन बेचकर पूरी रकम लौटाने का भरोसा दिया था। आरोप है कि उन्होंने अन्य लोगों से भी करीब 21 लाख रुपये लिए, लेकिन 26 मई 2025 को बैंक में केवल 2.50 लाख रुपये जमा किए और बाकी रकम निजी कामों में खर्च कर दी। रकम मांगने पर आठ अक्टूबर 2025 को पंजाब नेशनल बैंक के दो चेक दिए गए, जो पर्याप्त धनराशि न होने से बाउंस हो गए। जनवरी 2026 में पुलिस के सामने दोनों ने पांच फरवरी तक रकम लौटाने का लिखित समझौता किया, लेकिन भुगतान नहीं किया। महिला ने आरोप लगाया कि रकम मांगने पर उसे झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत के बाद एसएसपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

# पशुशाला से गोवंश चोरी, खेत में मिले अवशेष

## परधौली में घटना से भड़का आक्रोश, हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन कर तस्करों की गिरफ्तारी की मांग की

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र के परधौली गांव में सोमवार रात पशुशाला से गोवंशीय पशु चोरी होने के बाद मंगलवार सुबह खेत में उसके अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। गांव निवासी यशपाल का गोवंशीय पशु सोमवार रात पशुशाला में बंधा था। आरोप है कि रात में तस्कर उसे खोलकर ले गए। मंगलवार सुबह यशपाल ने पशुशाला में देखा तो पशु गायब था। तलाश के दौरान गांव के पूर्वी दिशा में एक खेत में उसके अवशेष पड़े मिले। जानकारी फैलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष रोहित गंगवार और अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अमित गंगवार कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में पशु तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की। सूचना पर सीओ द्वितीय नितिन कुमार और सीबीगंज इंस्पेक्टर विनोद सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने अवशेष कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए और घटना की जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गोवंश को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ रही हैं। करीब एक सप्ताह पहले भी खेत में गोवंशीय पशु की हत्या का प्रयास हुआ था। ग्रामीणों के पहुंचने पर आरोपी जाल और अन्य सामान छोड़कर भाग गए थे। लगातार घटनाओं को लेकर ग्रामीणों ने रात में गश्त बढ़ाने और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**कार्रवाई** कन्हैया गुलाटी पर 93 मामले बरेली समेत चार जिलों में मुकदमे, 44 करीबियों का कोर ग्रुप ; दो आरोपी गिरफ्तार

# कैनबिज निवेश घोटाले में मुकदमों की संख्या 98 पहुंची

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** कैनबिज इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीईओ कन्हैया गुलाटी के खिलाफ निवेश के नाम पर धोखाधड़ी के मुकदमों की संख्या बढ़कर 98 हो गई है। पुलिस के अनुसार नवंबर 2025 से अब तक बरेली में 93, बदायूं में तीन और अंबेडकरनगर व बस्ती में एक-एक मुकदमा दर्ज हुआ है। बिहार और झारखंड में भी उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज होने की जानकारी पुलिस को मिली है। बारादरी के शाहदाना कॉलोनी निवासी कन्हैया गुलाटी पर कंपनी में निवेश के नाम पर लोगों से बड़ी रकम जुटाकर धोखाधड़ी करने का आरोप है। पुलिस रिकॉर्ड में वह हिस्ट्रीशीटर है और उसकी हिस्ट्रीशीट संख्या 18-बी बताई गई है। उसकी गिरफ्तारी पर एसएसपी स्तर से 25 हजार और डीआईजी स्तर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित है। तीन मामलों में अदालत से गिरफ्तारी वारंट भी जारी हो चुके हैं। 13 सितंबर को सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो की जांच में पुलिस को कन्हैया गुलाटी से जुड़े मामले की जानकारी मिली। वीडियो में दिख रहे विशाल शर्मा और विनय श्रीवास्तव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों के खिलाफ अलग-अलग थानों में मुकदमे दर्ज हैं और वे वांछित बताए गए थे। पुलिस के मुताबिक विशाल ने करीब 80 लाख और विनय ने करीब 60 लाख रुपये लोगों से कैनबिज में निवेश कराए थे। दोनों उन 44 लोगों के कथित कोर ग्रुप में शामिल हैं, जिन्हें कन्हैया का करीबी माना जा रहा है। साइबर टीम और सर्विलांस सेल ने सुरागरसी के बाद दोनों की लोकेशन ट्रेस की और सोमवार शाम फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के रहपुरा अंडरपास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वायरल वीडियो को कई महीने पुराना बताया। पुलिस के अनुसार दोनों ने कन्हैया से अपना पैसा वापस लेने के लिए वीडियो में प्रभाव बनाने की बात कही। पुलिस अब अन्य मामलों और नेटवर्क से जुड़ी जानकारी जुटा रही है।

# करते संदिग्ध का सीसीटीवी में कैद

**मीरगंज।** शाही थाना क्षेत्र में शीशगढ़-दुनका मार्ग स्थित मन्नत अस्पताल की कथित रेकी का मामला सामने आया है। अस्पताल संचालक डॉक्टर शादाब ने पुलिस को शिकायत देकर एक अज्ञात व्यक्ति पर अस्पताल का वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। डॉक्टर के अनुसार, संदिग्ध व्यक्ति 8 और 13 सितंबर को अस्पताल के आसपास वीडियो बनाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। लगातार दो दिनों तक संदिग्ध गतिविधि सामने आने पर डॉक्टर ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच और सुरक्षा की मांग की है। सीओ मीरगंज अजय कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान का प्रयास किया जाएगा और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।

# जनगणना के फार्म में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जनगणना 2027 के फार्म में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए अलग कॉलम जोड़ने और जातियों की पूर्व निर्धारित सूची उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष बंशीधर गंगवार की ओर से दिए गए ज्ञापन में जातिगत आंकड़ों को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए जरूरी बताया गया। ज्ञापन में कहा गया कि ओबीसी की जातिगत जनगणना की मांग लंबे समय से उठती रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वर्ष 2027 में ओबीसी जनगणना की बात किए जाने के बावजूद 14 अगस्त 2026 को जारी जनगणना संबंधी सूचना में ओबीसी के लिए अलग कॉलम नहीं रखा गया। पार्टी ने जाति दर्ज करने की ओपन-एंडेड व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि निर्धारित सूची नहीं होने पर एक ही जाति के नाम अलग-अलग तरीके से दर्ज हो सकते हैं। इससे आंकड़ों के संकलन में असमानता आएगी और पिछड़े व वंचित वर्गों की वास्तविक आबादी का सही आकलन प्रभावित होगा। ज्ञापन में मांग की गई कि जनगणना 2027 के फार्म में ओबीसी के लिए स्पष्ट कॉलम जोड़ा जाए और प्रगणकों को जातियों की पूर्व निर्धारित सूची अथवा ड्रॉपडाउन सूची उपलब्ध कराई जाए। कांग्रेस ने कहा कि आबादी के अनुपात में शिक्षा, रोजगार, राजनीति और सामाजिक भागीदारी में प्रतिनिधित्व तय करने के लिए सटीक जातिगत आंकड़े जरूरी हैं।

## एक नजर

### दो युवकों पर नाबालिग को भगा ले जाने के आरोप में रिपोर्ट

**बहेड़ी।** नगर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति द्वारा दो युवकों पर उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी गई जिसे आधार बनाकर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पिता के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी दो लड़के अक्सर उसके घर आकर बेटी से अभद्रता करते थे। कई बार विरोध करने के बावजूद उनकी हरकतों पर विराम नहीं लगा। आरोप है कि गुजरी रविवार रात उक्त दोनों युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। साथ ही घर में रखी नकदी और सोने व चांदी के जेवरात भी ले गये। मामले की जानकारी होने पर घर के सदस्य जब आरोपियों के घर गये तो पहले तो उन्हें लड़की वापस कर देने की हामी भर दी गई लेकिन बाद में वे अपनी बात से न केवल मुकर गए बल्कि गाली गलौज कर धमकाने पर आमादा हो गये।

# फरीदपुर में झोलाछाप की लापरवाही से नवजात की मौत

## समय से पूर्व ऑपरेशन कर प्रसव कराने का आरोप, पुलिस ने भाग रहे कथित डॉक्टर को हिरासत में लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फरीदपुर (बरेली)।** फरीदपुर में बाईपास पर स्थित एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर फर्जी डिग्री के सहारे प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर पर समय से पहले ऑपरेशन कर प्रसव कराने का आरोप लगा है, जिसके कारण एक नवजात शिशु की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों ने कोतवाली फरीदपुर में आरोपी डॉक्टर के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला फर्रखपुर के निवासी पीड़ित राहुल गुप्ता ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि 13 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे उन्होंने अपने छोटे भाई सचिन गुप्ता की गर्भवती पत्नी मुस्कान गुप्ता को प्रसव पीड़ा होने पर बाईपास अजहरी बारात घर के पास स्थित 'मर्सी अस्पताल' में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल



कथित डॉक्टर से पूछताछ करती स्थानीय पुलिस। –जागरण मोर्चा

में मौजूद कथित डॉक्टर राशिद अली उर्फ अली जाफरी ने मरीज की हालत गंभीर बताते हुए तुरंत ऑपरेशन करने का दबाव बनाया। परिजनों के मना करने के बावजूद डॉक्टर ने उनकी एक न सुनी और सिजेरियन ऑपरेशन कर दिया, जिससे 8 महीने का प्रीमैच्योर बच्चा पैदा हुआ। परिजनों के अनुसार, ऑपरेशन के बाद डॉक्टर लगातार आश्वासन देता रहा कि बच्चा पूरी तरह स्वस्थ और ठीक है। लेकिन मंगलवार को परिजनों को अचानक पता चला कि नवजात शिशु की मौत हो चुकी है। बच्चे की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्रार्थी राहुल गुप्ता ने आरोप लगाया है कि डॉक्टर की घोर लापरवाही और लालच में आकर समय से पहले जबरन किए गए ऑपरेशन के कारण ही उनके बच्चे की जान गई है। पुलिस के पहुंचने पर अचानक हॉस्पिटल छोड़कर भाग रहे कथित डॉक्टर को पुलिस ने दौड़ कर दबोचा।

**बिना डिग्री के अस्पताल चला रहा झोलाछाप :** इस मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा डॉक्टर की डिग्री को लेकर हुआ है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को सौंपे पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि आरोपी राशिद अली अपने नाम के आगे बड़े-बड़े अक्षरों में 'एमडी' लिखकर इलाके के सीधे-साधे लोगों को गुमराह कर रहा है और उनके साथ धोखाधड़ी कर रहा है। परिजनों का दावा है कि कथित डॉक्टर के पास चिकित्सा सेवाएं देने की कोई वैध डिग्री ही नहीं है, वह पूरी तरह फर्जी तरीके से लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है।घटना के बाद पीड़ित परिवार ने फरीदपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक को लिखित आवेदन देकर आरोपी फर्जी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि किसी और मासूम को अपनी जान न गंवानी पड़े। नवजात के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज कर पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**नेशनल हाईवे पर खुलेआम चल रहा था कथित अस्पताल :** राष्ट्रीय राजमार्ग पर खुलेआम चल रहे झोलाछाप के अस्पताल को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रायः झोलाछाप अपने कथित क्लीनिक अथवा दुकानें ऐसे स्थानों पर चलाते हैं जहां प्रत्यक्ष रूप से नजर में न आएं लेकिन उक्त मर्सी हॉस्पिटल नेशनल हाईवे बाईपास पर बना होने पर भी स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय पर चलाए जाने वाले अभियान से बचा रहा। हाल फिलहाल घटना संज्ञान में आने के बाद सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुराग गौतम ने कार्रवाई करते हुए अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों को सीएचसी अथवा अन्यत्र शिफ्ट करवाया और अस्पताल को सीज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षेप समाचार

### खंडेलवाल एडिबल ऑयल्स परिसर में मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा का हुआ शुभारंभ



डिस्पेंसरी सेवा का फीता काट कर शुभारंभ करते डॉ. रेनू बाला व प्रबंधन के लोग। –जागरण मोर्चा

**फरीदपुर (बरेली)।** क्षेत्र के औद्योगिक श्रमिकों और कर्मचारियों को राहत देने के लिए खंडेलवाल एडिबल ऑयल्स प्रा. लि. की पहल के चलते फरीदपुर में कर्मचारी राज्य बीमा की मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा का हुआ शुभारंभ। इस सेवा का संचालन खंडेलवाल एडिबल ऑयल्स की फैक्ट्री परिसर से ही किया जाएगा। फैक्ट्री के जीएम स्वतंत्र कुमार यादव के निरंतर प्रयासों के चलते ही क्षेत्र के श्रमिकों को सुविधा मुहैया कराने के लिए देखा गया यह सपना आज पूरी तरह साकार हो सका है। मंगलवार को इस नवनिर्मित ईएसआईएस मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा का उद्घाटन ईएसआईएस की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनु बाला सिंह द्वारा किया गया, इस दौरान डॉ. तौकीरुल हसन, फार्मासिस्ट प्रकाश बाबू साथ रहे। शुरुआती चरण में यह मोबाइल डिस्पेंसरी सेवा फैक्ट्री परिसर में माह के पहले और तीसरे मंगलवार को आएगी बाद में भविष्य में इसकी आवृत्ति बढ़ा दी जाएगी ताकि श्रमिकों को उनके कार्यस्थल पर ही मुफ्त और बेहतर इलाज मिल सके।केईओ प्रबंधन ने इस पहल को श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में एक बड़ा और सराहनीय कदम बताया है। इस अवसर पर कंपनी के एमडी दिलीप खंडेलवाल, डायरेक्टर प्रियंक खंडेलवाल, डायरेक्टर शिवांक खंडेलवाल, जीएम स्वतंत्र कुमार यादव, एचआर मैनेजर अनुराग अग्रवाल, एवं एचआर अमित शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### किताब के विवाद पर डिवेट को प्रशासन से मांगी अनुमति

**बहेड़ी।** एक इस्लामिक किताब में लिखी इबारत को लेकर सुन्नी समाज के मदारी तथा रजवी फिरकों के बीच पनपे विरोध को शांति पूर्ण तरीके से हल करने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए दोनों पक्षों के बीच डिवेट कराए जाने का तरीका सोचा गया है। डिवेट खुशनुमा माहौल में संपन्न हो सके , इस बाबत अंजुमन बुरहान– ए– मदार बहेड़ी की जानिब से एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर डिवेट की परमीशन मांगी गई है। अंजुमन के सलीम अहमद द्वारा एसडीएम गोपाल शर्मा को दिए गए पत्र में बताया गया है कि इस्लामिक किताब में लिखी कुछ बातों को लेकर मदारी तथा रजवी समुदाय के बीच पिछले कुछ समय से बहसबाजी हो रही है। पर इसका समाधान इस्लामिक किताबों के जानकर विद्वानों द्वारा ही किया जा सकता है। इस पर दोनों पक्षों के जिम्मेदार लोगों द्वारा आपस में मिल बैठकर डिवेट के जरिये समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की गई है। डिवेट के लिए मोहल्ला इस्लामनगर स्थित एक बेंकट हाल को जगह के लिए चयनित किया गया है। डिवेट में दोनों ओर के 20–20 लोग शामिल रहेंगे। प्रत्येक पक्ष के 10 इस्लामिक विद्वान, दो बहस कर्ता, दो वकील तथा बाकी श्रोता होंगे और डिवेट इस्लामिक शर्तों के मुताबिक ही होगी। किसी तरह का व्यवधान पैदा न हो इसलिए प्रशासन से अनुमति देने की गुजारिश की गई है।

### मृत गोवंश को वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण किए बगैर दफनाने का आरोप

**अलीगंज।** ग्राम भजनई में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले गोवंश को बिना वैधानिक प्रक्रिया के दफनाने और विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को धमकी देने का आरोप लगाया गया है। हिंदू संगठन ने पुलिस को शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं में ऋतिक गुप्ता, हर्ष गुप्ता, विकास शर्मा, नवीन ठाकुर द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि 14 सितंबर की शाम को ग्राम भजनई में मुख्य मार्ग के पास एक गोवंश मृत पड़ा था। उसका सिर और धड़ अलग–अलग पड़े होने की जानकारी पर बजरंग दल के कार्यकर्ता हर्ष गुप्ता, ऋतिक गुप्ता, नवीन ठाकुर और विकास शर्मा अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस, पशु चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम आंवला, सीओ आंवला, बीडीओ मझगवां और जनप्रतिनिधियों को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के बावजूद कोई मौके पर नहीं पहुंचा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान भजनई ने नवीन ठाकुर को फोन कर मौके से चले जाने को कहा। ऐसा न करने पर मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने और जान से मरवाने की धमकी दी। तहरीर में रंगदारी मांगने और अन्य झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। कार्यकर्ताओं ने पुलिस से मृत गोवंश के संबंध में पंचनामा और आवश्यक जांच कराकर अंतिम संस्कार कराने तथा ग्राम प्रधान और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

### 10 लाख का लोन दिलाने के नाम पर दुकानदार से ठगे 1.13 लाख

**आंवला।** 10 लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा देकर ठग ने पकौड़ी और मिठाई दुकानदार से 1 लाख 13 हजार 788 रुपये ठग लिए। ठगी का अहसास होने पर दुकानदार पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पैगा गांव निवासी छत्रपाल ने बताया कि वह रहदुईया चौराहे पर पकौड़ी और मिठाई की दुकान चलाता हैं। करीब डेढ़ साल पहले सिरौली थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति उनकी दुकान पर पकौड़ी खाने आता था। धीरे–धीरे उसने छत्रपाल से दोस्ती बढ़ा ली। आरोपी ने दुकान पर पेटीएम अकाउंट और स्कैनर लगवाने की सलाह दी। शुरुआत में ऑनलाइन लेन–देन में धोखाधड़ी की आशंका जताने के बावजूद छत्रपाल उसके झांसे में आ गए। आरोप है कि भरोसा बढ़ने के बाद व्यक्ति ने खुद को लोन दिलाने का काम करने वाला बताया। छत्रपाल अपने मोतीचूर के लड्डू का कारोबार बढ़ाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने 10 लाख रुपये के लोन की इच्छा जताई। आरोपी ने फाइल चार्ज के नाम पर 50 हजार रुपये मांगे। छत्रपाल ने दो बार में 20 हजार और 30 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी लोन दिलाने के नाम पर टालमटोल करने लगा। आरोप है कि उसने अलग–अलग बहाने बनाकर कुल 1 लाख 13 हजार 788 रुपये ऐंठ लिए।

# अलग-अलग घटनाओं में सांप ने चार लोगों को डसा

- हालत बिगड़ने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती, चारों का उपचार जारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सांप के डसने से चार लोग घायल हो गए। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बिथरी चैनपुर क्षेत्र के रामनगर गोटिया गांव निवासी 36 वर्षीय अतुल पुत्र ओमप्रकाश घर में पानी की मोटर के नीचे बैठे सांप को बाहर निकाल रहे थे। इसी दौरान सांप ने उनके हाथ में डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। सुभाषनगर क्षेत्र के बिरिया नारायणपुर निवासी 60 वर्षीय भगवान देई पत्नी जीवाराम के परिजनों के मुताबिक, वह घर के पास बनी दूध की डेयरी में कंडे निकाल रही थीं। इसी दौरान वहां बैठे सांप ने उनके हाथ में डस लिया। फतेहगंज पश्चिमी के साहूकारा मोहल्ला निवासी 35 वर्षीय सत्यवती पत्नी लक्ष्मी प्रसाद सुबह घर में सफाई कर रही थीं। इसी दौरान वहां छिपे सांप ने उनके हाथ में डस लिया। परिजन उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहीं भुता क्षेत्र के पो नगला गांव निवासी 20 वर्षीय सोनू पुत्र भीमसेन सुबह खेत में धान की फसल देखने जा रहे थे। रास्ते में मेड़ के पास बैठे सांप ने उनके पैर में डस लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों का इलाज चल रहा है।

# स्कूली बसों में लापरवाही पर परिवहन विभाग की नजर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** स्कूली बसों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने 'मिशन सेफ फ्यूचर 3.0' शुरू किया है। 14 से 19 सितंबर तक चलने वाले अभियान में स्कूलों के साथ सड़कों पर संचालित स्कूली वाहनों की जांच की जाएगी। सुरक्षा मानकों में कमी मिलने पर चालान से लेकर वाहन सीज करने तक की कार्रवाई होगी। विभाग के अनुसार, स्कूली वाहन में चालक के अलावा परिचर रखना अनिवार्य है। परिचर बच्चों को चढ़ाने और उतारने के दौरान उनकी सुरक्षा देखेगा। छात्राओं के सफर करने पर महिला परिचर की व्यवस्था करनी होगी। बस में बच्चों के साथ एक शिक्षक की मौजूदगी भी जरूरी होगी। इसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होगी। स्कूल के निजी या अनुबंधित वाहनों के चालकों का पुलिस से चरित्र सत्यापन कराया जाना अनिवार्य है। बिना सत्यापन किसी चालक को स्कूली वाहन चलाने की अनुमति



नहीं होगी। जांच के दौरान वाहनों की फिटनेस और अन्य सुरक्षा मानकों को भी परखा जाएगा। अभियान के तहत विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति के गठन और बैठकों की स्थिति देखी जाएगी। समिति की अध्यक्षता प्रधानाचार्य करेंगे। इसमें नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी और उपखंड निरीक्षक शामिल होंगे। समिति की साल में चार बैठकें अनिवार्य हैं। आरटीओ पंकज सिंह ने बताया कि अभियान का उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। नियमों का उल्लंघन मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# समाजसेविका की पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी; अज्ञात पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

> **दिवंगत दरोगा की फोटो लगाकर बनाई फर्जी इंस्टाग्राम आईडी**

**बरेली।** इंस्टाग्राम पर दरोगा के नाम से फर्जी आईडी बनाकर एक समाजसेविका की पोस्ट पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। फर्जी अकाउंट पर बरेली में तैनात बताए जा रहे दरोगा का नाम इस्तेमाल किया गया, जबकि जांच में इस नाम का कोई उपनिरीक्षक यहां तैनात नहीं मिला। पुलिस को यह भी पता चला कि आईडी पर लगी तस्वीर दिवंगत उपनिरीक्षक आकाश यादव की है। मामले में कुतुबखाना चौकी प्रभारी ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुतुबखाना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अनूप सिंह के मुताबिक, 'cop_deepakjaat8070' नाम की इंस्टाग्राम आईडी से सामाजिक कार्यकर्ता की पोस्ट पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। सोशल मीडिया पर इस अकाउंट को उपनिरीक्षक दीपक जाट के नाम से प्रचारित किया जा रहा था। पुलिस ने बरेली में तैनात दरोगाओं का रिकॉर्ड खंगाला तो दीपक जाट नाम का कोई उपनिरीक्षक नहीं मिला। जांच आगे बढ़ी तो फर्जी अकाउंट पर इस्तेमाल तस्वीर की पहचान उपनिरीक्षक आकाश यादव के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक अगस्त 2026 में रायबरेली रोड पर हुए सड़क हादसे में आकाश यादव की मौत हो चुकी है। ऐसे में किसी ने उनकी तस्वीर का इस्तेमाल कर फर्जी पुलिस पहचान बनाने की कोशिश की। फर्जी आईडी से की गई टिप्पणी के कारण पुलिस की छवि भी प्रभावित होने की आशंका है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अकाउंट किसने बनाया और उसे कौन संचालित कर रहा था। चौकी प्रभारी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर के साथ फर्जी आईडी और आपत्तिजनक टिप्पणी के स्क्रीनशॉट भी दिए गए हैं। पुलिस आईडी संचालक की पहचान में जुटी है। साक्ष्यों के आधार पर आईटी एक्ट की धारा 67 और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांगों को अंत्योदय राशन कार्ड और पांच हजार पेंशन की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** दिव्यांगों के गरिमापूर्ण जीवन और मूलभूत अधिकारों को लेकर संतोषी वेलफेयर सोसाइटी ने जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। संस्था ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे दिव्यांग परिवारों को सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता देने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शारीरिक अक्षमता और रोजगार के सीमित अवसरों के कारण कई दिव्यांग परिवार भोजन, आवास और बच्चों की शिक्षा जैसी मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं कर पा रहे हैं। संस्था ने पात्र परिवारों को चिन्हित कर तत्काल सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। मांगपत्र में शहर और जिले के पात्र दिव्यांग परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर अंत्योदय राशन कार्ड जारी करने, बेघर और कच्चे मकानों में रहने वालों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा घरेलू बिजली कनेक्शन देने और बिजली बिल में पूर्ण छूट की मांग भी उठाई गई। संस्था ने वर्तमान दिव्यांग पेंशन को महंगाई के अनुरूप अपर्याप्त बताते हुए पांच हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। साथ ही दिव्यांग परिवारों के बच्चों को प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक मुफ्त पढ़ाई, किताबें, कॉपियां और ड्रेस उपलब्ध कराने की मांग की गई। संस्था ने जिलाधिकारी से संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर शीघ्र कार्रवाई कराने की अपील की। कार्रवाई न होने पर शांतिपूर्ण आंदोलन की चेतावनी दी गई।

**पंचायत** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की मासिक पंचायत में किसानों ने उठाई आवाज

# किसान संगठन ने एमएसपी गारंटी कानून और धान का समर्थन मूल्य 4000 रुपये करने की उठाई मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आंवला।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की ओर से मंगलवार को मासिक पंचायत आयोजित की गई। जिसमें किसानों की समस्याओं और विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक 11 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम आंवला सुशील कुमार मिश्रा को सौंपा। किसानों ने एमएसपी को गारंटी कानून बनाने और धान का समर्थन मूल्य कम से कम 4000 रुपये प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि सरकार स्वामीनाथन आयोग के C2+50 फॉर्मूले के अनुसार कृषि लागत मूल्य आयोग द्वारा फसलों के दाम तय कराने और विद्युत विधेयक 2020 वापस ले। उन्होंने आवारा पशुओं से फसलों के नुकसान और किसानों की मौत के मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने, जमीन अधिग्रहण में उचित सर्किल रेट देने की मांग की। किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूल बंद होने और विलय किए जाने पर भी किसानों ने चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। आगामी रबी सीजन में पर्याप्त फास्फेटिक और यूरिया खाद उपलब्ध कराने तथा एनपीके और म्यूरेट ऑफ पोटाश पर कम की गई सब्सिडी बहाल करने की मांग की। भू-अंश निर्धारण में लेखपालों की गलतियों को निर्धारित समय सीमा में संशोधित कराने, भौगोलिक स्थिति के अनुसार धान और बाजरा क्रय केंद्र स्थापित करने की मांग उठाई। किसानों ने पिछले वर्ष आंवला तहसील में बाजरा क्रय केंद्रों की संख्या कम होने का हवाला देते हुए इस बार केंद्र बढ़ाने की बात कही। इस दौरान संगठन प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष महाराज सिंह यादव, पंकज कुमार शर्मा समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर 75 हजार की ठगी, ढाई माह बाद रिपोर्ट दर्ज

**भमोरा।** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 75,571.17 रुपये का अनधिकृत लेनदेन कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर 2 माह 16 दिन बाद अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की छानबीन आरम्भ कर दी है। इफको टाउनशिप निवासी रिजवान अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जून 2026 को उनके मोबाइल पर एक महिला का फोन आया। महिला ने खुद को बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड विभाग से बताया और कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाकर दो लाख रुपये कर दी गई है। महिला ने यह भी कहा कि कुछ देर बाद बीओबी कार्ड एप पर नई लिमिट दिखाई देने लगेगी।

# बरेली में सरकारी राशन वितरण में धांधली की हुई शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

> **आरोप है कि ट्रांसपोर्ट के मालिक ने कोटेदारों तक राशन पहुंचाने के लिए एक रसूखदार और दबंग प्रवृत्ति के बिचौलिये को काम पर रखा है**

**बरेली।** जिले से सरकारी राशन वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली और कालाबाजारी की शिकायत ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरीदपुर ब्लॉक में सरकारी खाद्यान्न पहुंचाने का ठेका लेने वाली फर्म 'मैसर्स जनता ट्रांसपोर्ट कुशीनगर' पर कोटेदारों तक सही मात्रा में राशन न पहुंचाने और बिचौलियों के जरिए खुलेआम उसकी कालाबाजारी करने के गंभीर आरोप लगे हैं। इस संबंध में फरीदपुर के निवासी राजकुमार सिंह ने जिलाधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी व जिला पूर्ति अधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता राजकुमार सिंह के अनुसार, जनता ट्रांसपोर्ट कुशीनगर को बरेली के फरीदपुर ब्लॉक में सरकारी राशन वितरण की जिम्मेदारी मिली हुई है। आरोप है कि ट्रांसपोर्ट के मालिक ने कोटेदारों तक राशन पहुंचाने के लिए एक रसूखदार और दबंग प्रवृत्ति के बिचौलिये को काम पर रखा है। यह बिचौलिया कोटेदारों के हिस्से के राशन में सेंधमारी करता है और बाद में उसे खुले बाजार में बेंच देता है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि बिचौलियों की इस धांधली के कारण कोटेदारों को कभी भी सही मात्रा में राशन प्राप्त नहीं होता है। क्षेत्र में लगातार घटतौली की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे आम जनता को भी उनके हक का पूरा राशन नहीं मिल पाता है। आरोप है कि यह पूरा अवैध कारोबार ट्रांसपोर्ट फर्म के मालिक की शह और मिलीभगत से खुलेआम फल-फूल रहा है। शिकायतकर्ता ने अधिकारियों को पत्र देकर फर्म के मालिक और दबंग बिचौलियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई तथा फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है।

## 66 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन काट रहे चोर को ग्रामीणों ने दबोचा

**सौंडोला में वारदात को अंजाम देने पहुंचे थे कई लोग, साथी फरार; छोटा हाथी और भारी मात्रा में कटा तार बरामद**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** थाना क्षेत्र के गांव सौंडोला में मंगलवार को 66 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन काट रहे एक युवक को ग्रामीणों ने मौके पर दबोच लिया। उसके अन्य साथी ग्रामीणों को आता देख मौके से भाग निकले। ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। मौके से छोटा हाथी वाहन और भारी मात्रा में कटा हुआ बिजली का तार बरामद हुआ है।

बताया जा रहा है कि कुछ लोग सौंडोला क्षेत्र में 66 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन को काट रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपित तार काटते मिले। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी मौका पाकर फरार हो गए।

मौके पर छोटा हाथी वाहन खड़ा मिला। इसके अलावा बड़ी मात्रा में कटा हुआ विद्युत तार भी बरामद किया गया। ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी को थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी मुरादाबाद जिले के थाना मझोला क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर उसके फरार साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही बरामद तार और वाहन को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है। विद्युत लाइन काटने की घटना से ग्रामीणों में भी खलबली मच गई। गनीमत रही कि चोरों की करतूत समय रहते पकड़ में आ गई, वरना 66 हजार वोल्ट की लाइन से बड़ा हादसा भी हो सकता था।

# बिसौली बाईपास की राह खुली लोगों को जाम से मिलेगी राहत

**2026-27 की जनपदीय कार्ययोजना में शामिल हुआ प्रस्ताव, मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग पर घटेगा वाहनों का दबाव**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** बिसौली नगर से गुजरने वाले वाहनों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। मुरादाबाद-फर्रुखाबाद मार्ग (एसएच-43) पर बाईपास निर्माण के प्रस्ताव को वित्तीय वर्ष 2026-27 की जनपदीय कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। बाईपास बनने के बाद भारी वाहनों को नगर के अंदर से गुजरने की जरूरत नहीं होगी, जिससे जाम की समस्या कम होने की उम्मीद है।

बिसौली नगर से होकर रोजाना बड़ी संख्या में वाहन प्रदेश के विभिन्न जिलों और दूसरे राज्यों की ओर आते-जाते हैं। इनमें भारी और लंबी दूरी के वाहनों की संख्या भी काफी रहती है। आबादी के बीच से होकर गुजरने वाले इन वाहनों के कारण कई बार नगर में यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है और लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। बाईपास बनने पर वाहनों को नगर के बाहर से वैकल्पिक मार्ग मिल सकेगा।



एम एल सी वागीश पाठक। -जागरण मोर्चा

**वागीश पाठक की पैरवी से बढ़ी उम्मीद :** बाईपास को कार्ययोजना में शामिल कराने में विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक की लगातार पहल और पैरवी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री केशव प्रसाद मौर्य की ओर से भेजे गए पत्र में बिसौली आबादी क्षेत्र में जाम की समस्या के समाधान के लिए बाईपास को वित्तीय वर्ष 2026-27 की जनपदीय कार्ययोजना में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है। वागीश पाठक ने इसे बिसौली की जनता के वर्षों पुराने सपने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयासों के बाद बाईपास प्रस्ताव को कार्ययोजना में स्थान मिला है। अब परियोजना को जल्द स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाईपास के साथ नगर से गुजरने वाले हाईवे का चौड़ीकरण और डिवाइडर निर्माण भी कराया जाना चाहिए। इससे स्थानीय यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और जाम की समस्या को और कम करने में मदद मिलेगी।

## संक्षेप समाचार

### आधार में मोबाइल नंबर अपडेट के नाम पर 200 रुपये लेने का आरोप

**आसफपुर।** आसफपुर डाकघर में आधार कार्ड में मोबाइल नंबर अपडेट कराने और नया मोबाइल नंबर दर्ज कराने के नाम पर निर्धारित शुल्क से अधिक रकम लिए जाने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आधार में मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए उनसे 200 रुपये तक लिए जा रहे हैं, जबकि सरकार की ओर से इसके लिए निर्धारित शुल्क 75 रुपये बताया गया है। इससे आधार संबंधी काम कराने पहुंच रहे लोगों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आसफपुर डाकघर में आधार में मोबाइल नंबर जोड़ने या अपडेट कराने के लिए 200 रुपये मांगे जाते हैं। जब कोई व्यक्ति निर्धारित 75 रुपये शुल्क की बात कहकर अधिक रकम देने से मना करता है तो कथित तौर पर उसे यह कहकर लौटा दिया जाता है कि अब आधार अपडेट होना बंद हो गए हैं। लोगों का आरोप है कि इस तरह निर्धारित शुल्क से अधिक रकम वसूली जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आधार में मोबाइल नंबर दर्ज होना आज के समय में बेहद जरूरी है। बैंकिंग से लेकर सरकारी योजनाओं और विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं में आधार से जुड़े मोबाइल नंबर की जरूरत पड़ती है। ऐसे में ग्रामीणों को मजबूरी में डाकघर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। लोगों का आरोप है कि इसी मजबूरी का फायदा उठाकर निर्धारित शुल्क से अधिक रकम ली जा रही है। यदि निर्धारित शुल्क 75 रुपये है तो 200 रुपये लिए जाने के आरोप गंभीर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि डाकघर जैसी सरकारी व्यवस्था में शुल्क की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित होनी चाहिए, ताकि लोगों से मनमानी रकम न वसूली जा सके। लोगों ने संबंधित डाक विभाग के अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। हालांकि, 200 रुपये वसूले जाने के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

### विभिन्न गांवों में पहुंचे सपा नेता, परिजनों को बंधाया ढांढस


श्रद्धांजलि अर्पित करते सपा के नेता। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के बंजरिया, दवतोरी, मेंथरा, गिरधरपुर और पैगा गांवों में हुए निधन पर सपा नेताओं ने शोक व्यक्त किया। सांसद आदित्य यादव के प्रतिनिधि अनिल गोस्वामी व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने बंजरिया पहुंचकर वीरेंद्र सिंह यादव बाबू जी के निधन पर परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इसके बाद दोनों नेताओं ने दवतोरी में स्व. प्रेमपाल सिंह यादव के दसवां संस्कार में भाग लिया। मेंथरा में सुगर पाल के पुत्र पंकज, गिरधरपुर में स्व. रामवीर मौर्य और पैगा में स्व. सौरभ वाल्मीकि के निधन पर शोकाकुल परिवारों के घर पहुंचकर संवेदना जताई। नेताओं ने कहा कि अपनों को खोने का दुख बेहद पीड़ादायक होता है। उन्होंने परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य रखने की सांत्वना दी। इस मौके पर सपा विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, सोमेश प्रताप, विकास यादव, रवींद्र यादव, कपिल देव, मोनू यादव आदि मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से मोपेड सवार बुजुर्ग की मौत, बेटा घायल, बेटे के साथ मेडिकल कॉलेज से दवा लेकर लौट रहे थे घर

**सहसवान।** कोतवाली क्षेत्र में खंदक गांव के पास मंगलवार को पीछे से आई बाइक की टक्कर से मोपेड सवार 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे में उनका बेटा भी घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बहावलपुर गांव निवासी मुकर्रम अपने बेटे तोहिद के साथ राजकीय मेडिकल कॉलेज में दवा लेने आए थे। दवा लेने के बाद दोनों मोपेड से अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी मोपेड खंदक गांव के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आए बाइक सवार ने मोपेड में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मुकर्रम और उनका बेटा तोहिद सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मुकर्रम की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं तोहिद को मामूली चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने बाइक सवार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस ने बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया।


मुकर्रम का फाइल फोटो।

### बिसौली में ट्रैक्टर धोने को लेकर खूनी संघर्ष, कई घायल

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सर्वा में गली में ट्रैक्टर धोने के बाद हुए जलभराव और कीचड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों की ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने से कई लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि गांव की गली में ट्रैक्टर धोने के बाद पानी और कीचड़ जमा हो गया था। इसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए। मारपीट के दौरान युवक ही नहीं, बल्कि महिलाएं और बुजुर्ग भी संघर्ष में शामिल नजर आए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल पहुंचाकर उनका मेडिकल परीक्षण कराया। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और अन्य सामान से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# एक रात में दो गांवों में सेंध, पुलिस गश्त पर उठे सवाल

**खेड़ादास में दीवार काटकर नकदी-जेवर समेत लाखों का माल समेट ले गए चोर, गंगोली में भी घर को बनाया निशाना**

जागरण मोर्चा कार्यालय


घर के पीछे नकब देखते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा


घर में फैला पड़ा सामान। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर-औरछी।** थाना क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त के दावों की सोमवार रात चोरों ने पोल खोल दी। बेखौफ चोरों ने एक ही रात में दो गांवों में धावा बोलकर पुलिस को खुली चुनौती दी। खेड़ादास में घर की दीवार काटकर चोर नकदी, सोने-चांदी के जेवर और पीतल के बर्तन समेत सामान चोरी कर ले गए। इसके बाद गंगोली में भी एक घर को निशाना बनाया गया। लगातार हुई दो वारदातों से ग्रामीणों में दहशत है। वहीं, पुलिस की गश्त व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

**दीवार काटकर घर में घुसे चोर :** गांव खेड़ादास निवासी सतेंद्र पुत्र कल्लू के घर को चोरों ने निशाना बनाया। पीड़ित के अनुसार घर के पीछे खाली खेत है। इसी का फायदा उठाकर चोर रात में दीवार काटकर घर के अंदर दाखिल हो गए। चोरों ने कमरों में रखे सामान को खंगालते हुए संदूक आदि खोल डाले। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चोर एक जोड़ी चांदी की पाजेब, चांदी के बिछुए, सोने की अंगूठी, सोने का ओम लॉकेट, 30 हजार रुपये नकद और पीतल के चार बर्तन चोरी कर ले गए। मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे सतेंद्र की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और संदूक खुले हुए थे। इसके बाद चोरी की जानकारी हुई।

**गंगोली में भी चोरों ने दी दस्तक :** खेड़ादास के बाद चोरों ने गांव गंगोली में भी वारदात को अंजाम दिया। यहां महीलाल पुत्र दयाराम के घर को निशाना बनाया गया। चोरों ने घर में घुसकर चोरी की। एक ही रात में दो गांवों में घरों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों में पुलिस की रात्रि गश्त को लेकर नाराजगी है।

**गश्त के बावजूद दो गांवों में वारदात :** चोरी की दोनों घटनाओं ने थाना पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोर बेखौफ होकर एक गांव से दूसरे गांव तक वारदात करते रहे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि रात में पुलिस की प्रभावी गश्त होती तो चोरों के हौसले इतने बुलंद नहीं होते। पुलिस अब घटनास्थल का निरीक्षण कर चोरों की तलाश में जुटी है। दोनों घटनाओं का जल्द राजफाश करना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।

## खेत से भूसा चोरी कर टिर्री में लाद रहे थे, पुलिस ने दबोचा

**गुजरेला में किसान के खेत से भूसा चोरी, गश्त के दौरान पुलिस ने माल समेत आरोपितों को पकड़ा**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गुजरेला में सोमवार रात खेत से भूसा चोरी करने का मामला सामने आया। चोर किसान के खेत में रखे भूसे के बोंगे से भूसा चोरी कर टिर्री में लाद रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस मौके पर पहुंच गई और भूसे से लदी टिर्री समेत आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस की सक्रियता से चोरी का माल बरामद हो गया।

गांव गुजरेला निवासी किसान सोमपाल पुत्र गिरधारी लाल ने बताया कि उन्होंने खेत में भूसे का बोंगा लगा रखा था। सोमवार रात अज्ञात लोग वहां पहुंचे और भूसा निकालकर टिर्री में भरने लगे। रात में पुलिस की गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों की नजर उन पर पड़ गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपितों को पकड़ लिया और टिर्री में लदा भूसा बरामद कर लिया।

सोमपाल को घटना की जानकारी मंगलवार सुबह खेत पर पहुंचने के बाद हुई। उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी।इसके बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। एक तरफ जहां क्षेत्र में चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं गुजरेला में पुलिस की सतर्कता से भूसा चोरी की वारदात का तत्काल खुलासा हो गया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर उनके खिलाफ कार्रवाई में जुटी है।

# उसावां में धन निरंकार सत्संग में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक का स्वागत करते कमेटी के लोग।

**उसावां।** कस्बे में राजेश बाघरे के आयोजन में धन निरंकार सत्संग कार्यक्रम हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर सत्संग सुना। गुरु रामकिशोर मुखी ने कहा कि भूखे को भोजन, प्यासे को पानी और दुखी व्यक्ति को सहारा देना मानवता का सच्चा धर्म है। एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े होने से ही समाज में वास्तविक भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को जातिवाद छोड़कर राष्ट्रवाद को अपनाना चाहिए। आपसी अहंकार त्यागकर प्रेम और सद्भाव के साथ रहना ही जीवन का सार है। उन्होंने छोटे-बड़े की भावना मन से निकालने का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के भीतर सर्वशक्तिमान का वास है।

कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक का सत्संग समिति की ओर से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गुरुजन लोगों को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही बड़ी संख्या में लोगों के एकत्र होने से आपसी तालमेल और सामाजिक सौहार्द भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि संत, गुरु और ज्ञानियों के सानिध्य में रहने वाला व्यक्ति सदैव उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ता है। इस दौरान अरविंद अग्निहोत्री, प्रदीप तिवारी, पंकज मिश्रा, शिवम पांडेय, कालीचरण कश्यप, कुलदीप मौर्य, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अलापुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: चोरी की बाइक के साथ शातिर चोर 4 घंटे में गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



चोरी की बाइक समेत चोर गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** थाना अलापुर पुलिस ने मुस्तैदी का परिचय देते हुए बाइक चोरी की घटना का महज 4 घंटे के भीतर सफल अनावरण कर दिया है। पुलिस टीम ने चोरी की गई होंडा शाइन मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पीड़ित ने थाना अलापुर में लिखित तहरीर दी थी कि 14 सितंबर 2026 को शाम करीब 4:00 बजे उसकी दुकान के पास से अज्ञात चोर होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

**मुखबिर की सूचना पर दबोचा गया आरोपी :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी दातागंज के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना प्रभारी सनी चौधरी की अगुवाई में पुलिस टीम ने जाल बिछाया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद फैज (पुत्र नौशाद हुसैन, निवासी ward नं. 15, खजूर वाली मस्जिद के पास, थाना अलापुर) को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ धर दबोचा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :** त्वरित कार्रवाई करने वाली टीम में थाना प्रभारी सनी चौधरी, उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह एवं कांस्टेबल मणिकांत शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

**आयोजन** कवियों ने हिंदी और माता-पिता के सम्मान पर रचनाएं सुनाईं, पांच सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मानित

# बिसौली में श्याम बहादुर सक्सेना की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को सम्मान करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** के.बी. हिंदी सेवा न्यास के बैनर तले कीर्तिशेष श्याम बहादुर सक्सेना की पुण्यतिथि की स्मृति में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. सतीश चंद्र शर्मा 'सुधांशु' ने की, जबकि संचालन युवा कवि राजीव कुमार उपाध्याय ने किया। कवियों ने हिंदी भाषा, माता-पिता और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं की सराहना बटोरी।

कवि विष्णु असावा ने वृद्ध मां की स्थिति को उजागर करते हुए सुनाया—"जर्जर काया बूढ़ी मां की, घर में टूटी खटिया पर। चार-चार बेटे हैं फिर भी, उसे भरोसा लठिया पर।" गजलकार ओजस्वी जौहरी 'सरल' ने हिंदी की महत्ता बताते हुए कहा—"क से लेकर ज्ञ तक का हमें ज्ञान कराती है हिंदी, सात सुरों की सरगम का भी भान कराती है हिंदी।"

अध्यक्ष डॉ. सतीश चंद्र शर्मा 'सुधांशु' ने हिंदी को सरलता और सरसता का स्रोत बताते हुए रचना प्रस्तुत की। विजय कुमार सक्सेना 'विजय' ने पिता के स्नेह को समर्पित पंक्तियां सुनाईं—"हजारों साए दुनिया में मगर ऐसा नहीं कोई, पिता के नाम के साए की जो भर दे जगह कोई।" संचालक राजीव उपाध्याय ने हिंदी की सरलता और व्यापकता पर कविता सुनाई।

रमेश मिश्र 'सहज' ने मां और हिंदी के रिश्ते को अपनी रचना में पिरोते हुए कहा कि मां से उद्भव पाकर मुंह खोलते ही पहला अक्षर हिंदी में मां बोला। अशोक कुमार दुबे ने अक्षरों को माला के रूप में पिरोने की भावपूर्ण रचना सुनाई। नरेंद्र पाठक 'अभाषित' ने हिंदी को हिंद देश की स्वदेशी भाषा बताते हुए अपनी कविता प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान विजय कुमार सक्सेना ने अपने शिक्षक पिता स्व. श्याम बहादुर सक्सेना की स्मृति में नगर के पांच सेवानिवृत्त शिक्षकों को शाल, प्रतीक चिह्न और पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान साहित्यप्रेमी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ओरछी चौराहे पर 58 पव्वे अवैध शराब बरामद, दो गिरफ्तार

**फैजगंज बेहटा।** पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर ओरछी चौराहे के पास दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से ग्रैंड मास्टर 200 मार्का देशी शराब के 58 पव्वे बरामद हुए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरकिशोर पुत्र विशंभर दयाल निवासी परमानंदपुर और गिरीश पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी सैद सराय के रूप में हुई है। बरामद शराब जब्त कर दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# रोजगार सेवकों के हितों के लिए संघर्ष को देंगे प्राथमिकता : दिनेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** रोजगार सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपेश कुमार ने ग्राम पंचायत बिलहट में कार्यरत रोजगार सेवक दिनेश कुमार पुत्र नरेश पाल सिंह को संघ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। मंगलवार को सलारपुर ब्लॉक में पहली बार पहुंचने पर साथी रोजगार सेवकों ने उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया और फूलमालाएं पहनाकर बधाई दी।

स्वागत से अभिभूत दिनेश कुमार सोलंकी ने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। संगठन में किसी भी तरह के व्यक्तिगत विवाद को प्राथमिकता नहीं दी जाएगी। रोजगार सेवकों की समस्याओं, अधिकारों और हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करना उनकी प्राथमिकता होगी।


जिला अध्यक्ष बनने पर स्वागत करते रोजगार सेवक। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक साथी के हित के लिए वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर रोजगार सेवकों ने खुशी जताते हुए दिनेश कुमार को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सुधीर कुमार सिंह, उपदेश कुमार, अनमोल कुमार, राजकुमार, श्यामवीर सिंह, अर्येन्द्र सिंह, नेत्रपाल सिंह, फिरासत अली, उमेश चंद्र, जसवंत कुमार, छोटेलाल, परवेज हसन, नवाब हसन, दयाराम, सर्वेश, प्रमोद, प्रेमपाल, देवेंद्र सिंह और अमित कुमार मौजूद रहे।

## सड़क हादसे के बाद बिगड़ा मानसिक संतुलन सात दिन बाद पेड़ पर लटका मिला बुजुर्ग



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुजरिया।** थाना क्षेत्र के गांव अहमदनगर असौली मझरा बीबीगंज निवासी 58 वर्षीय कल्लू पुत्र ज्ञानचंद शर्मा का करीब सात-आठ माह पहले सड़क हादसा हो गया था। हादसे के बाद से उनका मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। नौ सितंबर की शाम खाना खाने के बाद वह घर से निकल गए और फिर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सोमवार शाम गांव के कुछ चरवाहे खेतों की ओर गए तो उनकी नजर यूकेलिप्टस के पेड़ पर लटके कल्लू के शव पर पड़ी। शव मिलने की खबर से गांव में सनसनी फैल गई। चरवाहों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# डीएम ने 45 दिन से पुराने राजस्व वादों को प्राथमिकता से निपटाने के दिए निर्देश

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग सुधारने पर जोर, 18 सितंबर को सभी तहसीलों में होगी मॉक एक्सरसाइज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड, राजस्व वादों, आपदा एवं बाढ़ की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। डीएम ने राजस्व न्यायालयों में लंबे समय से लंबित वादों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समय में निस्तारित करने के निर्देश दिए।




बैठक में निर्देश देते डीएम अवनीश राय। -जागरण मोर्चा

तहसीलवार समीक्षा में सामने आया कि धारा 34 के तहत जिले में 7,422 वाद लंबित हैं। इनमें बदायूं में 1,951, बिसौली में 1,744, सहसवान में 1,333, दातागंज में 1,242 और बिल्सी में 1,152 वाद शामिल हैं। धारा 24 के तहत 957 और धारा 116 के तहत 1,755 वाद लंबित हैं। डीएम ने सभी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों को 45 दिन से अधिक पुराने वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्व वादों में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक स्तर पर प्रभावी मॉनीटरिंग की जाए।

डीएम ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न बिंदुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को विभागीय लक्ष्यों की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समय में कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि आगामी माह में जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके।

### 18 सितंबर को होगी मॉक एक्सरसाइज

बैठक में 18 सितंबर को प्रस्तावित मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों की भी समीक्षा हुई। भूकंप, रासायनिक गैस रिसाव और अग्नि जैसी आपदाओं से निपटने तथा जन-धन की हानि कम करने के उद्देश्य से जिले की सभी तहसीलों में मॉक एक्सरसाइज कराई जाएगी। डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने दायित्वों के अनुसार समय से पहुंचकर प्रतिभाग करने और राहत-बचाव कार्यों के लिए सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए।

## संक्षेप समाचार

### अज्ञात कंटेनर की टक्कर से किसान की दर्दनाक मौत



पोस्टमार्टम हाउस पर जानकारी देते परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज थाना क्षेत्र के गांव उगनपुर निवासी 45 वर्षीय महेश चंद्र पुत्र ज्वाला प्रसाद की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। वह सोमवार शाम पड़ोस के गांव बरेली से फसल के लिए कीटनाशक दवा लेकर पैदल अपने घर लौट रहा था। धरेली यात्री शेड के पास सड़क पार करते समय अज्ञात कंटेनर ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में महेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए। महेश चंद्र की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस अज्ञात कंटेनर और उसके चालक की तलाश में जुटी है।



मृतक का फाइल फोटो।

# छत से गिरकर घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

### नौ महीने पहले पत्नी की हो चुकी है मौत, अब तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** मजदूरी करने गए युवक की छत से गिरकर घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उसकी पत्नी की नौ महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। अब परिवार में एक बेटी और दो बेटों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी का संकट खड़ा हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।



मृतक का फाइल फोटो।



गुमसुम बैठे परिवार के लोग। -जागरण मोर्चा

मामला उझानी कोतवाली क्षेत्र के अब्दुल्लागंज गांव का है। गांव निवासी हीरालाल (35) पुत्र चंद्रपाल मजदूरी और खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। चार सितंबर को वह उझानी नगर में एक व्यक्ति के यहां मजदूरी करने गए थे। इसी दौरान वह पहली मंजिल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी लेकर पहुंचे। हालत में सुधार न होने पर उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां भी तबीयत में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने हालत को देखते हुए उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सैफई में उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर डॉक्टरों ने उन्हें छुट्टी दे दी, जिसके बाद परिजन उन्हें घर ले आए।

**सोमवार को अचानक बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में तोड़ा दम :** घर आने के बाद सोमवार को अचानक हीरालाल की तबीयत फिर बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई।

हीरालाल की पत्नी गीता की भी करीब नौ महीने पहले बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। अब उनकी मौत के बाद एक बेटी और दो छोटे बेटों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी परिवार के सामने बड़ी चुनौती बन गई है। हीरालाल तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और मजदूरी के साथ खेती-बाड़ी कर परिवार की गुजर-बसर करते थे।

पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से शिकायत मिलने के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं और बच्चों को साइबर सुरक्षा व हेल्पलाइन की दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** विकासखंड सलारपुर और जगत में मंगलवार को वन स्टॉप सेंटर की ओर से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महिलाओं और बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, वन स्टॉप सेंटर की सुविधाओं तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

जेएसएचईडब्ल्यू प्रीती चौहान ने महिलाओं और बच्चों के लिए संचालित हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 181, 102, 108 और 1098 की उपयोगिता बताई। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव के उपाय भी बताए। सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह ने पॉश एक्ट तथा ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप और निराश्रित महिला पेंशन योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

जिला मिशन समन्वयक छवि वैश्य ने 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव बताए और बच्चों को नशे से दूर रखने का आह्वान किया। उन्होंने साइबर अपराध की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी। साथ ही महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं और दहेज प्रथा से पीड़ित महिलाओं के लिए उपलब्ध कानूनी एवं आर्थिक सहायता के बारे में बताया। उन्होंने बाल विवाह को सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जानकारी दी।

संरक्षण अधिकारी रवि कुमार ने मिशन वात्सल्य योजना के तहत बच्चों के संरक्षण और पुनर्वास की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल श्रम और भिक्षावृत्ति में लगे बच्चों के रेस्क्यू एवं पुनर्वासन के लिए ग्राम बाल संरक्षण समितियों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। किसी बच्चे को समस्या होने पर 1098 पर सूचना देने की अपील की गई।

कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, सहायक पंचायत अधिकारी, बाल परियोजना अधिकारी सुशील कुमार, संरक्षण अधिकारी रवि कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता भमरपाल सिंह और जेएसएचईडब्ल्यू प्रीती चौहान समेत संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सहसवान में आज गरजेगी भाकियू टिकैत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** किसानों की समस्याओं और सरकार की कथित किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ भाकियू टिकैत मंगलवार को तहसील सहसवान में किसान पंचायत करेगी। पंचायत को लेकर संगठन ने गांव-गांव जनसंपर्क अभियान चलाकर किसानों को लामबंद किया है। पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक किसानों से पंचायत में पहुंचने की अपील की।



एसडीएम सहसवान को ज्ञापन सौंपते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी।

जिलाध्यक्ष रामाशंकर शंखधार ने बताया कि पंचायत में किसानों की आर्थिक स्थिति और उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। संगठन फसलों का उचित एवं लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, कर्ज में दबे किसानों को राहत और कर्जमाफी का लाभ देने की मांग करेगा। इसके अलावा किसानों और उद्योगपतियों के कर्ज के मामलों में कथित दोहरी नीति समाप्त करने की मांग भी रखी जाएगी।

भाकियू की ओर से सरकारी योजनाओं और सुविधाओं में किसानों को समान अधिकार देने तथा किसानों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए कर्ज वसूली में राहत देने की मांग की जाएगी। साथ ही किसान हितों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीति बनाकर उसका प्रभावी क्रियान्वयन कराने पर जोर दिया जाएगा।

पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष रण सिंह एवं पप्पू करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हितों की अनदेखी और उनके साथ होने वाले कथित भेदभाव के खिलाफ संगठन संघर्ष जारी रखेगा।

# मॉर्निंग रेड में पांच कनेक्शनों पर पकड़ी बिजली चोरी

- 45 विद्युत कनेक्शनों की हुई जांच, बकायेदार उपभोक्ताओं को समय से बिल जमा करने की अपील

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** नगर में विद्युत विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने और विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए मॉर्निंग रेड अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को अभियान के दौरान विभागीय टीम ने 45 विद्युत कनेक्शनों की जांच की। इनमें पांच कनेक्शनों पर बिजली चोरी पकड़ी गई।



बिजली चोरी पकड़ते विद्युत विभाग के कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

उपखंड अधिकारी विकास राजपूत ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के साथ ही विद्युत व्यवस्था को बेहतर करना और बकाया बिलों की वसूली सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि अक्सर रात के समय कटिया डालकर बिजली चोरी की जाती है। सुबह के समय जांच करने पर ऐसे मामलों के सामने आने की संभावना अधिक रहती है।

उन्होंने कहा कि दिन में जांच के दौरान कई उपभोक्ता घर पर नहीं मिलते, जिससे कनेक्शनों की जांच प्रभावित होती है। इसी वजह से विभाग ने सुबह के समय मॉर्निंग रेड अभियान शुरू किया है। अभियान के दौरान संदिग्ध कनेक्शनों की जांच कर बिजली चोरी के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। एसडीओ ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे प्रत्येक माह अपना बिजली बिल समय से जमा करें और बिजली का अवैध अथवा गलत तरीके से इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दातागंज तहसील में भाकियू टिकैत की पंचायत, किसानों की समस्याओं को लेकर गरजे नेता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक किसान पंचायत मंगलवार को दातागंज तहसील परिसर में आयोजित हुई। पंचायत में मंडल, प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने पहुंचकर किसानों की समस्याएं उठाईं और उनके समाधान की मांग की। पंचायत के बाद किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित पंचायत में मंडल प्रवक्ता बरेली राजेश कुमार सक्सेना, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषभ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रेमपाल मास्टर और जिला उपाध्यक्ष चौधरी रमेश सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

राजीव गुप्ता ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। डीएपी और यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। उन्होंने धान खरीद केंद्रों पर दलाली प्रथा समाप्त कर सीधे किसानों से उपज खरीदने की मांग की। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने खाद पर लगाए जा रहे अतिरिक्त शुल्क को किसानों पर बोझ बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यूरिया और डीएपी पर किसी भी तरह का अतिरिक्त भार किसानों पर नहीं डाला जाना चाहिए। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषभ चौधरी ने स्मार्ट मीटरों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इनके लगने से उपभोक्ताओं के विद्युत बिल कई गुना बढ़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाने की मांग की।

**निरीक्षण** कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कदम नगला व रैपुरा पहुंचकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

# कटान पीड़ितों ने उठाई जमीन के बदले जमीन और मकान की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दातागंज।** दातागंज तहसील के बाढ़ और कटान प्रभावित कदम नगला व रैपुरा गांव का मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने दौरा किया। उन्होंने कटान पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया।



गंगा किनारे पहुंचे कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों ने बताया कि कदम नगला गांव का बड़ा हिस्सा गंगा के कटान की भेंट चढ़ चुका है। कई मकान और हजारों बीघा कृषि भूमि गंगा में समा गई है। वहीं रैपुरा गांव में भी लगातार कटान हो रहा है और गंगा अब गांव से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर पहुंच गई है। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि तत्काल कटानरोधी कार्य नहीं कराया गया तो रैपुरा भी इसकी चपेट में आ सकता है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और सरकार की ओर से समय रहते कटान रोकने के प्रभावी प्रयास नहीं किए गए। उनका कहना था कि समय रहते बचाव कार्य शुरू हो जाता तो कदम नगला को उजड़ने से बचाया जा सकता था और किसानों की हजारों बीघा जमीन भी सुरक्षित रहती।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि कटान में जिन किसानों की जमीन गंगा में समा गई है, उन्हें जमीन के बदले जमीन और जिनके मकान उजड़ गए हैं, उन्हें मकान उपलब्ध कराया जाना चाहिए। उन्होंने नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा और पुनर्वास की व्यवस्था कराने की मांग की।

अजीत यादव ने आरोप लगाया कि योगी सरकार बाढ़ और गंगा के कटान को रोकने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बाढ़ और कटान पीड़ितों के साथ मजबूती से खड़ी है और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा।

इस दौरान मंजेश यादव, साजिद खान, देव सिंह, कल्लू यादव, जुगेंद्र सिंह, अकरम खान, अरविंद, राजेंद्र समेत दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जरीफनगर पुलिस ने वांछित अभियुक्त मोनू को किया गिरफ्तार

**बदायूं।** जरीफनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मोनू पुत्र भूरे सिंह, निवासी ग्राम मसूदपुर खंडुआ, थाना उघैती, जनपद बदायूं के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त को ग्राम अजीजपुर की तरफ से जरीफनगर जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। मोनू थाना जरीफनगर पर पंजीकृत मुकदमा में वांछित चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी से बचाव को प्रशिक्षु शिक्षकों को किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में साइबर जागरूकता अभियान चलाया। प्रशिक्षणाधीन अध्यापक और अध्यापिकाओं को डिजिटल अरेस्ट, आइडेंटिटी थेफ्ट, इन्वेस्टमेंट और ट्रेडिंग स्कैम समेत विभिन्न प्रकार की ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीके बताए गए।

**ओटीपी, पिन और सीवीवी किसी से साझा न करें :** प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम विनोद कुमार वर्धन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने प्रशिक्षणाधीन शिक्षकों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले तरीकों की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अनजान व्यक्ति के साथ खाता संख्या, पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर या अन्य बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। डिजिटल अरेस्ट के नाम पर धमकाने या निवेश के नाम पर ठगी करने वालों से भी सावधान रहने की अपील की गई।




जानकारी देते साइबर क्राइम थाना के प्रभारी विनोद। -जागरण मोर्चा

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगी होने पर पीड़ित को समय गंवाए बिना 1930 पर कॉल करना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अभियान में उपनिरीक्षक रजत यादव, मुख्य आरक्षी निपेन्द्र यादव, कांस्टेबल पंकज कुमार और महिला आरक्षी प्रियंका तोमर मौजूद रहीं।





## एक नजर



### राजू मिश्रा के निधन से परिचितों और शुभचिंतकों में शोक

**शाहजहांपुर।** महानगर के कटिया टोला निवासी राजू मिश्रा का निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिचितों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। राजू मिश्रा अपने सौम्य, सरल और मधुर व्यवहार के लिए सभी के बीच प्रिय थे। कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। इसके बावजूद वह लोगों से आत्मीयता के साथ मिलते-जुलते रहे। बीती रात उनके बेटे सागर मिश्रा से निधन की सूचना मिलने पर परिचित स्तब्ध रह गए। उनके निधन को परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख की घड़ी में शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# एएमडी विपिन मिश्रा ने रोडवेज बस अड्डे का औचक निरीक्षण

## परिसर को गड़्ढा मुक्त वनाने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के अपर प्रबंध निदेशक विपिन मिश्रा ने सोमवार को शाहजहांपुर रोडवेज बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बस अड्डे की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों से बस संचालन, आय और रखरखाव की जानकारी ली। अपर प्रबंध निदेशक ने बस अड्डे के पीछे स्थित मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए। इसके बाद एटीएम कक्ष, कंप्यूटर कक्ष, मुख्य प्रवेश द्वार और शौचालय समेत पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने बसों में चढ़कर साफ-सफाई व्यवस्था भी देखी, जो संतोषजनक मिली। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक शाहजहांपुर डिपो अरुण कुमार ने बताया कि प्रमुख मार्गों पर बसों का संचालन निर्धारित समय के अनुसार किया जा रहा है। यात्रियों को बेहतर और सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान अरुण कुमार ने छोटी आयशर कंपनी की कुछ बसों में खराब टायरों की समस्या भी रखी। उन्होंने बताया कि कुछ बसों के टायर खराब हैं और कंपनी से भी उनकी उपलब्धता नहीं हो पा रही है। इस पर अपर प्रबंध निदेशक ने जल्द टायर उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। मुख्य प्रवेश द्वार के निरीक्षण के दौरान बस अड्डे के बाहर गड्ढे और ऊबड़-खाबड़ रास्ता मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसे जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बसों के रखरखाव, प्लेटफार्म की साफ-सफाई और आय समेत अन्य व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली। व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलने पर उन्होंने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण कुमार के कार्यों की सराहना की।



शाहजहांपुर रोडवेज परिसर का निरीक्षण करते अपर प्रबंध निदेशक। -जागरण मोर्चा

# ई-रिक्शों के सत्यापन अभियान में 40 के चालान

## लोहे की रॉड ले जा रहा ई-रिक्शा सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने और ई-रिक्शों के संचालन पर निगरानी बढ़ाने के लिए यातायात पुलिस ने सोमवार को खिरनीबाग चौराहा और बरेली मोड़ पर सत्यापन अभियान चलाया। अभियान में 130 ई-रिक्शों का सत्यापन किया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाले 40 चालकों के चालान किए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चले अभियान में ई-रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, वाहन स्वामी के आधार कार्ड और आरसी से संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सत्यापन किया गया। इस दौरान चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित मार्गों पर ही ई-रिक्शा चलाने की हिदायत दी गई। जांच के दौरान एक ई-रिक्शा में बेतरतीब तरीके से लोहे की रॉड ले जाती मिली। पुलिस ने ई-रिक्शा को सीज कर दिया। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 40 चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस के अनुसार जिले के सभी ई-रिक्शों का सत्यापन होने तक अभियान जारी रहेगा। पुलिस ने चालकों से वाहन के जरूरी अभिलेख साथ रखने और निर्धारित मार्ग व यातायात नियमों के अनुसार ही ई-रिक्शा संचालित करने की अपील की है।



ई रिक्शा का सत्यापन अभियान। -जागरण मोर्चा

# रामगंगा नदी पर बने पुलो पर ऊंची ग्रील लगाने की उठी मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र में स्थित मदारपुर और ढकुरिया के रामगंगा पुल इन दिनों नदी में पानी बढ़ने की वजह से सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील बने हुए हैं। पिछले एक महीने के भीतर इन दोनों पुलों से दो महिलाओं द्वारा आत्महत्या करने के लिए नदी में छलांग लगाई गई है। वहीं सितंबर 2023 में शाहबाद के रामगंगा पुल पर एक ट्रक रेलिंग तोड़ता हुआ नीचे जा गिरा था। इन घटनाओं के बाद अब स्थानीय लोगों ने इन पुलो पर ऊंची जाली या ग्रिल लगाए जाने की मांग की है। स्थानीय जनता ने प्रशासन और सेतु निगम के उच्च अधिकारियों से माँग की है कि मदारपुर और ढकुरिया रामगंगा पुलों की रेलिंग पर ऊंची जाली या लोहे की मजबूत ग्रिल लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों और आत्महत्या की कोशिशों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण यहाँ लगातार जान-माल का खतरा बना रहता है। सितंबर 2023 में शाहबाद के रामगंगा पुल पर एक दर्दनाक हादसा हुआ था, जहाँ एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित होकर पुल की कमजोर रेलिंग को तोड़ते हुए सीधे नीचे नदी में जा गिरा था। हालांकि चालक को सुरक्षित निकाल लिया गया था।

**घटना नंबर 1 :** सितंबर 2023 में कासगंज से शाहबाद होकर उत्तराखंड जा रहा ट्रक चालक के द्वारा संतुलन बिगड़ने की वजह से पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ लगभग 35 फिट नीचे पानी में जा गिरा, गनीमत रही कि उस वक्त नदी में पानी कम था और ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**घटना नंबर 2 :** बीती 3 सितंबर को तहसील क्षेत्र के मदारपुर पुल से एक महिला ने जरूरी सामान पुल के ऊपर छोड़ते हुए नदी में छलांग लगा ली, लगभग 13 दिन बीतने के बाद भी महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

**घटना नंबर 3 :** बीती 10 सितंबर को शाहबाद के रामगंगा पुल से 22 वर्षीय एक युवती ने नदी में छलांग लगाई थी, युवती की पहचान पुल के ऊपर मिले आई कार्ड से की गई थी, नदी में पानी अधिक होने के कारण एसडीआरएफ के द्वारा सर्च ऑपरेशन के बाद भी युवती का कोई सुराग नहीं लग सका था।



सितंबर 2023 में रामगंगा पुल पर लगी रेलिंग को तोड़कर नदी में गिरा ट्रक।

"पुल पर ऊंची रेलिंग लगाए जाने का अभी कोई प्रस्ताव नहीं है। इस वर्ष की कार्ययोजना बनकर जा चुकी है। माननीय विधायक जी अगले वर्ष के प्रस्ताव में इसको भेजती है तो इसे कार्ययोजना में शामिल करेंगे। वैसे आबादी वाले क्षेत्र में ही पुलो पर ऊंची रेलिंग या ग्रिल लगाई जाती है।"

-गौरव सिंह, एक्सईएन, पीडब्ल्यूडी, रामपुर

# बंसी वाले मंदिर में गूंजे कान्हा के भजन देर रात तक भक्तों ने छका छठी भंडारा



बंसी वाले मंदिर में छठी भोज कार्यक्रम में श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** नगर के प्राचीन बंसी वाले मंदिर में रविवार कोयोगेश्वर भगवान श्री कृष्ण कीजन्मों प्रांत छठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक आध्यात्मिक भजनों की गूंज से मंदिर परिसर गूंज मन होता रहा ।प्रातः कालस्नान ध्यान और वैदिक मंत्रोचार के बीच भगवान श्री कृष्ण को वस्त्र आदि धारण कराए गए पूजन अर्चन और आरती के बाद छप्पन भोग लगाया गया महिलाओं ने मंगल गान गाये ।पूरे दिन भजन कीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचन से वातावरण भक्तिमय रहा ।शाम 6:00से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया ।इस दौरान श्याम गर्ग सुरेंद्र सिंघल अनिल गुलाटी मनोज गुप्ता प्रतीक गर्ग सुरेंद्र गुप्ता राजीव गुप्ता अरुण यादव चैनू उपेंद्र अग्रवाल श्याम अग्रवाल राकेश शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

## संक्षेप समाचार

### शाहबाद में पत्नी में पति पर लगाया मारपीट कर जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

**शाहबाद।** शहर के मोहल्ला कानून गोयान निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट कर घर से निकलने और जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप लगाया है ।जिसकी शिकायत लेकर महिला कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने तुरंत महिला की हालत को देखते हुए उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों में महिला को वार्ड में भर्ती करते हुए उपचार शुरू किया। अस्पताल में भर्ती महिला ने पति पर आरोप लगाते हुए जानकारी दी कि उसके पति ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया और घर में रखी चूहे मार दवाई भी खिला दी।

### बीएसएनएल ने कैंप लगाकर 100 सिम कार्ड बेचे



**शाहबाद।** बीएसएनएल के फ्रीडम प्लान के तहत मंगलवार को नगर के बिलारी अड्डे पर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लोगों ने बीएसएनएल की मोबाइल सेवाओं के प्रति रुचि दिखाई। इस दौरान करीब सौ मोबाइल सिम बेची गईं। वहीं, बीएसएनएल फाइबर कनेक्शन के लिए भी उपभोक्ताओं की ओर से बुकिंग कराई गई। कैंप में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को बीएसएनएल की विभिन्न सेवाओं और फ्रीडम प्लान की जानकारी दी। इस मौके पर एजीएम त्रिनेत्र सिंह पंगति, एसडीओ सत्यवीर सिंह, टीआईपी सचिन कुमार, ऑपरेटर ओमवीर यादव, राजकुमार आदि रहे।

### एसपी ने सदर बाजार क्षेत्र में किया पैदल गश्त

**शाहजहांपुर।** पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सोमवार को सीओ सिटी देवव्रत वाजपेई और सदर बाजार इंस्पेक्टर राजीव कुमार समेत पुलिस बल के साथ थाना सदर बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता और मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। गश्त के दौरान पुलिस ने बाजार और प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया।

### फैक्ट्री स्टेट रामलीला को लेकर आरोपों पर समिति ने रखा पक्ष

**शाहजहांपुर।** फैक्ट्री स्टेट श्रीरामलीला मंचन को लेकर सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर चल रही खबरों के बीच श्रीरामलीला मंचन संयोजन समिति के सचिव ए .के . व्यास ने समिति का पक्ष रखा है। उन्होंने पूर्व कलाकारों की ओर से लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि किसी कलाकार को द्वेषवश रामलीला से बाहर नहीं किया गया है। सचिव ने बताया कि कुछ पूर्व कलाकारों की ओर से बिना ठोस कारण कलाकारों को हटाए जाने की बात कही गई थी। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने संबंधित कलाकारों से कई बार संपर्क किया। फोन और वाट्सएप के माध्यम से उन्हें बैठक में शामिल होकर अपनी बात रखने और आपसी मतभेदों पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया, ताकि बातचीत के माध्यम से समस्या का समाधान निकाला जा सके। इच्छुक कलाकारों को दोबारा टीम में शामिल करने पर भी विचार किया जाना था। हालांकि, बैठक में संबंधित लोगों के उपस्थित न होने से यह प्रयास आगे नहीं बढ़ सका।

# ददरौल में पीडीए पंचायत में जुटी भीड़ नीरज मिश्रा ने मजबूत की दावेदारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कांट शाहजहांपुर।** ददरौल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पल्हौरा के मजरा करसहाई में सोमवार को सपा के संभावित विधानसभा प्रत्याशी एवं जिला पंचायत सदस्य नीरज मिश्रा की ओर से पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में बड़ी संख्या में लोग निजी वाहनों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पहुंचे। कार्यक्रम में सपा के जनपद प्रभारी एवं एमएलसी किरण पाल कश्यप मुख्य अतिथि रहे। किरण पाल कश्यप ने कहा कि पीडीए समाज के लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी से क्षेत्र में नीरज मिश्रा के प्रति जनता के लगाव का पता चलता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा टिकट किसे मिलेगा, इसका निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व करेगा, लेकिन पार्टी में नीरज मिश्रा को सम्मानित पद या दर्जा प्राप्त मंत्री का पद मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम दोपहर 12 बजे का था, लेकिन लोग तेज धूप और गर्मी के बावजूद शाम चार बजे तक डटे रहे। पूर्व एमएलसी अमित यादव ने भी नीरज मिश्रा की ओर से आयोजित पीडीए पंचायतों और क्षेत्र में उनकी सक्रियता की सराहना की। ज्योत्सना कश्यप और गायत्री वर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में नीरज मिश्रा ने तन-मन-धन से पार्टी का समर्थन किया था। नीरज मिश्रा ने कहा कि यदि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उन्हें ददरौल से टिकट देते हैं तो कार्यकर्ताओं और जनता के सहयोग से सीट सपा की झोली में डालने का काम करेंगे। साथ ही अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटेंगे। कार्यक्रम का संचालन तेजपाल फौजी और विपिन यादव ने किया। इस दौरान श्यामलाल यादव, रामकुमार भोजवाल, सतेंद्र यादव, सुधीर यादव, पिंटू यादव, लालाराम कुशवाहा पूर्व प्रधान, सर्वेश तिवारी, प्रतिपाल, श्याम सिंह और अमर सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



काट के पल्हौरा में पीडीए की पंचायत में मौजूद सपा कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

# स्कूलों के आसपास हाई रहीं एंटी रोमियो टीमें एसपी के निर्देश पर जिलेभर में चला अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने स्कूल-कॉलेजों के आसपास निगरानी बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर मंगलवार को जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एंटी रोमियो टीमों ने विशेष अभियान चलाया। टीमों ने विद्यालयों के बाहर और आसपास चेकिंग करने के साथ छात्र-छात्राओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान विद्यालयों के आसपास अनावश्यक रूप से घूमने वाले संदिग्ध युवकों और व्यक्तियों की चेकिंग की गई। संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों ने विशेष सतर्कता बरती। छात्राओं को बताया गया कि छेड़छाड़, अभद्रता, पीछा करने या किसी भी तरह के उत्पीड़न की घटना होने पर चुप न रहें। बिना किसी संकोच के तत्काल पुलिस को सूचना दें। शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया गया। पुलिस टीमों ने छात्राओं को 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपात सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की जानकारी दी। जरूरत पड़ने पर इन नंबरों का बेझिझक इस्तेमाल करने की अपील की गई। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर संपर्क न करने, निजी जानकारी साझा न करने और किसी संदिग्ध या आपत्तिजनक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की सलाह दी गई।



छात्रों को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी। -जागरण मोर्चा

**आयोजन** सैकड़ों महिलाओं के संकीर्तन से गूंजा परिसर, बधाई गीतों पर झूम उठीं श्रद्धालु

# कान्हा की छठी पर भक्ति में डूबा परशुराम धाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कान्हा की छठी पर विसरात स्थित परशुराम धाम रविवार को कृष्ण भक्ति के रंग में रंग गया। महिला ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में आयोजित संकीर्तन में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। ढोलक की थाप, मंजीरों की खनक और कान्हा की बधाइयों से धाम परिसर देर तक गुंजायमान रहा। भजनों पर महिलाएं ऐसी रमीं कि माहौल में मानो गोकुल की छटा उतर आई। संकीर्तन की शुरुआत नैनो में बस गई है, सुंदर छबि तुम्हारी... भजन से हुई। इसके बाद लल्ला की सुन के मैं आई, यशोदा मैया दे दो बधाई...और बजी बधाई नंद घर, आनंद भयो जय कन्हैया लाल की.. जैसे पारंपरिक बधाई गीतों ने भक्ति की धारा को और गहरा कर दिया। छोटी-छोटी गैयाँ, छोटे-छोटे ग्वाल, छोटो सो मेरो मदन गोपाल...और यशोदा का नंदलाला, ब्रज का उजाला है... जैसे भजनों पर श्रद्धालु महिलाएं झूम उठीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक जेपी तिवारी और डॉ. सत्यप्रकाश मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री हरिसरन बाजपेयी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ सामाजिक एकजुटता को भी मजबूत करते हैं।nमहिला ब्राह्मण समाज की जिलाध्यक्ष सोनल त्रिपाठी के नेतृत्व में महिलाओं ने बाल-गोपाल की छठी पर विधिवत पूजा-अर्चना की। सीमा बाजपेयी, डॉ. दीपा दीक्षित, सोनल शर्मा, रूपा पांडेय, अर्चना शुक्ला, रवि मिश्रा और लवकुश मिश्रा ने आयोजन में सहयोग किया। आरती के बाद श्रद्धालुओं को माखन-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। कान्हा की छठी के उल्लास में सजा परशुराम धाम देर तक कृष्ण भक्ति, बधाई गीतों और जयकारों से सराबोर रहा।



श्री परशुराम धाम शाहजहांपुर में छठी कार्यक्रम। -जागरण मोर्चा

## बंदरों के झुंड के हमले में महिला जख्मी

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र में बंदरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को तहसील कोर्ट के सामने निजी अस्पताल के बाहर बंदरों के झुंड ने एक महिला पर अचानक हमला कर दिया और उन्हें काटकर जख्मी कर दिया। जानकारी के मुताबिक, शाहबाद तहसील के ढकिया गांव के सुरेन्द्र की पत्नी सुनीता अपने बेटे की आँखों का चश्मा बनवाने शाहबाद आईं थी, जैसे ही वह क्लीनिक से बाहर निकलीं, बाहर बैठे बंदरों ने उन पर हमला बोल दिया और काटकर महिला को जख्मी कर दिया। महिला अपने बेटे के साथ तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। अस्पताल में डॉक्टरों ने महिला को प्राथमिक उपचार दिया और एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद घर भेज दिया।

# सामाजिक कार्यकर्ता बाबू अमर सिंह आर्य का सड़क हादसे में निधन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर शाहजहांपुर।** आर्य समाज सहित तमाम धार्मिक तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े बाबू अमरसिंह आर्य (72) का मंगलवार की सुबह मार्ग दुर्घटना में दुखद निधन हो गया।

मदनापुर थानांतर्गत ग्राम मोहनियां निवासी बाबू अमरसिंह आर्य आज सुबह कस्बा जलालाबाद (परशुरामपुरी) स्थित मकान से बाइक द्वारा अपने पैतृक गांव मोहनियां जा रहें थे कि गंगा एक्सप्रेस वे के अतिबरा अंडर पास के नजदीक सामने से तेज गति से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौक़े पर ही मृत्यु हो गई। थाना कटरा अंतर्गत गांव हुलासनगरा निवासी बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गये। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है ।जबकि घायल को नगरिया सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी हालत खराब होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सहकारिता विभाग के सचिव पद से सेवानिवृत आर्य संयासी ओमानंद सरस्वती के पुत्र मृतक अमरसिंह आर्य महर्षि दयानंद सरस्वती आर्य गुरुकुल मोहनियां के संस्थापक, अखिल भारतीय गुर्जर कल्याण समिति के जिला कोषाध्यक्ष,नौसारा सनातन आश्रम के विशेष आमंत्रित सदस्य थे। उनके निधन से समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

पोस्ट मार्टम के बाद आज शाम उनके शव के पैतृक गांव मोहनियां पहुंचने पर सैकड़ों लोगों की भीड़ उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। उनकी अंत्येष्टि बुधवार प्रातः 8 बजे उनके पैतृक गांव मोहनियां में वैदिक रीति के अनुसार होगी।



अमर सिंह आर्य का फाइल फोटो।

# गणेश चतुर्थी मेले में युवकों के दो गुटों में जमकर चली बेल्टे, मची अफरातफरी



चंदौसी के गणेश मेले में एक दूसरे को बेल्टें मारते युवक। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी मेले में सोमवार की रात युवकों के दो गुटों में जमकर लात घूसे व बेल्टे चली लोगों ने मारपीट की वीडियो बना सोशल मीडिया पर वायरल कर दी जबकि कुछ देर बाद युवक फरार हुए मारपीट के दौरान घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंच सकी गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार की रात नगर में भगवान गजानन की रथ यात्रा निकाल रही थी श्रद्धालु रथ यात्रा का आनंद लेने के बाद मिले पहुंच रहे थे रात में ही युवकों के दो गुट मेला गणेश चतुर्थी पहुंचे तभी मेला कार्यालय के सामने युवकों के दो गुटों में मारपीट शुरू हो गई देखते ही देखते युवकों के बीच लात घूसे और बेल्ट है चलने लगी जिससे मेला देखने लोगों में अफरा तफरी मच गई कुछ लोग मारपीट का वीडियो बनाने लगे इसके बाद वीडियो को वायरल कर दिया वीडियो में स्पष्ट रूप से दो युवकों के गुट में जमकर बेल्टे मारी जा रही थी कुछ देर मारपीट के बाद युवक फरार हो गए मगर मारपीट के दौरान घटा स्थल पर पुलिस नहीं पहुंची गणेश चतुर्थी मेले में हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है नगर क्षेत्र स्थित गणेश चौथ मेले में किसी बात को लेकर युवकों के दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और युवकों ने एक-दूसरे पर बेल्टों से हमला कर दिया। युवकों के बीच हुई बेल्टबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो चंदौसी नगर क्षेत्र के मेला कोतवाली क्षेत्र का बताया जा रहा है।



चंदौसी के गणेश मेले में एक दूसरे को बेल्टें मारते युवक। –जागरण मोर्चा

# यातायात पुलिस ने 268 वाहनों के खिलाफ की कार्रवाई, मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बहजोई थाना क्षेत्र के ग्राम बमनेटा के पास मुरादाबाद आगरा हाईवे पर टेंपो को डंपर ने टक्कर मार दी थी हादसे में दो बच्चों सहित सात लोगो की मौत हुई थी उक्त घटना के चलते यातायात पुलिस ने मंगलवार को ओवरलोड सवारी बैठने पर 268 वाहनों पर कार्रवाई की मंगलवार को प्रभारी यातायात जगरोशन सिंह एवं यातायात पुलिस द्वारा एक संयुक्त अभियान जनपद संभल में 22 ओवरलोडिंग वाहन पिकअप , ई रिक्शा, टेंपो, 17 के खिलाफ सीज की कार्यवाही की गयी और 30 टेंपो और ई रिक्शा में अवैध रूप से पायदान और एक्स्ट्रा सीट लगाकर चलने पर उन्हें हटवाया गया और आगे से वाहन चलाने पर पायदान और अलग से सीट नहीं लगाने के लिए जागरूक किया गया कुल 268 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई और यातायात प्रभारी जगरोशन सिंह और यातायात पुलिस जनपद संभल का मुख्य उद्देश्य यही है कि जनपद संभल में कोई भी दुर्घटना न हो जो भी व्यक्ति पैदल या वाहन से चलते है वह सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों का पालन करे और सुरक्षित रहे।



बदायूं चुंगी पर टेंपो की सीट को हटाती यातायात पुलिस।



बदायूं रोड स्थित यातायात चौकी पर टेंपो की सीट को निकालती यातायात पुलिस। –जागरण मोर्चा



चंदौसी के मालगोदाम रोड़ पर टेंपो में ठूंसकर भारी सवारियां। –जागरण मोर्चा

# सर्वसम्मति से दिनेश पाल बने नगर अध्यक्ष मानवाधिकार संघ की नगर कार्यकारिणी गठित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मानवाधिकारों के संरक्षण, नागरिकों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने तथा समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से मानवाधिकार संघ संगठन की नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संगठन की बैठक में पदाधिकारियों का मनोनयन करते हुए उन्हें संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष दिनेशपाल दिव्य, नगर उपाध्यक्ष वीके त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष संजय गुप्ता सृजन नगर महासचिव, डीके अग्निहोत्री, नगर संयोजक राजू बनर्जी तथा नगर सचिव विश्वजीत शर्मा एवं आकाश राघव और आशीष पाल पर मनोनयन किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने कहा कि मानवाधिकार केवल किसी एक वर्ग का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के सम्मान, स्वतंत्रता और समानता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। संगठन द्वारा लोगों को उनके मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव और अन्याय के विरुद्ध शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाई जाएगी। प्रदेश संयोजक अश्विन कुमार शर्मा ने कहा कि नगर में संगठन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण तथा मानवाधिकार संबंधी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। साथ ही जरूरतमंद लोगों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध सहायता व्यवस्थाओं की जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। पदाधिकारियों ने एकजुट होकर मानवाधिकारों की रक्षा एवं जनसेवा को अपना प्रमुख संकल्प बताया। बैठक में जगदीश राना, त्रिमोहन सिंह, दीपचंद अग्रवाल, आकाश शर्मा, दिनेश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।



चंदौसी मे मानवधिकार संघ की नगर कार्यकारिणी का स्वागत करतें अतिथि।

## संक्षेप समाचार

### एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर के माध्यम से किया जागरूक



चंदौसी के मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में पोस्टर के माध्यम से जागरूक करतीं एनसीसी कैडेट्स। –जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 9 यूपी गर्ल्स बटालियन मुरादाबाद के 21 कैडेट्स तथा 24 यूपी बटालियन मुरादाबाद के 30 कैडेट्स ने मिलकर पोस्टर बनाए। इसके बाद कैडेट्स ने जगह जगह पोस्टर लगाकर लोगों में जागरूकता फैलाई कार्यक्रम का आयोजन एनसीसी प्रभारी ज्ञान सिंह के निर्देशन में हुआ तथा महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ अशोक यादव, डॉ अमोल कंचन, प्राचार्य डॉ राजकुमार गोयल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट नंदिनी, सीनियर अर्जुन व अन्य सहयोगी भी सम्मिलित रहे।

### प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक बनाने का आह्वान



चंदौसी नगरपालिका में स्वच्छ भारत मिशन कर्मचारियों के साथ बैठक करती पालिकाध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

**चंदौसी।** स्वच्छ भारत मिशन ( नगरीय ) के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान ( 17 सितंबर – 17 अक्टूबर ) के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को मंगलवार को नगर पालिका परिषद में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभियान के पाँच प्रमुख स्तंभों स्वच्छता लक्षित इकाइयों का कायाकल्प, स्वच्छ पाठशाला, सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर, जन भागीदारी और स्वच्छता से समृद्धि पर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने अभियान को जन–आंदोलन बनाने तथा प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ, सुंदर और जागरूक बनाने का आह्वान किया। अधिशासी अधिकारी सत्येंद्र प्रकाश द्वारा सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को दायित्व सौंपते हुए डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण, सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, सीटीयूएस चिन्हीकरण एवं जन–जागरूकता कार्यक्रमों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। उक्त बैठक में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, नरेश बाबू, प्रमोद कुमार, हिना गोयल, आशीष कुमार, कुंवर पाल तथा आईटीसी मिशन से अर्बन कोर्डिनेटर करन सिंह व पालिका स्टाफ उपस्थित रहें।

### निर्माणाधीन भवन से हजारों का सामान चोरी

**चंदौसी।** मुरादाबाद/ बदायूँ रोड, पेट्रोल पंप के सामने एक निर्माणाधीन भवन से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए । चोरी की तहरीम कोतवाली में दी गई है। मोहल्ला गोलागंज निवासी गुलाम साविर द्वारा मुरादाबाद रोड पर भवन का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार की रात चोर यहाँ से जनरेटर की एक मोटर खोलकर उसमें से ताँबे की लीड, जिसकी कीमत लगभग 12,000 चोरी कर ले गए । इसके अलावा सरिये के लगभग 200 रिंग और सरिये के टुकड़े थी चोरी कर ली गई। गुलाम साबिर ने चोरी की तहरीर कोतवाली में दी है।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मोहा मन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मेला परिषद द्वारा श्री भूपाल रंगमंच पर स्व. श्रीमती प्रीति गुप्ता की स्मृति में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 6 से 12 वर्ष की आयु के 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बच्चे विभिन्न धार्मिक एवं अन्य आकर्षक परिधानों में सज-धजकर पहुंचे। प्रतिभागियों ने अपनी वेशभूषा के अनुरूप संबंधित पात्रों का अभिनय प्रस्तुत किया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हे प्रतिभागियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण पैदा किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंजू गुप्ता, प्रधानाचार्य श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, विचित्रा गुप्ता, पूर्व डांस एकेडमी संचालक तथा साफिया अंजुम, पूर्व प्रधानाचार्य श्री अक्रूर जी कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज शामिल रहीं। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में ललित किशोर गुप्ता, सुशांत गुप्ता, भावना गुप्ता एवं प्रसा गुप्ता ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का संचालन विपिन वार्ष्णेय ने किया। कार्यक्रम संयोजक मधुर कुमार वार्ष्णेय एवं रामकिशोर वार्ष्णेय रहे। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार 'लालू', शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र मामा, मुकेश वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, प्रफुल्ल कुमार, राहुल चौधरी, संजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, डॉ. शेखर वार्ष्णेय, सुशांत गुप्ता, शुभम अग्रवाल, हाजी इशत्याग बेग, मो. फईमुद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



चंदौसी के गणेश मेले में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लेते नन्हे–मुन्ने बच्चे। –जागरण मोर्चा

# रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे आरोही और वंदना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मेला गणेश चौथ महोत्सव के अंतर्गत श्री गणेश मेला परिषद द्वारा श्री भूपाल रंगमंच पर स्व. पीके अग्रवाल एवं स्व. रतन नन्दन की स्मृति में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेला प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने किया।

प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कुल 40 प्रतिभागियों ने 20 टीमों के रूप में अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियां सजाईं। प्रतिभागियों ने रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से विभिन्न विषयों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में चन्दौसी पब्लिक स्कूल की कला प्रवक्ता दीपा सैनी एवं नीतू चौधरी तथा ओपीजीएम की कला प्रवक्ता रेखा चक्रवर्ती रहीं। प्रतियोगिता में पंचम स्थान चिंकी एवं एजा ने प्राप्त किया। चतुर्थ स्थान पाखी एवं एंजेल ने हासिल किया। तृतीय स्थान प्रज्ञान एवं दीपक ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान निधि एवं अनुष्का के नाम रहा। वहीं प्रथम स्थान आरोही एवं वंदना ने प्राप्त कर प्रतियोगिता में विजेता का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर श्री गणेश मेला परिषद के मुख्य सचिव हरिगोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर गुप्ता, सुधीर गुप्ता, रविंद्र कुमार 'रूपी', मनोज गुप्ता 'मीनू', डॉ. राजीव गुप्ता, विनय सर्राफ, एड. लोकेंद्र शर्मा, प्रजीत कुमार 'लालू', मेजर शशिकांत गुप्ता, सतेन्द्र 'मामा', मुकेश वार्ष्णेय, हाजी इशत्याग बेग, मो. फईमुद्दीन, आशुतोष वार्ष्णेय, धर्मेश, प्रमोद गुरु, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।



रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि। –जागरण मोर्चा

आक्रोश | किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# किसानों ने तहसील गेट पर किया जोरदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने किसानों ने समस्याओं को लेकर तहसील गेट पर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सोपा में सभी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सोपा

तहसील अध्यक्ष महेश यादव ने बताया की किसानों को बिजली विभाग द्वारा परेशान किया जा रहा है जब किसानों को बिजली की जरूरत होती है तभी बंद कर दी जाती है जिससे किसानो को परेशानी उठानी पड़ रही है रात के 12 बजे लाइट दी जाती है जबकि शाम 6 बजे बिजली दी आनी चाहिए

किसानो की दाखिल ख़ारिज लंबित हैं उन्हें विक्रेता की जमीन पर लोन ट्रांसफर कर लंबित दाखिल ख़ारिज को कराया जाए जिससे कि क्षेत्र में होने वाली हिंसा रोकी जा सके कुछ किसान लालच में आकर जमीनों को दोबारा बेच रहे हैं दाखिल खारिज न होने के कारण क्षेत्र में हिंसा उत्पन्न हो रही है जबकि विक्रेता के नाम पर काफी जमीन बची हुई है बाकी बची हुई जमीन पर लोन ट्रांसफर कर दाखिल खारिज की जाए और जो किसान आलू को लेकर काफी परेशान हैं उनको किराए में छूट मिलनी चाहिए और आलू का सही मूल्य मिलना चाहिए जिससे कि किसानों को हो रहे बाहरी नुकसान से राहत मिल सके किसान अपनी अगली फसल तैयार कर सके और किसने की धान की फसल तैयार है कुछ दिन में क्रिय केंद्र चालू होंगे जिससे किसानों को अपनी फसल भेजने में राहत मिलेगी शासन से मांग है कि किसानों के सत्यापन में कोई लापरवाही न बरती जाए समय से सत्यापन किया जाए और किसानों को सरकारी क्रय केंद्र का लाभ मिल सके किसानों को सत्यापन के नाम पर लूटा जाता है अगर ऐसा हुआ तो भारतीय किसान यूनियन तहसील प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन आंदोलन करने को मजबूर होगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी इस मौके पर रामवीर प्रधान, संजीव यादव, राम खिलाड़ी सिंह, महावीर सिंह, मुनेंद्र यादव, कल्याण सिंह, वीरेश यादव, रोहतास यादव, तिलक सिंह यादव व सैकड़ों किसान साथी मौजूद रहे।




चंदौसी तहसील परिसर में प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# मेले में मारपीट करने के आरोप में 10 युवक गिरफ्तार, पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध की शांतिभंग की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गणेश चौथ मेला में उपद्रव कर शान्ति व्यवस्था भंग करने के सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 10 आरोपियों पर कार्रवाई की गई है

सोमवार की रात गणेश मीणा चतुर्थी में कुछ युवको द्वारा मारपीट की घटना की गई थी जिसमें पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 युवकों को हिरासत में लिया है जिनमें बबलू पुत्र अमरपाल, हरिओम पुत्र रमेश, रिंकू पुत्र मोहनलाल निवासीगण ग्राम नगलिया कठेर थाना बहजोई, रामनिवास पुत्र महेश, शिवा पुत्र नेमसिंह निवासीगण ग्राम पीपरिया थाना फैजगंज बेहटा जनपद बदायूं, विशाल पुत्र रिंकू निवासी मौ० बुध्द बाजार, मीर बाबू की बगीया कस्बा व थाना बिसौली जनपद बदायूं, निजाम पुत्र अकील अहमद निवासी मौ. गोढी कस्बा व थाना शीशगढ जनपद बरेली, जुनैद आलम उर्फ मौराजा उर्फ दानिश पुत्र नासिर अहमद निवासी मौ. अब्दुल करवला रोड कस्बा व थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद, प्रेम पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम बुद्धनगर थाना चन्दौसी, आदित्य कुमार पुत्र चेतेन्द्र सिंह हाल निवासी आर्यन कालोनी इन्दिरा कालोनी के सामने थाना चंदौसी के विरुद्ध शांतिवांग कार्रवाई की गई है।



चंदौसी कोतवाली मे पुलिस की गिरफ्त में खड़े मेले में मारपीट के आरोपी। –जागरण मोर्चा



## गीता सार

योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना ।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः ॥

**भावार्थ** : सभी प्रकार के योगियों में से जो पूर्ण–श्रद्धा सहित, सम्पूर्ण रूप से मेरे आश्रित हुए अपने अन्त :करण से मुझको निरन्तर स्मरण (दिव्य प्रेमाभक्ति) करता है, ऐसा योगी मेरे द्वारा परम–योगी माना जाता है।

# पाक को चपत



रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में भारतीय वायुसेना की एक ऐसी महत्वपूर्ण कार्रवाई का उल्लेख किया गया है, जिसे वायु रक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की एक यूनिट ने 314 किलोमीटर की दूरी से पाकिस्तानी स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। इसे सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से की गई सबसे लंबी दूरी की कार्रवाइयों में से एक बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन ने दुश्मन की उस धारणा को चुनौती दी कि अधिक दूरी उसे भारतीय वायुसेना की कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान कर सकती है। ऑपरेशन के दौरान भारतीय रडार प्रणालियों ने खतरे को बेहद सटीकता के साथ ट्रैक किया और एस-400 की लंबी दूरी की मिसाइल को लक्ष्य तक सफलतापूर्वक निर्देशित किया गया। 314 किलोमीटर की दूरी से किया गया यह प्रहार भारतीय वायु रक्षा नेटवर्क की निगरानी, लक्ष्य की पहचान और लंबी दूरी तक सटीक प्रहार करने की क्षमता को दर्शाता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्रवाई का रणनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि भारतीय वायुसेना के आक्रामक और वायु रक्षा संसाधनों की पहुंच केवल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं है। इस ऑपरेशन ने विरोधी की उस सोच को भी चुनौती दी कि हवाई क्षेत्र में पर्याप्त दूरी बनाए रखकर वह भारतीय कार्रवाई से सुरक्षित रह सकता है। ऑपरेशन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई 2025 को एयर फोर्स स्टेशन आदमपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां तैनात एयर वॉरियर्स से मुलाकात की और ऑपरेशन में उनकी भूमिका की व्यक्तिगत रूप से सराहना की। प्रधानमंत्री ने अभियान के दौरान भारतीय वायुसेना के कर्मियों के साहस और दृढ़ संकल्प को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसके अलावा 15 अगस्त 2025 को भारतीय वायुसेना के कर्मियों को 219 प्रेसिडेंशियल गैलेंट्री अवॉर्ड प्रदान किए गए। ये सम्मान ऑपरेशन के दौरान प्रदर्शित साहस, दृढ़ता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए दिए गए। इतनी बड़ी संख्या में वीरता पुरस्कारों ने इस अभियान में भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को और स्पष्ट किया। एस-400 से 314 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को निशाना बनाकर की गई यह कार्रवाई भारतीय वायु रक्षा क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। इसने लंबी दूरी तक निगरानी, लक्ष्य की पहचान, ट्रैकिंग और सटीक प्रहार करने की भारत की क्षमता को रेखांकित किया है।

### ब्रिक्स अब केवल एक संगठन नहीं

# नई विश्व व्यवस्था का 'ट्रायल रन'



**डॉ. अनिता राठौर**

नई दिल्ली में जुटे ब्रिक्स के नेता सिर्फ एक संगठन की बैठक नहीं कर रहे, वे उस दुनिया का एक वैकल्पिक खाका खींचने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब एक ध्रुवीय नहीं रही। सवाल यह नहीं है कि ब्रिक्स अमेरिका को चुनौती देगा या नहीं; असली सवाल यह है कि क्या चीन, भारत, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और संगठन के दूसरे साझेदार अपने अलग–अलग हितों के बावजूद ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था बना पाएंगे, जिसमें सत्ता, व्यापार, पैसा और निर्णय लेने की ताकत पश्चिमी संस्थाओं के हाथ से निकलकर ग्लोबल साउथ के हाथों में आ जाए। जिस तरह 18वें ब्रिक्स सम्मेलन की शुरुआत के पहले ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने ब्रिक्स की ताकत को गिनाया है, उससे भले कोई तात्कालिक नतीजे न निकलें, लेकिन उसके संकेत तो साफ हैं।



इमेज

ब्रिक्स के 18वें शिखर सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत के एक दिन पहले 11 सितंबर 2026 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ब्रिक्स के बिजनेस फोरम में ग्लोबल ट्रेड की बात करते हुए कहा, 'पश्चिम अब कमजोर हो रहा है, फिर भी पता नहीं ये देश खुद को जी-7 क्यों कहते हैं? दुनिया की 40 फीसदी से ज्यादा जीडीपी ब्रिक्स देशों से आती है, जबकि जी-7 देशों की वैश्विक जीडीपी में हिस्सेदारी सिर्फ 29 फीसदी है।' इसी तरह जब प्रधानमंत्री मोदी ने इस फोरम को संबोधित किया, तो उन्होंने लगभग पुतिन ने जहां बात छोड़ी थी, उसके आगे की कही। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि आज 11 सदस्य देशों वाले ब्रिक्स में दुनिया की आधी आबादी रहती है। साथ ही अगर अर्थव्यवस्था की बात करें तो ब्रिक्स देशों के पास दुनियावी अर्थव्यवस्था की अकेले 39 फीसदी परचेजिंग पावर है, जो कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मुकाबले 3 गुना से भी ज्यादा है। इस तरह देखें तो चाहे रूसी राष्ट्रपति पुतिन हों या भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों के ही संबोधन में कहीं न कहीं नई विश्व व्यवस्था की झलक दिख रही थी। यही वजह है कि मौजूदा ब्रिक्स सम्मेलन महज कूटनीतिक कैलेंडर की एक बैठक भर नहीं है, सही मायनों में यह बदलती विश्व व्यवस्था की महत्वपूर्ण परीक्षा है। ब्रिक्स की शुरुआत ब्राजील, रूस, भारत, चीन के साथ हुई थी और फिर इसमें दक्षिण अफ्रीका भी आ जुटा, जिसके बाद यह ब्रिक से 'ब्रिक्स' बना। विस्तार ने इसे 11 सदस्यीय समूह में बदल दिया। आज इस वैश्विक संगठन में एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। इसका सबसे बड़ा अर्थ यह है कि ब्रिक्स अब उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आर्थिक संवाद मंच भर नहीं रहा। इसकी महत्वाकांक्षा, वैश्विक शासन की संरचना पर असर डालने की है और ऐसा हो भी क्यों न, विश्व बैंक, आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा जैसी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व और निर्णय प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से ग्लोबल साउथ की शिकायत है कि यह व्यवस्था मौजूदा समय की नहीं बल्कि 20वीं सदी की संरचना को प्रतिबिंबित करती है। वास्तव में ब्रिक्स इसी असंतुलन को चुनौती देने का सबसे बड़ा सामूहिक मंच बनने की कोशिश कर रहा है। ब्रिक्स की चर्चा में आमतौर पर सबसे ज्यादा ध्यान डॉलर पर केंद्रित होता है। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने, सीमा पार भुगतान की वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करने और पश्चिमी वित्तीय ढांचे पर निर्भरता कम करने की कोशिश में इस दिशा के संकेत हैं। लेकिन यहां सावधानी जरूरी है। क्योंकि ब्रिक्स की अपनी साझा मुद्रा बन जाना और डॉलर का तत्काल विकल्प तैयार हो जाना, फिलहाल दो अलग-अलग बातें हैं। डॉलर की ताकत केवल अमेरिकी मुद्रा होने से नहीं है बल्कि अमेरिकी वित्तीय बाजारों की गहराई, वैश्विक व्यापार में उसकी भूमिका और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में उसकी केंद्रीय स्थिति से आती है। इसलिए ब्रिक्स की वास्तविक उपलब्धि शायद डॉलर को हटाना नहीं बल्कि दुनिया को भुगतान और वित्त के अधिक विकल्प देना होगी। यही बदलाव धीरे-धीरे वैश्विक, आर्थिक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकता है। ब्रिक्स की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ी कमजोरी एक ही जगह दिखायी देती है और यह है चीन और भारत के रिश्ते। दरअसल चीन और भारत साझेदार भी हैं और प्रतिस्पर्धी भी। दोनो ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं और दोनों ही ग्लोबल साउथ की आवाज बनने का दावा करते हैं। साथ ही दोनों ब्रिक्स को मजबूत भी करना चाहते हैं, लेकिन दोनों के रणनीतिक हित हमेशा एक जैसे नहीं रह पाते। भारत और चीन का सीमा विवाद, हिंद प्रशांत में शक्ति संतुलन, व्यापार असंतुलन और एशिया में प्रभाव की प्रतिस्पर्धा ही वह स्थिति है, जो दोनो के संबंधों को जटिल बनाती है। हालांकि भारत कई बार अपनी तरह से इस जटिलता को कम करने की कोशिश करता है, लेकिन ज्यादातर मौकों में चीन विश्वसनीय साबित नहीं होता। अगर भारत और चीन के रिश्तों में यह विश्वसनीयता आ जाए तो ब्रिक्स हर मायने में जी-7 पर भारी पड़े। यदि भारत और चीन अपने मतभेदों के बावजूद कुछ साझा वैश्विक मुद्दों पर निरंतर सहयोग कर सकते हैं, जिसकी स्थितियां बन रही हैं, तो ब्रिक्स की विश्वसनीयता बढ़ेगी। यदि द्विपक्षीय तनाव पूरे मंच की राजनीति पर हावी हो जाए, तो निःसंदेह सामूहिक शक्ति सीमित हो जाती है। इसलिए नई दिल्ली में मोदी-जिनपिंग संवाद का महत्व सिर्फ भारत और चीन के आपसी रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसका असर ब्रिक्स की भविष्य की दिशा पर भी पड़ता है। ब्रिक्स के महत्वपूर्ण स्तंभ रूस पर लगातार पश्चिम की छाया बनी हुई है। दरअसल रूस के कारण ही यूरोप और अमेरिका ब्रिक्स को अपना प्रतिस्पर्धी संगठन मानते हैं और यह बात भी है कि ब्रिक्स में रूस की मौजूदगी के कारण इसकी ताकत भी पश्चिम पर भारी पड़ती है। क्योंकि अर्थव्यवस्था के मामले में रूस भले चीन और भारत के सामने कम हो, लेकिन सैन्य शक्ति और दुनिया पर अपने प्रभाव के मामले में रूस आज भी बड़ी ताकत है और कहीं न कहीं अमेरिका और यूरोप उससे टकराने में झिझकते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद हालांकि रूस कमजोर हुआ है, लेकिन यह उसकी मिलिट्री पावर ही है कि यूरोप तमाम उछल-कूद करने के बावजूद सीधे रूस से टकराने की हिम्मत नहीं कर पाता और यही हाल अमेरिका का भी है। ब्रिक्स में रूस की मौजूदगी जहां उसे ताकतवर बनाती है, रूस के कारण यूरोप और अमेरिका इसे अपना प्रतिस्पर्धी ही नहीं बल्कि विरोधी संगठन मानते हैं।



## श्रीरामचरितमानस

संत संभु श्रीपति अपबादा।
सुनिअ जहां तहं असि मरजादा॥
काटिअ तासु जीभ जो बसाई।
श्रवन मूदि न त चलिअ पराई॥

**भावार्थ** : जहां संत, शिवजी और लक्ष्मीपति श्री विष्णु भगवान की निंदा सुनी जाए, वहां ऐसी मर्यादा है कि यदि अपना वश चले तो उस (निंदा करने वाले) की जीभ काट लें और नहीं तो कान मूंदकर वहां से भाग जाएं॥

### पर्यटन

# न्यूजीलैंड में प्रकृति का हिस्सा होने का अहसास

**समीर चौधरी**



अगर आप न्यूजीलैंड में हैं तो इस समय इस लेख को पढ़ने की बजाय आप कयाकिंग कर रहे होते या स्विमिंग या राफ्टिंग या सर्फिंग या बोटिंग या स्कूबा डाइविंग या माउंटेन बाइकिंग या रनिंग या .... ओह! न्यूजीलैंड ने मेरी आलसी आत्मा को आईना दिखा दिया और छवि ज्यादा अच्छी नहीं थी। मैं हमेशा से यह मानता था कि छुट्टी का अर्थ है देर से सो कर उठाना और पूरा दिन आलस भरे आराम में गुजारना, और शाम को डिनर के लिए निकल जाना। लेकिन कीवियों के लिए इसका अर्थ है सवेरे जल्दी उठना और अपने मनपसंद स्पोर्ट्स में शामिल हो जाना। हर घर, जो मैंने देखा, में कैंपर वैन थी, और दिन के किसी भी समय लोगों का स्पीड बोट के साथ बीच की तरफ जाना सामान्य बात है। लोगों से मेरा आशय पुरुष, महिला, बच्चे और दादा-दादी व नाना-नानी है- आयु की कोई सीमा नहीं! उत्तरी द्वीपों की टोपो वाटरफ्रंट झील पर मैं तो किनारे पर पैर लटकाए बैठा था कि मेरी पर्यटक आत्मा को पानी बस स्पर्श कर जाए, लेकिन मेरे पास का कीवी परिवार केवल स्पर्श से संतुष्ट नहीं था। इस परिवार का सिर्फ पांच वर्ष का एक बच्चा ही पानी में नहीं था; क्योंकि वह अपनी लाइफ जैकेट नहीं तलाश पा रहा था। अन्य तीन बच्चे, जिनकी आयु 12 वर्ष से अधिक न थी, स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग व कयाकिंग कर रहे थे। रोटोरुआ में भी एक दस वर्षीय बच्चे ने मुझे प्रवेश-स्तर लउगे कार राइड में पराजित कर दिया। लउगे एक छोटी चपटी नाव-नुमा कार होती है जिसमें न्यूनतम कंट्रोल्स होते हैं और इसे पहाड़ पर बने ट्रैक से नीचे ड्राइव करना होता है। पहाड़ के ऊपर आप केबल कार या गोंडोला से भी पहुंच सकते हैं। मैंने दोनों ऊपर जाने व नीचे आने के लिए गोंडोला का ही प्रयोग किया। अधिकतर कीवी अपनी बाइक्स से ही नीचे आ गए, जिनमें वह दस साल का बच्चा भी शामिल था। न्यूजीलैंड में मुझे एहसास हुआ कि प्रकृति के दूर से दर्शन नहीं करने चाहिए बल्कि दिल खोलकर उसका हिस्सा बन जाना चाहिए। नतीजतन मैंने भी कुछ आउटडोर करने की ठानी, अपने डर पर काबू पाया और कुईंसटाउन की वकाटिपू झील पर एक घंटे की जेट बोटिंग के लिए चला गया। मौसम शानदार था और पानी गहरा नीला। (बाद में मुझे मालूम हुआ कि पानी 99.99 प्रतिशत शुद्ध था और उसे सीधे झील से पिया जा सकता था)।

# दशलक्षण पर्व : आत्मकल्याण का पावन मार्ग



जैन धर्म में दशलक्षण पर्व आत्मशुद्धि, संयम, तप और आत्मजागृति का अत्यंत पवित्र पर्व है। यह पर्व हमें बाहरी आडंबरों से ऊपर उठकर अपनी आत्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचानने तथा जीवन में सद्गुणों को धारण करने की प्रेरणा देता है। यह वर्ष में तीन बार माघ मास, चैत्र मास और भाद्रपद शुक्ल पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक मनाया जाने वाला यह महापर्व आत्मकल्याण और मोक्षमार्ग की साधना का महत्वपूर्ण अवसर है। चातुर्मास एवं वर्षाकाल के कारण भाद्रपद मास में विशेष रूप से मनाया जाता है।



दशलक्षण पर्व के दस धर्म -

उत्तम क्षमाः क्रोध का त्याग कर समता और मैत्रीभाव अपनाने की प्रेरणा देती है।

उत्तम मार्दवः अहंकार से मुक्ति और विनम्रता का संदेश देता है।

उत्तम आर्जवः कपट छोड़कर सरल एवं निष्कपट जीवन जीना सिखाता है।

उत्तम शौचः लोभ का त्याग और संतोषपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाता है।

उत्तम सत्यः मन, वचन और कर्म में एकरूपता स्थापित करता है।

उत्तम संयमः इन्द्रियों तथा मन पर नियंत्रण।

उत्तम तपः आत्मबल और कर्मनिर्जरा,

उत्तम त्यागः आसक्ति एवं स्वार्थ से मुक्ति।

उत्तम आकिंचन्यः ह्यकुछ भी मेरा नहींह्न की भावना तथा उत्तम ब्रह्मचर्यः इन्द्रिय संयम और आत्मपवित्रता का संदेश देता है।

दशलक्षण पर्व केवल पूजा, व्रत और उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर झाँकने, दोषों को पहचानने और उन्हें दूर करने का अवसर है। प्रतिक्रमण, सामायिक, स्वाध्याय, ध्यान तथा तप के माध्यम से आत्मा को निर्मल बनाने का प्रयास किया जाता है।

इस पर्व की पूर्णता क्षमावाणी में होती है, जब हम समस्त जीवों से मन, वचन और कर्म से हुई जाने-अनजाने भूलों के लिए क्षमा माँगते हैं तथा सभी के प्रति क्षमा और मैत्रीभाव धारण करते हैं।

मोक्षमार्ग पर आगे बढ़ने के लिए सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान और सम्यक् चरित्र–रत्नत्रय को जीवन में अपनाना आवश्यक है। यही दशलक्षण पर्व का वास्तविक संदेश है कि आत्मा के गुणों को जागृत कर हम अपने जीवन को पवित्र, सरल और सार्थक बनाएँ।

दशलक्षण पर्व हमें स्मरण कराता है कि सच्चा धर्म बाहरी प्रदर्शन में नहीं, बल्कि आत्मा के परिष्कार और आचरण की निर्मलता में निहित है।

**- डॉ० पवन कुमार जैन**

### हिंदी दिवस

# कहां है हिंदी साहित्य का पाठक?

**लोकमित्र गौतम**

एक जमाना था, जब किताब पढ़ना एकांत का आनंद माना जाता था। पाठक किताब खोलता था, दुनिया से कुछ घंटों के लिए कट जाता था और लेखक की बनाई गई काल्पनिक दुनिया में डूबता–उतराता रहता था। लेकिन आज ऐसे गिने–चुने पाठक ही बचे हैं। आज हिंदी का ज्यादातर पाठक चाहे वह साहित्य का हो, चाहे कथेतर विषयों का। आज ज्यादातर पाठक मोबाइल स्क्रीन पर हैं, कभी ये ई–बुक पढ़ते हैं, कभी किसी कहानियों का ऑडियो सुनते हैं, कभी किसी कविता की कुछ पंक्तियां सोशल मीडिया पर पढ़कर आगे बढ़ जाते हैं। ऐसे में सवाल ये नहीं हैं कि लोग पढ़ते हैं या नहीं।



इमेज

असली सवाल ये है कि हिंदी या दूसरी भारतीय भाषाओं को पढ़ने वाले पाठक पहले तो क्या पढ़ते हैं और फिर दूसरी बात किस माध्यम से और कितनी देर तक पढ़ते हैं? वास्तव में हिंदी साहित्य के सामने असली चुनौती पाठक की नहीं है, पाठक के ध्यान यानी कंसंट्रेशन की है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) तथा वैश्विक मार्केट रिसर्च कंपनी कांटर की 2024 की एक 'इंटरनेट इन इंडिया रिपोर्ट' के मुताबिक भारत में इंटरनेट के सक्रिय उपयोगकर्ता करीब 89 करोड़ थे, जिसमें 48.8 करोड़ यानी लगभग 55 प्रतिशत ग्रामीण भारत में थे। इसी रिपोर्ट के मुताबिक 58 फीसदी इंटरनेट के उपयोगकर्ता किसी न किसी रूप में भारतीय भाषाओं की सामग्री का इस्तेमाल कर रहे थे। जबकि शहरी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं में 57 फीसदी क्षेत्रीय भाषाओं में सामग्री को प्राथमिकता दे रहे थे। कहने का मतलब यह कि डिजिटल क्रांति अंग्रेजी से ज्यादा भारतीय भाषाओं के लिए बड़ा मौका लेकर आयी है। अगर हमारे लेखक इस बात को समझ लें कि पाठक कम नहीं हुए बल्कि बढ़े हैं, कोशिश सिर्फ उनके मिजाज को पकड़ने की करनी है, तो हिंदी साहित्य में पाठक की समस्या का कभी रोना ही न रहे। वास्तव में किताब खत्म नहीं हुई, न साहित्य के प्रति लोगों में रुचि कम हुई है। असली बात ये है कि पढ़ने का तरीका और किताब का रूप बदल गया है। आज किताबों से ज्यादा लोग डिजिटल माध्यम में पढ़ते हैं। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि डिजिटल माध्यम किताबों को खारिज कर देंगे। 2025 में दिल्ली में 15 से 25 वर्ष के 1700 युवाओं के बीच सेंटर ऑफ पॉलिसी रिसर्च एंड गवर्नेंस ने एक सर्वे किया और इस सर्वे में पाया कि 46 फीसदी से ज्यादा युवा सप्ताह में कम से कम एक बार कोई गैर पाठ्यक्रम वाली किताब पढ़ते हैं। दिलचस्प बात यह है कि 45 फीसदी के लिए प्रिंट किताब अभी भी प्रमुख माध्यम थी। जबकि केवल 13 प्रतिशत ही किताब के रूप में ई-बुक पढ़ रहे थे। मतलब साफ है कि हिंदी के साहित्यिक पाठक जब गंभीर रूप से साहित्य पढ़ते हैं, तो वह किताबों को प्राथमिकता देते हैं। मोबाइल या दूसरे स्क्रीन पर वह किताबें कम, छुटपुट लेख के रूप में प्रस्तुत की जाने वाली सामग्री ज्यादा पढ़ते हैं। इसलिए यह कहना बिल्कुल गलत है कि मोबाइल ने किताबों को उनकी जगह से उखाड़ दिया है। वास्तव में मोबाइल ने पढ़ने के विकल्प बढ़ा दिए हैं। आज कोई एक ही व्यक्ति सुबह अखबार का प्रिंट संस्करण पढ़ सकता है, दोपहर में मोबाइल के जरिये हेडलाइन देख सकता है, शाम को स्क्रीन में ही किसी लेखक के इंटरव्यू से गुजर सकता है और रात को सोने से पहले कोई ऑडियो बुक सुन सकता है। मतलब यह कि पाठक न तो कम हुए हैं न खत्म हुए हैं। उनके पढ़ने के माध्यम में विस्तार हो गया है और पढ़ने की सामग्री विविध हो गई है। सबसे बड़ी बात यह हो गई है कि पढ़ने के मामले में उसका व्यवहार अब खंडित हो गया है। लब्बोलुआब यह है कि आज पाठक के मामले में सारी लड़ाई उसके ध्यान यानी कंसंटेशन पर आकर टिक गई है। यही आज साहित्य और साहित्यकारों की सबसे बड़ी चुनौती है। किताब पाठक से लगातार समय मांगती है, मसलन उपन्यास के लिए कई घंटे चाहिए। कविता के लिए ठहराव चाहिए। जबकि मोबाइल लगातार कुछ नया दिखाता रहता है और इसका उपयोगकर्ता अब इतना अधीर हो गया है कि वह लगातार बीच-बीच में कुछ गंभीर पढ़ते हुए भी इधर से उधर की यात्रा करता रहता है। लेकिन अगर इस सबके बीच हम यह देखें कि क्या डिजिटल दुनिया ने हिंदी या भारतीय भाषाओं के अवसर कम किये हैं? तो साफ समझ में आयेगा कि डिजिटल दुनिया ने न सिर्फ हिंदी बल्कि सभी भारतीय भाषाओं के लिए अवसर कम नहीं किए बल्कि बहुत ज्यादा बढ़ा दिये हैं। वाकई तस्वीर का यह दूसरा पहलू बेहद उत्साहजनक है। आज हिंदी साहित्य या किसी भी भारतीय भाषा के साहित्य के लिए उसके नियमित पाठकों के अलावा भी पाठकों का एक अलग से वर्ग तैयार हुआ है।

### वायरल

# कद्दू का मुकुट, लौकी की सूंड, एआई के क्यूटेस्ट गणपति

एआई से जनरेट वीडियो अब इतने असली दिखने लगे हैं कि आंखों से देखकर भी यकीन करना मुश्किल हो जाता है। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नन्हे गजानन का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। पहली नजर में वीडियो इतना असली लगता है कि देखकर आप भी कुछ सेकंड के लिए सोच में पड़ जाएंगे। लेकिन यह वीडियो असली नहीं, बल्कि एआई की मदद से तैयार किया गया है।



वायरल क्लिप में एक छोटे बच्चे को भगवान गणेश के रूप में दिखाया गया है। बच्चा पीले रंग के कपड़ों में नजर आता है। उसके सिर पर नारंगी रंग का बड़ा-सा कद्दू दिखाई देता है, जिसे मुकुट जैसा रूप दिया गया है। चेहरे पर तिलक और मासूम एक्सप्रेशन बच्चे के लुक को और प्यारा बना देते हैं। पहली नजर में ऐसा लगता है जैसे किसी ने घर में मौजूद सामान से बच्चे का गणेश कॉस्ट्यूम तैयार किया हो। कद्दू का मुकुट, लौकी की सूंड और बच्चे के मासूम एक्सप्रेशन देखकर आप भी कुछ पल के लिए कन्फ्यूज हो जाएंगे। यही वीडियो की सबसे मजेदार चीज 'देसी जुगाड़' वाली डिटेलिंग है। बच्चे के चेहरे पर लंबी लौकी जैसी सूंड दिखाई गई है। वहीं दोनों तरफ बड़े-बड़े कान भी नजर आते हैं, जिन्हें सब्जियों के पत्तों से तैयार किया हुआ दिखाया गया है। पूरा सेटअप इतना अनोखा है कि देखने वाले को एक बार जरूर लगेगा कि आखिर किसी ने इतना क्रिएटिव आइडिया कैसे सोच लिया। हालांकि, इस वीडियो को लेकर सबसे जरूरी जानकारी यह है कि यह एआई वीडियो है। इसमें दिख रहा बच्चा, उसका गणेश रूप और पूरा देसी जुगाड़ वाला सेटअप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया गया है।

## X का एक्सरे

दुनिया हमसे सिर्फ वादे नहीं परिणाम चाहती है। सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी ने सम्मेलन को सार्थक बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मेलन के दौरान सामने आए महत्वपूर्ण विचारों और सुझावों ने ब्रिक्स के बीच सहयोग को व्यापकता और गहराई, दोनों प्रदान की हैं।



नरेंद्र मोदी

नियमों के बिना दुनिया ऐसी चौराहे जैसी है, जहां ट्रैफिक लाइट न होने से अराजकता और अव्यवस्था पैदा होना तय है। निष्पक्षता और न्याय पूरी दुनिया की साझा आकांक्षा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और नियम सभी देशों पर समान रूप से लागू होने चाहिए और उनमें दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए।



शी जिनपिंग

चीन के साथ संबंधों में सामान्य स्थिति की ओर बढ़ना अलग विषय है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े सवालों पर सरकार को देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए। वित्त वर्ष 2025–26 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 112.6 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।



जयराम रमेश

मैंने इस समय इस बारे में बिल्कुल नहीं सोचा है। मेरे वापस लौटने के करीब एक सप्ताह बाद एशियाई खेल शुरू होने वाले हैं और सफेद गेंद के लिहाज से इस समय मेरा मुख्य ध्यान उसी पर है। इसके बाद जब टेस्ट टीम को लेकर आगे चर्चा होगी, तब मुझे लगता है कि इस बारे में बात होगी।



माइक हेसन

# एस.एस.पी नैनीताल के कुशल नेतृत्व में रामनगर पुलिस टीम की नशा तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

## 7.553 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद, 02 महिला समेत 05 तस्कर गिरफ्तार, गांजे की पुड़िया बनाकर बेचने की तैयारी करते हुए महिला सहित तस्कर पकड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामनगर।** जनपद नैनीताल में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध नैनीताल पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मनोज कुमार कत्याल, पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी एवं अमित कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी रामनगर* के पर्यवेक्षण तथा सुशील कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रामनगर* के नेतृत्व में नशे की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया।

गठित टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार संदिग्ध व्यक्तियों एवं स्थानों पर निगरानी रखते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी दौरान मुखबिर से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुल्लरघट्टी क्षेत्र में संदिग्ध स्थानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी एवं चेकिंग अभियान चलाया।


दो महिला समेत पांच तस्कर गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

दिनांक 14 सितंबर 2026 को गुल्लरघट्टी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं स्थानों की चेकिंग/छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान निम्न अभियुक्तों के कब्जे से अवैध गांजा बरामद किया गया।

अभियुक्त कामेश त्यागी के घर की तलाशी लेने पर उसके कमरे से 800 ग्राम अवैध गांजा, इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं गांजे की पुड़िया बनाने में प्रयुक्त पन्नियां बरामद हुईं। कामेश त्यागी को गांजे की पुड़िया बनाते हुए मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त विजय सागर के कमरे की तलाशी लेने पर उसके कमरे से 465 ग्राम गांजा बरामद किया गया। भरत उर्फ बब्लू के घर की तलाशी में उसके कमरे से 975 ग्राम गांजा एवं पन्नियां बरामद हुईं। आजिम के घर पर दबिश दी गई, जहां उसकी पत्नी नाजिया गांजे की पुड़िया बनाते हुए मिली। उसके कब्जे से कुल 3.798 किलोग्राम अवैध गांजा एवं पन्नियां बरामद की गईं। गमा के कब्जे से 1.405 किलोग्राम गांजा एवं पुड़िया बनाने में प्रयुक्त पन्नियां बरामद की गईं।

पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के दौरान 02 महिला एवं 03 पुरुष सहित कुल 05 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इस प्रकार पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगणों के कब्जे से संयुक्त रूप से कुल 7.553 किलोग्राम अवैध गांजा, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू एवं गांजे की बिक्री के लिए प्रयोग होने वाली पन्नियां बरामद की गईं। बरामदगी के आधार पर कोतवाली रामनगर में fir no 289/26, 290/26, 291/26 U/S 8/20 ndps act के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण :**

1. कामेश त्यागी पुत्र नन्हे सिंह, निवासी गुलरघट्टी नई बस्ती, थाना रामनगर, नैनीताल, उम्र 29 वर्ष।
2. भरत उर्फ बब्लू पुत्र भगवान दास, निवासी गुलरघट्टी नई बस्ती, थाना रामनगर, नैनीताल, उम्र 52 वर्ष।
3. विजय सागर पुत्र भगवान दास, निवासी गुलरघट्टी नई बस्ती, थाना रामनगर, नैनीताल, उम्र 46 वर्ष।
4. नाजिया पत्नी अजीम, निवासी गुलरघट्टी नई बस्ती, थाना रामनगर, नैनीताल, उम्र 23 वर्ष।
5. नगमा पत्नी मोहसीन, निवासी गुलरघट्टी नई बस्ती, थाना रामनगर, नैनीताल, उम्र 28 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास :** अभियुक्त कामेश त्यागी के विरुद्ध कोतवाली रामनगर में पूर्व से एनडीपीएस एक्ट के 02 अभियोग पंजीकृत हैं।

# स्वच्छता और सेवा ही असली राष्ट्रसेवा: अजय मौर्या

## सेवा पखवाड़े के तहत श्रमदान, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** जनपद में चल रहे 'सेवा पखवाड़ा' के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या की अध्यक्षता में जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखने का संकल्प दिलाया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर उतारने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के सपने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए क्षेत्र को स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने स्वच्छता और सेवा को ही सच्ची राष्ट्रसेवा बताया। कार्यक्रम में क्रय-विक्रय समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, गुरप्रीत सिंह खिंडा, उपप्रधान कुलदीप सिंह, प्रमोद मौर्य, सतीश मौर्य, शोभनाथ मौर्य, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह चुफाल, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुलविंदर कौर, पूर्व प्रधान चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ।


जिपंअ अजय मौर्या की अध्यक्षता में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत जागरूकता एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित। -जागरण मोर्चा

# लोकतंत्र दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर की सचिव ममता पंत के निर्देश पर लोकतंत्र दिवस के अवसर पर हरिकिशन भगत सिंह इंटर कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को लोकतंत्र, संविधान तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में पीएलवी विमल कुमार ने लोकतंत्र एवं भारतीय संविधान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था में संविधान की भूमिका के बारे में बताया। मीरा देवी ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक नुकसान की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। लाल सिंह ने माइकल एक्ट तथा मोबाइल फोन के उचित एवं सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उदय सिंह ने स्थायी लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मामलों का आपसी सहमति से सरल एवं शीघ्र निस्तारण कराया जा सकता है। उन्होंने विधिक सहायता प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी दी। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं लोगों ने विधिक जानकारी प्राप्त की और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

# श्री गणेश महोत्सव में सिंगर आलोक श्रीवास्तव ने मचाया धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली ग्राउंड मंगल पड़ाव में आयोजित श्री गणेश महोत्सव (समृद्धि उत्सव) में प्रातः कालीन पूजा अर्चना मुख्य पुरोहित विजय जोशी द्वारा पूरे विधि विधान से संपन्न की गई जिसमें मुख्य यजमान कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू सपत्नी रहे पूजा अर्चना में देवभूमि सामाजिक मंच के संरक्षक विजय गुप्ता मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल आदि अनेक लोग उपस्थित रहे सायं काल सांस्कृतिक कार्यक्रम में सिंगर आलोक श्रीवास्तव रुद्रपुर में अपने भजनों की धूम मचा दी मुख्य अतिथि उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद के अध्यक्ष (दर्जा राज्य मंत्री) हुकम सिंह कुंवर रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम में अध्यक्ष मिंटू गुप्ता महामंत्री अजय कृष्ण गोयल सह संस्थापक राजकुमार केसरवानी संरक्षक पवन गुप्ता डब्बू मुख्य कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय कार्यकारी अध्यक्ष मंगल सिंह जीना वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वार्ष्णेय मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल कमल राजपाल व्यवस्थापक संदीप वार्ष्णेय रेनू केसरवानी अनीता आनंद ममता देवी मंजू वार्ष्णेय आदि अनेक लोग उपस्थित रहे


श्री गणेश महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम करते हुए बच्चे। -जागरण मोर्चा

# खेल महाकुंभ में सरस्वती एकेडमी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खेल महाकुंभ की न्याय पंचायत स्तर की प्रतियोगिताओं में सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न खेल एवं एथलेटिक्स स्पर्धाओं में विद्यालय के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कुल 16 पदक अपने नाम किए। कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि खो-खो प्रतियोगिता में टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। इसके अलावा एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाओं, जिसमें दौड़, थ्रो और जंपिंग शामिल हैं, में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत एवं कांस्य पदक हासिल किए। विद्यालय के खिलाड़ियों ने कुल 14 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल एवं प्रधानाचार्य रामयश ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गौरव का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।


मेडल और प्रशस्ति पत्र के साथ विजयी प्रतिभागी एवं विद्यालय परिवार। -जागरण मोर्चा

**नमन** कांग्रेस के समर्पित सिपाही थे स्व. गुलाब सिंह, उनके आदर्श आज भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत : सुमित हृदयेश, विधायक हल्द्वानी

# जनसेवा, सादगी और संघर्ष की मिसाल थे स्व. गुलाब सिंह, 100वीं जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया भावपूर्ण स्मरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. गुलाब सिंह की 100वीं जन्म जयंती के अवसर पर स्वराज आश्रम, हल्द्वानी में जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने स्व. गुलाब सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा उनके सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन को स्मरण किया। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि स्व. गुलाब सिंह कांग्रेस के समर्पित सिपाही और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नेता थे। उनका पूरा जीवन जनसेवा और सार्वजनिक जीवन के उच्च आदर्शों को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि राजनीति में पद महत्वपूर्ण नहीं होता, बल्कि समाज और जनता के प्रति जिम्मेदारी महत्वपूर्ण होती है और स्व. गुलाब सिंह ने अपने जीवन में इस भावना को चरितार्थ किया। उन्होंने कहा कि स्व. गुलाब सिंह की सादगी, सहजता, संघर्षशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को हमेशा याद किया जाएगा। उनकी 100वीं जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके प्रति सम्मान के साथ-साथ उनके आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है।


स्वर्गीय गुलाब सिंह की 100वी जयंती पर कांग्रेस जनों ने किया भावपूर्ण स्मरण।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट ने कहा कि स्व. गुलाब सिंह का व्यक्तित्व सादगी, संघर्ष और सेवा की भावना से परिपूर्ण था। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जिस निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया, वह कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि स्व. गुलाब सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं ने अपने संघर्ष और समर्पण से कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी 100वीं जयंती पर उन्हें याद करना उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कांग्रेस कार्यकर्ता उनके बताए आदर्शों पर चलकर जनहित के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि स्व. गुलाब सिंह कांग्रेस की विचारधारा और संगठन के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेताओं का जीवन नई पीढ़ी के कार्यकर्ताओं को यह सीख देता है कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और जनता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्व. गुलाब सिंह का जीवन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। कांग्रेसजन उनके आदर्शों को आत्मसात कर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने स्व. गुलाब सिंह के आदर्शों और मूल्यों को अपने सार्वजनिक जीवन में अपनाने तथा जनहित, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विधायक विधायक सुमित हृदयेश, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद सिंह बिष्ट, हरिश मेहता, हेमंत बगड़वाल, सतीश नैनवाल, भोला दत्त भट्ट, दयाल तिवारी, डॉ. केदार पलड़िया, डॉ. मयंक भट्ट, नीमा भट्ट, रेनू तोमर, गीता बहुगुणा, जगमोहन चीलवाल, गिरीश तिवारी, महेशानन्द, भुवन तिवारी, खींमानद पांडे, राजेंद्र उपाध्याय, गिरीश पांडे, सतनाम सिंह, गोविंद बगड़वाल, मुकुल बलुटिया, गुरप्रीत सिंह, हर्षित भट्ट, हिमांशु जोशी, राजू सुयाल, कौशलेंद्र भट्ट, जाकिर हुसैन, संजय साह, मोहम्मद नबी, एडवोकेट मनोज बिष्ट, ज्ञान सिंह थापा, देवेंद्र बिष्ट, मोहम्मद इमरान, राजू बिष्ट, शंकर कोहली, बब्लू बिष्ट, संदीप भैसोड़ा, गणेश टम्टा, संदीप पांडे, मनोज भट्ट, अमित रावत, दिवेश तिवारी, मन्नू गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## संक्षेप समाचार

### 2 साल से फरार चल रहे लूट के वांछित अभियुक्त को हल्द्वानी पुलिस ने दबोचा


लूट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. के निर्देशन में जनपद में वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में नैनीताल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। चौकी हीरानगर पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से जारी गैर-जमानती वारंट (NBW) की तामील करते हुए लूट के मुकदमे में विगत करीब 2 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अजय कुमार पुत्र कुन्दन राम, निवासी वार्ड नं. 01, डाक बंगला बन्दोबस्ती, कालाढूंगी, जनपद नैनीताल, उम्र करीब 25 वर्ष, के विरुद्ध फौजदारी वाद संख्या 851/2022, धारा 392/411 भादवि के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था तथा माननीय न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट की तामील हेतु पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के संभावित पते पर दबिश दी गई, जिसके फलस्वरूप उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

### चकरपुर में 18 सितंबर को लगेगा बहुउद्देशीय शिविर

**खटीमा।** ग्रामीणों की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण और पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 18 सितंबर को वन राजि बस्ती, चकरपुर में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन होगा। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बताया कि जनपद में समय-समय पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाता है। इसी क्रम में प्रथम चरण में चकरपुर की वन राजि बस्ती में शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। शिरडी वाले क्षेत्र की जनता से शिविर में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

### मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर मैराथन आज, युवाओं को दिया जाएगा नशामुक्ति का संदेश



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन को लेकर पत्रकार वार्ता करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर खटीमा में मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। यह जानकारी मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रेस वार्ता के माध्यम से दी गई। वार्ता में आयोजकों ने कार्यक्रम की तैयारियों एवं उसके उद्देश्य से अवगत कराया गया। मैराथन के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने तथा मोबाइल के सीमित उपयोग का संदेश दिया जाएगा। वार्ता के दौरान यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आह्वान पर प्रदेश को ड्रग्स मुक्त बनाने तथा युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को स्वास्थ्य, खेल व नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से बचने और शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान मैराथन में प्रतिभाग करने वाले युवाओं के लिए तैयार की गई टी-शर्ट, मेडल, शपथ पत्र एवं प्रशस्ति पत्र का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नन्दन सिंह खड़ायत, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सतीश भट्ट, जिला महामंत्री रमेश जोशी, प्रदेश संयोजक वरुण अग्रवाल, देवभूमि व्यापार मंडल अध्यक्ष रवीश भटनागर, जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पांडे, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गड़कोटी आदि मौजूद रहे। आयोजकों ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में मैराथन में प्रतिभाग कर नशामुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की।

### केआईटीएम कॉलेज में राष्ट्रीय कवि कुंभ में गूंजा हिंदी का स्वर

**खटीमा।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर बिगराबाग स्थित केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में राष्ट्रीय कवि कुंभ चतुर्थ- 2026 का भव्य आयोजन किया गया। उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्थान, खटीमा के सहसंयोजन में आयोजित कवि सम्मेलन में देशभर से पहुंचे साहित्यकारों और स्थानीय कवियों ने कविता, गीत एवं गजलों के माध्यम से हिंदी भाषा की महत्ता, देशप्रेम, सामाजिक सरोकार और मानवीय संवेदनाओं को स्वर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश चंद्र पाण्डेय, संस्थान के प्रबंध निदेशक कमल सिंह बिष्ट तथा उत्तराखंड बाल कल्याण साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप पाण्डेय 'नंद' ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। संस्थान के छात्रों एवं शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत किया। खटीमा की कवयित्री मनीषा कल्पासी ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कवि सम्मेलन में पीलीभीत के कवि सत्यपाल सिंह 'सजग' ने हिंदी की महत्ता पर रचना प्रस्तुत की। खटीमा के राम रतन यादव 'रतन' ने मुक्तक और शांति देवी 'शांति' ने गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। पंतनगर के डॉ. उमाशंकर 'साहिल' तथा बरेली के हिमांशु श्रेत्रिय 'निष्पक्ष' ने गजल के माध्यम से खूब वाहवाही लूटी। बरेली के डॉ. महेश 'मधुकर' ने अपनी कविता के माध्यम से हिंदी के स्वाभिमान और साहित्यिक विरासत को स्वर दिया। हल्द्वानी की डॉ. गीता मिश्रा 'गीत' ने हिंदी-उर्दू के पारस्परिक रिश्ते को रचना के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ. महेंद्र प्रताप पाण्डेय 'नंद' ने भी हिंदी की महत्ता पर अपनी रचना सुनाई। हल्द्वानी की ललिता कापड़ी ने बदलते दौर में हिंदी को पहचान बताते हुए कविता प्रस्तुत की। खटीमा की हेमा जोशी 'परू' ने प्रेम और संवेदनाओं से ओतप्रोत रचना सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। हल्द्वानी से डॉ. शशि जोशी 'शशि' ने हिंदी दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए हिंदी को भारत माता के मस्तक की शोभा बताया। इसके अलावा कमल बंसल, दीपक यादव सहित अन्य कवियों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान सभागार हिंदी कविता, गीत और गजलों से सराबोर रहा। राष्ट्रीय कवि कुंभ के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और नई पीढ़ी में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राम पांडे, प्लस लर्निंग के प्रबंधक राजू जोशी, पत्रकार मुस्तकिम मलिक, इस्तियाक अंसारी, सूरज गुसाईं, उत्तम कुमार, अरविंद कुमार, सपन राय सहित कॉलेज का स्टाफ एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जीवन को कल्याण के मार्ग पर ले जाती शिवभक्ति:अविचल महाराज

## शिव महापुराण कथा में गूंजा शिवलिंग प्राकट्य का दिव्य प्रसंग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** आगरा से लाई गई भगवान गणेश की विशाल मूर्ति स्थापित होते ही नगर के श्रीराम जानकी सत्संग भवन में गणेश महोत्सव प्रारंभ हो गया,जो आगामी 23 सितंबर तक जारी रहेगा।यहां प्रतिदिन श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन भी किया गया है। मंगलवार को हरदोई से पधारे कथाव्यास परम श्रद्धेय आचार्य अविचल जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को शिवलिंग प्राकट्य की दिव्य कथा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को बताया कि भगवान शिव अनादि अनंत और स्वयंभू हैं। शिवलिंग भगवान शिव के निराकार एवं अनंत स्वरूप का प्रतीक है।जब मनुष्य अहंकार से ऊपर उठकर श्रद्धा,समर्पण और भक्ति के भाव से भगवान का स्मरण करता है,तब उसके जीवन में शिवत्व का प्राकट्य होने लगता है।शिवलिंग प्राकट्य की कथा के माध्यम से उन्होंने भगवान शिव की असीम सत्ता,महिमा और करुणा का सुंदर आध्यात्मिक विवेचन किया। कथा के दौरान भगवान शिव के जयकारों से श्री राम जानकी सत्संग भवन का वातावरण भक्तिमय हो उठा। गणेश महोत्सव में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान शिव की आराधना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा व्यास आचार्य अविचल जी महाराज ने श्रद्धालुओं से भगवान शिव के प्रति अटूट श्रद्धा रखने तथा अपने जीवन में सत्य,संयम, सेवा और सदाचार को अपनाने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि शिव की भक्ति केवल पूजा-पद्धति नहीं,बल्कि जीवन को कल्याण के मार्ग पर ले जाने वाली साधना है। इस बीच 'हर-हर महादेव' के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। इस मौके पर गणेश चौथ महोत्सव कमेटी के राजीव मिश्रा, नवनीत मिश्रा, निखिल अग्रवाल हर्षित गुप्ता, रजनीश कुमार, मुकेश शर्मा, रवि शर्मा, रवि पंडित, कमलेश शुक्ला, प्रमोद मिश्रा, वैभव सक्सेना, सुधीर सक्सेना, मोहित जायसवाल, गौरव, सौरभ गुप्ता, अधिवक्ता आशीष सक्सेना, अजय जायसवाल, बंटू जायसवाल मौजूद रहे।



बिलसंडा में मूर्ति स्थापना के बाद भगवान गणपति की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु।

# चुनावों से पहले हर वर्ग को खुश करने की कोशिश, किसानों को मिलेगा सस्ता लोन; अग्निवीरों को आरक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** योगी कैबिनेट की अहम बैठक मंगलवार को हुई। इस बैठक में कई अहम फैसले हुए। इस बैठक में 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में विकास और जनकल्याण से जुड़े 23 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। फैसलों में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे, परिषदीय विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल बनाने, खिलौना उद्योग को बढ़ावा देने, किसानों को सस्ती दर पर ऋृण और पूर्व अग्निवीरों को सरकारी भर्ती में आरक्षण देने जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल हैं। बैठक में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, रोजगार, कृषि, स्वास्थ्य और औद्योगिक विकास को लेकर भी निर्णय लिए गए। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने प्रेसवार्ता में स्वीकृत प्रस्तावों की जानकारी दी।

**चुनावों के पहले योगी सरकार का तोहफा**



- किसानों को कम दरों में मिलेगा लोन
- पूर्व अग्निवीरों के लिए सरकारी भर्ती में आरक्षण
- पीआरडी जवानों और आश्रितों को कैशलेस इलाज

कैबिनेट में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को विकसित करने के लिए संशोधित परियोजना प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। 15.172 किलोमीटर लंबे प्रवेश नियंत्रित छह लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण ईपीसी मोड पर कराया जाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 1,008.67 करोड़ रुपये है, जिसका पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। निर्माणकर्ता के चयन के लिए ग्लोबल बिड आमंत्रित की जाएगी। इससे बुंदेलखंड से चित्रकूट धाम तक आवागमन सुगम होने और पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है।

बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रण वाले परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इससे सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम होगा।

मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसानों को रियायती ब्याज दर पर दीर्घकालिक ऋृण उपलब्ध कराने का फैसला किया गया। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड के माध्यम से किसानों को छह लाख रुपये तक का ऋृण छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर लंबी अवधि के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इससे किसानों को कृषि और ग्रामीण जरूरतों के लिए सस्ती दर पर वित्तीय सहायता मिल सकेगी। कैबिनेट ने पूर्व अग्निवीरों को समायोजित करने के लिए प्रवर्तन सिपाही (परिवहन) और कारागार विभाग में जेल वार्डर के पदों पर सीधी भर्ती में 20 प्रतिशत पदों पर क्षैतिज आरक्षण एवं आयु सीमा में छूट देने का प्रस्ताव मंजूर किया है। इसके तहत 4 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में 20 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा।

# तहसील प्रशासन और वन विभाग की टीम ने फसल का किया निरीक्षण

## थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांवों में फसल का निरीक्षण करते तहसीलदार व दरोगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांवों में इन दिनों हाथियों की आवाजाही से किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है। हाथियों का झुंड खेतों में पहुंच कर फसलों को रौंदकर बर्बाद कर रहा है। तहसील प्रशासन व वन बिभाग की टीम ने पहुंच कर फसलों का निरीक्षण कर नुकसान का आंकलन किया। हाथियों के झुंड के खेतों में पहुंचने से किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। हाथियों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की शिकायतों के बाद मंगलवार को तहसील प्रशासन और वन विभाग की संयुक्त टीम प्रभावित गांवों में पहुंची। टीम ने गोविंदपुर और चलतुआ गांव पहुंचकर मौके पर खेतों का निरीक्षण किया। तहसीलदार सौरभदीप, खुटार रेंज के वन दरोगा भगवान सिंह और हल्का लेखपाल सौरभ सक्सेना ने किसानों के साथ खेतों में पहुंचकर हाथियों द्वारा खराब की गई फसलों को देखा। अधिकारियों ने खेतों में पहुंचकर धान और गन्ने की फसल को हुए नुकसान की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान किसानों से हाथियों के झुंड के खेतों में आने, फसलों को नुकसान पहुंचाने और अब तक हुई क्षति के बारे में विस्तार से जानकारी ली गई। टीम ने मौके पर फसलों की स्थिति को देखते हुए नुकसान का आकलन भी किया,किसानों ने अधिकारियों को बताया कि हाथियों का झुंड अचानक खेतों में पहुंच जाता है। हाथी धान और गन्ने की फसल को रौंदने के साथ ही काफी क्षेत्र में फसल को खराब कर देते हैं,इससे किसानों की की मेहनत पर पानी फिर रहा है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के समय हाथियों के आने से नुकसान और बढ़ रहा है। किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ रात में खेतों पर जाने में भी डर बना रहता है। किसानों ने तहसील प्रशासन और वन विभाग की टीम से हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखने की मांग की। इसके साथ ही किसानों ने हाथियों से नष्ट हुई फसलों का उचित आकलन कराकर नुकसान की भरपाई दिलाने की भी मांग की है। प्रशासन और वन विभाग की टीम ने किसानों से उनकी समस्याओं की जानकारी लेने के साथ ही प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने से किसानों को उम्मीद जगी है कि हाथियों से फसलों को बचाने के लिए जल्द ही प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। क्षेत्र में हाथियों की लगातार बढ़ रही आवाजाही को लेकर ग्रामीणों में भी चिंता बनी हुई है।



हाथियों द्वारा रौंदी गई फसल। -जागरण मोर्चा



निरीक्षण करते तहसीलदार । -जागरण मोर्चा

> मामले की जानकारी पर वन बिभाग की टीम के साथ गांव पहुंच कर किसानो से जानकारी ली गई है। खेतों में पहुंच कर खराब हुई फसलों का निरीक्षण किया है। नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।
>
> -सौरभदीप, तहसीलदार, पूरनपुर

## संक्षेप समाचार

### बहादुरपुर बुजुर्ग में हिंदू जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

**पूरनपुर।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के बहादुरपुर बुजुर्ग में भारतीय बजरंगदल की ओर से मंगलवार सुबह हिंदू जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अधिवक्ता अशोक राठौर ने किया। विशिष्ट अतिथि नवनीत मिश्रा ने हिंदू संस्कार केंद्र और संगठन विस्तार को लेकर विचार रखे। मुख्य वक्ता भारतीय बजरंगदल के जिलाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बांग्लादेश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई के लिए भारत सरकार से पहल करने की मांग की। उन्होंने हिंदू बहन-बेटियों की सुरक्षा और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा के बिना हिंदू समाज के राष्ट्र निर्माण का संकल्प अधूरा है।कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष रामपाल वर्मा, मानस शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष रामसेवक वर्मा, अनुराग पांडेय, सर्वेश वर्मा और ग्राम प्रधान श्रीपाल वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। आयोजन ठाकुर एसएसपी सिंह व विकास पांडेय के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान संगठन में नई जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

### धर्मांतरण : शिक्षा के नाम पर दूसरे राज्यों में भेज दिए बच्चे, बाहरी लोगों से मिलने की नहीं है अनुमति

**लखनऊ।** धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद सदस्यों ने ठिकाने बदल लिए हैं। वहीं, गिरोह की गतिविधियों के बारे में नई-नई जानकारी सामने आ रही है। ये लोग बच्चों को दूसरे राज्यों में भेज दिया करते थे। मोहनलालगंज में धर्मांतरण गिरोह संचालकों ने बच्चों की पढ़ाई के नाम पर लोगों को गुमराह किया। इसके बाद इलाके के कई बच्चों को पढ़ाई के नाम पर दूसरे राज्यों में भेज दिया। ऐसे ही दूसरे राज्यों के बच्चों को मोहनलालगंज में खोले गए मिशनरी स्कूलों में दाखिला दिया। इन बच्चों को बाहरी लोगों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती है। अक्सर परेशान होकर बच्चे हॉस्टल से भाग भी जाते हैं। धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद इलाके में संदिग्ध गतिविधियां कम हो गई हैं। गिरोह के सदस्यों ने ठिकाने बदल लिए हैं। अब ये लोग दुबग्गा, कृष्णानगर, आशियाना और पारा इलाके में सक्रिय हैं। रविवार को गिरोह के सदस्य चर्च की जगह घरों में प्रार्थना सभा कराने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि 23 जुलाई की रात में धर्मांतरण को लेकर स्थानीय लोगों ने हंगामा किया था। शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरोह का सरगना डेनियल ने खुद अपना धर्म बदला था। इसके बाद से वह मोहनलालगंज इलाके में लोगों को लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन करवाता था। भदेसुवा गांव में बने चर्च से जुड़े दस्तावेज अभी तक संचालक और केयरटेकर प्रशासन को नहीं दे पाए हैं। बुधवार को तहसीलदार कोर्ट में दस्तावेज दाखिल करने का अंतिम मौका है। प्रशासन का कहना है कि कई बार नोटिस भेजा गया लेकिन चर्च संचालक की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया गया। ऐसे में एक अंतिम नोटिस भेजा जाएगा। इसके बाद बेदखली की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि छानबीन में चर्च सरकारी जमीन पर बना पाया गया था।

### महिला की सिर कूचकर हत्या, दुकान के बाहर मिला शव, मां बोली- पांच साल से थी शराब की लत

**लखनऊ।** कृष्णानगर के बाराबिरवा स्थित मानसरोवर मार्केट में सोमवार देर रात राधा (32) की सिर कूचकर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह उनका खून से लथपथ शव खाली पड़ी दुकान के सामने मिला। राधा के साथ रहने वाला भोला घटना के बाद से लापता है। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। एडीसीपी दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार के मुताबिक, राधा विजयनगर के नारायणपुरी की रहने वाली थीं। वह करीब तीन साल से मानसरोवर मार्केट में घूमती रहती थीं और रात में खाली दुकानों के सामने सो जाती थीं। मंगलवार सुबह लोगों ने उनका शव देखा और पुलिस को सूचना दी। कृष्णानगर पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच की। पूछताछ में पता चला कि राधा के साथ भोला नाम का युवक रहता था। घटना के बाद से उसका मोबाइल बंद है और वह लापता है। राधा की मां रेखा की तहरीर पर भोला के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# आवारा सांड के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिघौना में मंगलवार शाम आवारा सांड के हमले से एक ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। क्षेत्र के ग्राम मिघौना निवासी दीनदयाल (50) पुत्र मेवाराम मंगलवार शाम लगभग 6:00 बजे अपने घर के बाहर दरवाजे पर खड़े थे। इसी दौरान अचानक आए एक आवारा सांड ने उन पर जोरदार हमला कर दिया। सांड के हमले में दीनदयाल सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से चोटिल हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने बमुश्किल सांड को भगाकर उनकी जान बचाई। घटना की सूचना तत्काल 108 एम्बुलेंस को दी गई। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से घायल दीनदयाल को बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि ग्रामीण की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिसके चलते उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गांव में आवारा पशुओं के बढ़ते आतंक को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।



अस्पताल में भर्ती घायल ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

# मोबाइल किस्त वसूली कांड: पीड़ित का कराया गया मेडिकल परीक्षण, गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** मोबाइल की किस्त वसूली के नाम पर युवक को बंधक बनाकर उसका खून निकालकर बेचने के आरोप में डीसीपी की फटकार के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराया है। एडीसीपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें गठित की है। मंगलवार को पुलिस ने निगोहां कस्बा स्थित गीता मोबाइल शॉप के मालिक शिवम सिंह को थाने बुलाकर पूछताछ की।

इसके साथ ही कस्बे की अन्य मोबाइल दुकानों पर काम करने वाले निजी फाइनेंस कंपनियों के एजेंटों से भी पूछताछ की गई। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि युवक की किस्त वसूली का मामला किन लोगों से जुड़ा था।

पुलिस के मुताबिक सोमवार रात रुपये वसूलने के आरोपी से फोन पर संपर्क हुआ था लेकिन इसके कुछ देर बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। इसके बाद उससे संपर्क नहीं हो सका। मंगलवार शाम तक पुलिस किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। तीनों टीमें आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। सूत्रों का कहना है कि पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। गीता मोबाइल शॉप के मालिक शिवम सिंह ने बताया कि दुकान का काम केवल मोबाइल बेचना है। फाइनेंस होने पर कंपनी की ओर से दुकान को भुगतान कर दिया जाता है। इसके बाद किस्त वसूलने की जिम्मेदारी फाइनेंस कंपनी के एजेंटों की होती है। उन्होंने कहा कि उनका वसूली से कोई लेना-देना नहीं है। थानाध्यक्ष रवींद्र कुमार ने बताया कि तीन टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

**ये है मामला:** निगोहां के राजाराम खेड़ा पुरहिया गांव निवासी नेवल को रिकवरी एजेंटों ने किस्त नहीं भर पाने पर आठ सितंबर को बंधक बना लिया था। इसके बाद उनका खून निकलवाया और पांच दिन तक पीटा। आरोप है कि घरवाले जब निगोहां थाने एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने टरका दिया। इसके बाद डीसीपी दक्षिणी के निर्देश पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

**शर्त** नई अर्हता से होगी शिक्षक भर्ती

# माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों के लिए भी टीईटी अनिवार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** प्रदेश में अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों (अल्पसंख्यक संस्थानों को छोड़कर) के संबद्ध प्राइमरी प्रभाग में 897 सहायक अध्यापकों की सीधी भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। सहायक अध्यापकों के पदों पर भर्ती के लिए अब बीटीसी, डीएलएड के साथ ही अध्यापक अर्हता परीक्षा (टीईटी) पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। नई शैक्षिक अर्हता का गजट जारी कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने इसे शिक्षा सेवा चयन आयोग को भी भेज दिया है।

एडेड माध्यमिक स्कूलों में बालक संवर्ग में सहायक अध्यापकों के 473 व बालिका संवर्ग में 424 पद खाली हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को कुल 897 पदों पर भर्ती का अधियाचन भेजा था। सहायक अध्यापकों के पदों पर भर्ती के लिए अर्हता में किए गए बदलाव के लिए शासन की ओर से इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम-1921 के अधीन परिषद के विनियम में अर्हता में संशोधन का सरकारी गजट जारी कर दिया गया है। अभी तक सहायक अध्यापक के पदों पर भर्ती के लिए स्नातक के साथ सीटी, बीटीसी, एएसटीसी या समकक्ष अर्हता थी। लेकिन बीटीसी प्रशिक्षित उपलब्ध न होने पर बीएड अर्हताधारी भी नियुक्त किए जा सकते थे। अब शैक्षिक अर्हता के नए नियम के तहत बीटीसी, डीएलएड के साथ ही टीईटी होना भी अनिवार्य कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने इस संबंध में आयोग को इसकी सूचना देते हुए अधियाचन के विज्ञापन व चयन की आगे की कार्यवाही पूरी करने को कहा है। अब उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग 897 पदों पर भर्ती के लिए जल्द विज्ञापन जारी करेगा।



## गाजियाबाद पुलिस करेगी क्रिकेटर मो. शमी के भाई पर दर्ज मामले की विवेचना

**लखनऊ।** क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई कैफ और हसीब के खिलाफ दर्ज मामले की विवेचना अब गाजियाबाद पुलिस करेगी। घटनास्थल इंदिरापुरम में मिलने के बाद मामला स्थानांतरित किया गया। पुलिस ने पीड़िता से संपर्क कर बयान लेने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब गाजियाबाद पुलिस आरोपियों और पीड़िता के बयान दर्ज करेगी। क्रिकेटर मो. शमी के भाई कैफ और हसीब के खिलाफ आशियाना थाने में दर्ज एफआईआर की विवेचना अब गाजियाबाद पुलिस करेगी। घटनास्थल गाजियाबाद के इंदिरापुरम में पाए जाने के बाद आशियाना पुलिस ने विवेचना स्थानांतरित कर दी है। पुलिस ने कई बार फोन कर पीड़िता से संपर्क कर बयान दर्ज करने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।

# होमगार्ड भर्ती: लखनऊ में दौड़ पूरी कर बैठे अभ्यर्थी की मौत, संतकबीरनगर में बारिश की वजह से टली परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** होमगार्ड भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान लखनऊ में दौड़ पूरी करने के बाद एक अभ्यर्थी की मौत हो गई। संतकबीरनगर में बारिश से परीक्षा टल गई, जबकि मुरादाबाद में भी इसे स्थगित करना पड़ा। कई अभ्यर्थी बिना जूते दौड़े और कुछ बेहोश हुए। सभी केंद्रों पर मेडिकल टीम और एंबुलेंस उपलब्ध रहीं।

प्रदेश में होमगार्ड के 41,424 पदों पर भर्ती के लिए मंगलवार से शुरू हुई शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान राजधानी स्थित पीएसी की 35वीं वाहिनी में सीतापुर के रामकोट के ग्राम मढ़िया रहीमपुर निवासी अभ्यर्थी योगेंद्र सिंह की मृत्यु हो गई।

26 मिनट में दौड़ पूरी कर थककर बैठे योगेंद्र को अचानक तबीयत खराब होने पर अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसका शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

संतकबीरनगर में बारिश की वजह से परीक्षा नहीं हो सकी। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड अभ्यर्थियों की परीक्षा कराने के लिए किसी अन्य जिले में जगह तलाश रहा है। मुरादाबाद में दोपहर के बाद बारिश से परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। मंगलवार को मुरादाबाद आदि में 11 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने होमगार्ड बनने के लिए दौड़ लगाई। बोर्ड के अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा की प्रक्रिया अगले करीब 12 दिन तक जारी रह सकती है हालांकि बारिश होने पर यह अवधि बढ़ाई भी जा सकती है। परीक्षा के दौरान तमाम अभ्यर्थी बिना जूता पहने दौड़ते दिखे। बिना प्रैक्टिस के दौड़ लगाने आए लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। कई केंद्रों पर दौड़ के दौरान अभ्यर्थी बेहोश हो गए। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि दौड़ लगाने के लिए अपने शरीर को हल्का रखने के मकसद से उन्होंने कुछ नहीं खाया था।



जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com







# अज्ञात वाहन की चपेट में आए दो नंदी, दर्दनाक मौत

## नगर पालिका टीम ने दोनों शवों की कराई अंत्येष्टि

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बीसलपुर।** नगर क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो नंदी की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और दोनों मृत नंदी के शवों को हटवाकर उनकी विधि-विधान से अंत्येष्टि कराई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में वाहन चालक के प्रति नाराजगी देखने को मिली।

नगर पालिका कर्मचारियों के अनुसार, घटना सुबह करीब सात बजे की बताई जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर मौजूद दोनों नंदी को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों नंदी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से वाहन समेत फरार हो गया।

घटना स्थल पर नगर पालिका कर्मचारियों को वाहन के ब्रेक लगाने के निशान भी मिले हैं। कर्मचारियों का कहना है कि सड़क पर मिले ब्रेक के निशानों से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि चालक ने नंदी को सामने देखकर वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वाहन की अधिक गति होने के कारण वह समय रहते वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका। हालांकि घटना की वास्तविक स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

सुबह के समय सड़क से गुजर रहे स्थानीय राहगीर दीपक मौर्य की नजर सड़क पर पड़े दोनों मृत नंदी पर पड़ी। उन्होंने तत्काल नगर पालिका को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद नगर पालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। दोनों नंदी के शवों को सड़क से हटवाया गया, जिससे आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो।

इसके बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने दोनों मृत नंदी की अंत्येष्टि कराई। घटना की जानकारी फैलने पर आसपास के लोगों की भी मौके पर भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नगर पालिका कर्मचारियों के मुताबिक घटना में शामिल अज्ञात वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल स्थानीय स्तर पर वाहन और उसके चालक की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## श्रद्धालुओं ने वघ्नहर्ता भगवान गणेश का किया पूजन



भगवान गणेश की पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** नगर के जानकी रतन मंदिर में आयोजित गणेश चौथ महोत्सव में मंदिर में स्थापित की गई विघ्नहर्ता भगवान गणेश की मूर्ति का विधि विधान से पूजन किया गया। मंदिर के महंत लखन रतन मिश्र द्वारा भगवान गणेश का पंचामृत स्नान आदि करवाया गया इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अमन जयसवाल निक्की द्वार भगवान गणेश का पूजन किया गया समिति के अध्यक्ष राकेश बॉथम, गजानन मराठा, सोनू मिश्र, नानू अग्रवाल, प्रांजल मिश्रा, पारुल गुप्ता, नवल गुप्ता, रजत मराठा, सकटे कश्यप आदि सदस्य व पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के भजन गाए। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# दो साल से मोबाइल नेटवर्क की समस्या झेल रहे चन्दुया के ग्रामीण

## ऑनलाइन पढ़ाई, बैंकिंग और सरकारी सेवाओं का काम प्रभावित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत शेरपुर मकरंदपुर के गांव चन्दुया में मोबाइल नेटवर्क की समस्या ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ग्रामीण पिछले करीब दो वर्षों से कमजोर मोबाइल नेटवर्क की समस्या झेल रहे हैं। गांव में मोबाइल उपभोक्ताओं की संख्या लगातार बढ़ने के बावजूद मौजूदा नेटवर्क उपकरण और टावर क्षमता के हिसाब से पर्याप्त नहीं हैं। इसके चलते लोगों को फोन पर बातचीत करने से लेकर इंटरनेट चलाने तक में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में मोबाइल नेटवर्क की स्थिति कई बार इतनी खराब हो जाती है कि जरूरी फोन कॉल करना भी मुश्किल हो जाता है। बातचीत के दौरान अचानक कॉल कट जाती है। कई बार कॉल कनेक्ट होने में ही काफी समय लग जाता है। नेटवर्क कमजोर होने के कारण लोगों को घरों से बाहर निकलकर या ऊंचे स्थान पर जाकर मोबाइल चलाना पड़ता है। इंटरनेट की



गांव में लगा कम क्षमता का टावर। –जागरण मोर्चा

स्थिति भी खराब बनी हुई है। नेटवर्क धीमा होने के कारण ऑनलाइन काम करने में काफी समय लग जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक मोबाइल नेटवर्क की समस्या उस समय और गंभीर हो जाती है जब गांव में बिजली की आपूर्ति बंद होती है। बिजली जाते ही नेटवर्क पूरी तरह ठप हो जाता है। कुछ समय के लिए नेटवर्क उपलब्ध रहने के बाद भी उसकी क्षमता इतनी कम हो जाती है कि कॉल करना या इंटरनेट का इस्तेमाल करना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क व्यवस्था में पर्याप्त बैकअप नहीं होने के कारण बिजली कटौती का सीधा असर मोबाइल सेवाओं पर पड़ता है। मोबाइल नेटवर्क की खराब व्यवस्था का सबसे अधिक असर छात्रों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। वर्तमान समय में स्कूल और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़ी संख्या में छात्र ऑनलाइन माध्यम का सहारा लेते हैं। कमजोर इंटरनेट के कारण ऑनलाइन कक्षाओं में परेशानी होती है। वीडियो बार-बार रुकने और डाउनलोडिंग में अधिक समय लगने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उच्च छमता का मोवाइल टावर लगवाए जाने की मांग की है।

## दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी ना करने पर ससुरालियों जमकर पीटा। इसके बाद विवाहिता को जान से मारने की नीयत से गला दबाया। पुलिस ने पति सहित दस पर मुकदमा दर्ज किया है।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव खासपुर जमुनिया निवासी वेद कुमारी ने बताया कि बर्ष 2024 में बंडा थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी विकास के साथ हुई थी। मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। आरोप है कि ससुराली दिए गए दहेज से खुश नही थे।

उन्होंने अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन व एक लाख रुपये की नगदी की मांग शुरु कर दी। मांग पूरी ना होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप मारपीट कर प्रताड़ित किया जाने लगा। कईबार पंचायत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया गया। लेकिन ससुराली अपनी दहेज की मांग पर अडी रहे। सात सितंबर को ससुरालियों ने विवाहिता को लाठी डंडे व लात घूंसो से मारा पीटा। इसके बाद गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया गया। शोर मचाने पर आस पडोस के लोग आ गए। जिससे उसकी जान बच सकी, विवाहिता ने जानकारी अपने पिता को दी। जिस पर उसके पिता ससुराल पहुंचे,आरोप है कि विवाहिता के पिता के साथ ससुरालियों ने अभद्र व्यवहार किया। दोनों पिता पुत्री को घर से निकाल दिया। मामले की तहरीर पर पुलिस ने पति विकास,विजय पाल,राम श्री, सकटे लाल, कपूरा देवी, अवनीश कुमार,कन्ना, छाया देवी,अजय,अंगूरा देवी,राखी, संतोष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है ।पुलिस ने वताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है

## संक्षेप समाचार

### पिपरिया दुलई में तेंदुआ ने कुत्ते को बनाया निवाला, तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया दुलई में सोमवार रात एक बार फिर तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में खलबली मच गई। गांव में घूम रहे एक आवारा कुत्ते को तेंदुए ने अपना निवाला बना लिया। तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकलने में भी घबराने लगे। बताया गया कि सोमवार रात गांव के आसपास ग्रामीणों की आवाजाही के दौरान तेंदुए की हलचल दिखाई दी। इसी दौरान तेंदुए ने गांव में घूम रहे आवारा कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे जंगल की ओर खींच ले गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने आसपास तलाश की। तेंदुए के आने की खबर तेजी से गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में तेंदुए की आवाजाही पहले भी देखी जा चुकी है। बार–बार गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी से लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों को आशंका है कि यदि तेंदुआ लगातार आबादी के आसपास आता रहा तो किसी दिन वह इंसान या पालतू पशुओं को भी अपना शिकार बना सकता है। तेंदुए की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। ग्रामीणों ने विभाग से गांव और आसपास के क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने तथा तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने की मांग की है। साथ ही तेंदुए को पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग भी की गई है।

### बीसलपुर में किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने खोला मोर्चा



तहसील कार्यालय पर धरना देते कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने किसानों की मांगों को लेकर तहसील कार्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया। एसडीएम को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराए जाने की मांग की। बीसलपुर में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील कार्यालय धरना दिया। मांगों को लेकर नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे एसडीएम नागेंद्र पांडेय को ज्ञापन देकर धान क्रय केंद्र का आवंटन व खरीद पादर्शी से किये, लेखपालों के द्वारा किसानों की समस्याओं का निस्तारण किए जाने में देरी किए जाने पर कार्रवाई किए जाने, पूर्ति कार्यालय पर व्याप्त अनियमित्ताओं व समस्याओं का निराकरण कराए जाने, विद्युत आपूर्ति सही रूप से किए जाने, बरसात में गांव में गिरे घरों के स्वामियों को आर्थिक सहायता दिलाए जाने सहित कई समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग की। धरना देने वालों में वीरपाल राजपूत, गुडडू, नरेश मिश्रा, रामपाल, शंकर लाल, भीमसेन वर्मा, पूरनलाल, अनिल सिंह, रामप्रकाश, आरती देवी, ललिता देवी, महेंद्रपाल सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

### कलश यात्रा निकालकर दिया मानव सेवा का संदेश



नगर में निकलती हुई कलश यात्रा। –जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में सदगुरु श्री सतपाल जी महाराज के अनुयायियों ने नगर में झांकियों के साथ कलश यात्रा निकालकर मानव सेवा का संदेश दिया। जगह–जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। रामलीला मेला मैदान स्थित अयोध्या भवन से कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो विभिन्न मार्गो से होती हुई पुन: रामलीला मेला मैदान पर आकर सपन्न हो गई। नगर के कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। कलश यात्रा में महात्मा रूद्राक्षानंद, महात्मा अनुरक्ति बाई, महात्मा महेशी बाई, महात्मा तारामती बाई, डा0देव सिंह राणा मण्डल प्रभारी, स्वतंत्र देव सिंह प्रान्तपाल, मनोज त्रिपाठी, शाखा प्रधान चंद्रपाल एडवोकेट, रजनीश सहित 500 से अधिक अनुवाई शामिल थे। शोभा यात्रा में गणेश जी शिव पार्वती जी की झांकी आकर्षण केंद्र रही।

### ट्रैक्टर चोरी का मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** माधोटांडा ग्राम नवदिया सुखदासपुर निवासी शिवजी ने ट्रैक्टर की हैरो चोरी होने के मामले में दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी चोरी हुई हैरो ग्राम पिपरिया संतोष निवासी फिरोज और अफजल के पास है। शिवजी के मुताबिक 20 जुलाई की रात उसके ट्रैक्टर की हैरो चोरी हो गई थी। काफी तलाश करने के बाद उसे जानकारी हुई कि हैरो फिरोज पुत्र मोहम्मद और अफजल पुत्र इरफान के पास है इस पर वह दोनों के घर पहुंचा और अपनी हैरो वापस करने को कहा आरोप है कि दोनों ने हैरो लौटाने से इनकार कर दिया पीड़ित ने थाना माधोटांडा पुलिस को तहरीर देकर मामले की जांच कर हैरो बरामद कराने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भाकियू की मासिक पंचायत में अधिकारियों को दो टूक चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की मासिक पंचायत मंगलवार को दोपहर से शुरू होकर तीन बजे तक तहसील परिसर में आयोजित हुई। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों के सामने नाराजगी जताई गई। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता, एसडीओ, पूर्ति निरीक्षक, नायब तहसीलदार और मंडी सचिव समेत अधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष गुरदीप सिंह गोगी ने सभी अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान की दो टूक चेतावनी देते हुए नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आवारा पशुओं और जंगली जानवरों से फसलों को



पंचायत में मौजूद भाकियू के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

हो रहे नुकसान का मुद्दा उठाया गया। खुटार रोड मुजफ्फरनगर चौराहा और मोहनपुर जप्ती में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने की मांग की गई। किसानों ने धान क्रय केंद्र समय से संचालित कराने, ट्रैक्टर-ट्राली की आवाजाही वाले स्थानों पर केंद्र खोलने और केंद्र प्रभारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की। 25 सितंबर से आलू, मटर और गन्ने की बुवाई को देखते हुए सहकारी समितियों पर डीएपी उपलब्ध कराने तथा पशुओं का खुरपका-मुंहपका और लंपी रोग से बचाव के लिए टीकाकरण कराने की मांग भी की गई। इसके अलावा अजीतपुर बिल्हा के रोजगार सेवक के खिलाफ कार्रवाई और गजरौला कलां में पुलिस पर घर में घुसने सहित लगाए गए आरोपों की जांच की मांग साथ कार्रवाई की मांग की गई। भाकियू ने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील में धरना-प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

# मस्जिद ध्वस्तीकरण के विरोध में भाकपा माले ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था और सहारनपुर में मस्जिद ध्वस्तीकरण की घटना के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने मंगलवार को विरोध कर तहसील पहुंचे, जंहा उन्होने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा है। ज्ञापन में प्रदेश में कानून का राज सुनिश्चित करने और धार्मिक स्थलों से जुड़े मामलों में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन कराने की मांग की गई। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि सहारनपुर में वर्ष 1911 में बनी मस्जिद को चार और पांच सितंबर की रात प्रशासन की कार्रवाई में ध्वस्त किया गया। उनका कहना है कि





ज्ञापने देते भाकपा माले के कार्यकर्ता। –जागरण मोर्चा

प्रभावित पक्ष को उच्च न्यायालय में अपील का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया,उन्होंने इसे संवैधानिक अधिकारों और न्यायिक प्रक्रिया के विपरीत बताया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ भी दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। वामपंथी नेताओं ने पूजा स्थल अधिनियम-1991 का सख्ती से पालन कराने तथा धार्मिक स्थलों से संबंधित प्रशासनिक नोटिस और मुकदमों की समीक्षा की मांग की। साथ ही सहारनपुर की मस्जिद गिराने वाले प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में राज्य कमेटी सदस्य सईद खां, जिला सचिव देवाशीष राय, जिला कमेटी सदस्य अहिवरन लाल और पूरनपुर ब्लॉक सचिव देवीदयाल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

**पेरशानी** भारी बारिश होने से गझांड़ा गांव से पहले कटी बढ़ैरा से टिकरी जाने वाली सड़क

# बारिश में कटी सड़क पर फंसी ईंटों से भरी ट्राली

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बीसलपुर।** भारी बारिश होने से बढ़ैरा से टिकरी जाने वाली सड़क गझांड़ा गांव से पहले कट जाने से टिकरी जाने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है सड़क मार्ग कटने से रास्ते में दल-दल होने से भारी वाहन सड़क पर फंस रहे हैं ग्रामीणों ने जल्द सड़क मार्ग सही कराए जाने की मांग की है। दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र में स्थित मकरंदापुर चौराहे से टिकरी की दूरी मात्र 12 किलोमीटर है इस रास्ते पर सैकड़ों राहगीर रोजाना सफर करते हैं इस सड़क पर बढ़ैरा से आगे गझांड़ा गांव से पहले सड़क मार्ग बारिश में कट जाने से लगातार गहरे गड्ढे बन गये हैं लेकिन गड्ढे के साथ सड़क पर चिकनी मिट्टी होने की वजह से दल-दल बन गया है जिससे भारी वाहन सड़क पर फंस गए हैं ईट भट्ठे से ईट लेकर जा रही ट्रेक्टर ट्राली सड़क पर फंस गई है बताया जा रहा है कि इस सड़क मार्ग पर इस समय बाइक सवार भी बड़ी मुश्किल से निकल रहे हैं कई बाइक सवार रास्ता खराब होने की वजह से वैकल्पिक रास्ते अपना रहे हैं जिससे उनका समय और दूरी दोनों बढ़ जाती है ग्रामीणों ने शीघ्र ही बारिश में कटी सड़क सही कराए जाने की मांग की है जिससे टिकरी मार्ग पर आवागमन सुचारू हो सके।

## विवाहिता को लात घूंसों व डंडो से पीटा, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव दंदौल कालौनी तीन निवासी मीना देवी ने बताया कि उसकी शादी आठ माह पहले जिला खीरी के थाना लहरिया क्षेत्र के गांव पंडरी निवासी मुखिया के साथ हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नही थे। शादी के बाद से ही ससुराली अतिरिक्त दहेज में पचास हजार रुपये की मांग शुरु कर दी। मना करने पर ससुरालियो ने उसके साथ आए दिन मारपीट कर प्रताडित करना शुरु कर दिया। वह छह माह कि गर्भवती है। 21 अगस्त को ससुरालियों ने फिर दहेज मांगा मना करने पर गाली गलौच करने लगे,विवाहिता ने विरोध किया तो ससुरालियों ने जमीन पर गिराकर लात घूंसो व डंडो से मारा पीटा। जिससे वह घायल हो गई।

# बिजली कटौती के विरोध में व्यापारियों ने घेरा कार्यालय, समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** लगातार हो रही बिजली की कटौती से उपभोक्ताओं को दिक्कते का सामना करना पड रहा है। इससे नाराज व्यापारियों ने अधिशासी अभियंता का घेराव कर नाराजगी जताई और बिजली सुधार की मांग की है। नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती से नाराज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने मंगलवार को अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय पर पहुंचे, जंहा उन्होंने बिजली कटौती को लेकर नाराजगी जताते हुए उनका घेराव किया। व्यापारियों ने दिन और रात में बार-बार हो रही बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की। व्यापारियों का



बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। –जागरण मोर्चा

आरोप है कि रात में बिजली संबंधी समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता से फोन पर वार्ता करने का प्रयास किया जाता है तो समस्या का समाधान कराने के बजाय एसडीओ या जेई से संपर्क करने की सलाह दी जाती है। कटौती के चलते उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। पूरी रात अंधेरे में रहने को मजबूर हो रहे है। इससे व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापारियों ने कहा कि नगर में कई विद्युत पोल और विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। शिकायतों के बावजूद इनकी मरम्मत को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली कटौती और क्षतिग्रस्त विद्युत लाइनों की समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नगर अध्यक्ष जाहिद खान, नगर महामंत्री संजय गुप्ता, सचिन गुप्ता, सुरेंद्र अग्रवाल, शाहिद समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

# यूपीआई लेन-देन के नए नियम का बीमा प्रीमियम, पेट्रोल पंप पर क्या होगा असर, किस खर्च पर कितना शुल्क?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** मौजूदा दौर में सुबह की चाय से लेकर राशन और ऑनलाइन शॉपिंग तक के लिए लोग यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं। पिछले कुछ दिनों से यूपीआई पर सरकार की ओर से चार्ज लगाने की खबरें सामने आ रही थीं। अब नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की तरफ से जारी नए दिशा-निर्देशों में यूपीआई के नए नियमों को स्पष्ट किया गया है।



सोमवार को ही केंद्र सरकार की ओर से एक नई गजट अधिसूचना जारी की गई है। इस नोटिफिकेशन के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि क्या 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर अब आम आदमी को अतिरिक्त जेब ढीली करनी पड़ेगी?

यूपीआई पर चार्ज लगेगा या यह मुफ्त बना रहेगा इसे लेकर आम लोग असमंजस में हैं, वहीं विपक्ष सरकार पर हमलावर होता दिख रहा है। ऐसे में यह समझना बेहद जरूरी हो गया है कि सरकार 2,000 रुपये से ऊपर के हर पेमेंट पर कितना चार्ज वसूलने की योजना बना रही है? आम आदमी के मन में उठ रहे 14 सबसे महत्वपूर्ण सवालों और उनके उत्तरों के जरिए इस पूरे मामले की कड़ियों को परत-दर-परत समझते हैं।

**1. सरकार ने नए गजट नोटिफिकेशन में क्या कहा है?**

केंद्र सरकार की ओर से 14 सितंबर 2026 (सोमवार) को जारी गजट अधिसूचना के अनुसार, बैंकों और पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडर्स को 2,000 रुपये तक के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेन-देन पर किसी भी प्रकार का शुल्क लगाने से पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस सरकारी निर्देश में साफ किया गया है कि 2,000 रुपये तक के भुगतान पर कोई भी बैंक न तो सीधे तौर पर और न ही अप्रत्यक्ष रूप से कोई ट्रांजैक्शन चार्ज वसूल सकता है। इसके अतिरिक्त, इस नोटिफिकेशन में रूपे डेबिट कार्ड से किए जाने वाले 2,000 रुपये तक के डिजिटल भुगतान को भी नो-चार्ज श्रेणी में रखा गया है।

**2. क्या आम उपभोक्ताओं से यूपीआई भुगतान के लिए कोई शुल्क लिया जाएगा?**

जी नहीं, आम नागरिकों के लिए यूपीआई सेवाएं बिना किसी लागत के जारी रहेंगी। उपभोक्ता अपने रोजमर्रा के दैनिक खर्चों के लिए यूपीआई ऐप्स के माध्यम से बिना किसी शुल्क के असीमित लेन-देन कर सकते हैं।

**3. क्या दोस्तों, रिश्तेदारों को पैसे भेजने या सेल्फ-ट्रांसफर पर कोई चार्ज लगेगा?**

बिल्कुल नहीं। पर्सन-टू-पर्सन लेन-देन पूरी तरह शुल्क-मुक्त रहेंगे। चाहे आप किसी पारिवारिक सदस्य को पैसे भेज रहे हों, दोस्तों के साथ बिल बांट रहे हों, या अपने ही बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर कर रहे हों, भुगतानकर्ता और प्राप्तकर्ता दोनों पर शून्य शुल्क लागू होता है।

**4. क्या यूपीआई एप भुगतान पर प्लेटफॉर्म फीस वसूलना शुरू करेंगी?**

नहीं। यूपीआई एप प्रदाताओं को यूपीआई के माध्यम से किए जाने वाले किसी भी भुगतान पर प्लेटफॉर्म फीस या अन्य कोई शुल्क लगाने से स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित किया गया है।

**5. क्या उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त यूपीआई ट्रांजैक्शन की कोई मासिक सीमा या कोटा है?**

उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त लेन-देन पर कोई मासिक कोटा, वॉल्यूम सीमा या टियर लिमिट नहीं है। यूजर्स महीने भर में जितनी बार चाहें P2P या P2M ट्रांसफर कर सकते हैं। बैंकों द्वारा तय की गई 1 लाख से 5 लाख की दैनिक सीमाएं केवल सुरक्षा एवं जोखिम प्रबंधन के लिए हैं, न कि कोई व्यावसायिक शुल्क श्रेणी।

6. क्या छोटे स्थानीय विक्रेताओं (P2PM) पर यूपीआई भुगतानों पर एमडीआर लागू होगा? नहीं। P2PM श्रेणी के तहत पंजीकृत सूक्ष्म और छोटे स्थानीय विक्रेता (जो यूपीआई क्यूआर के जरिए प्रति माह 1 लाख तक प्राप्त करते हैं) शून्य एमडीआर पर काम करना जारी रखेंगे। यह विशेष सूक्ष्म-व्यापारी खाता वर्गीकरण असंगठित खुदरा क्षेत्र को किसी भी मार्जिन कटौती से पूरी तरह सुरक्षित रखता है।

**7. क्या व्यापारी इस एमडीआर चार्ज को ग्राहकों से वसूल कर सकते हैं?** नहीं। ऑन-बोर्ड किए गए व्यापारियों को यूपीआई भुगतान स्वीकार करते समय एमडीआर शुल्क ग्राहकों पर स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं है। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि ग्राहकों को केवल तय उत्पाद मूल्य ही चुकाना पड़े।

**8. क्या बीमा प्रीमियम के भुगतान पर कोई विशेष एमडीआर रियायत उपलब्ध है** हां। 2,000 से अधिक के बीमा प्रीमियम भुगतानों के लिए प्रतिशत के बजाय ?5 प्रति लेन-देन का फ्लैट एमडीआर तय किया गया है। इस रियायती मॉडल से वार्षिक या अर्ध-वार्षिक प्रीमियम चुकाने वाले पॉलिसीधारकों और बीमा कंपनियों दोनों को कम लागत का लाभ मिलता है।

## 0-3 की हार के बाद पाकिस्तान में सर्जरी की तैयारी?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-3 की हार के बाद पाकिस्तान के लिए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के रास्ता लगभग बंद हो चुका है। जब से डब्ल्यूटीसी आया है, तब से टीम किसी संस्करण में टॉप-तीन में जगह नहीं बना सकी है, फाइनल तो दूर की बात है। हालांकि, इंग्लैंड में हार ने, पाकिस्तान के टेस्ट स्टेटस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। टीम तालिका में सबसे नीचे नौवें स्थान पर है। असली सवाल यह है कि अब उसकी टेस्ट टीम आखिर बचा क्या है?

इंग्लैंड में पहली बार टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप होने के बाद पाकिस्तान के कई खिलाड़ी अलग-अलग रास्ते पर निकल चुके हैं। कोई कैरिबियन टी20 लीग खेल रहा है तो कोई इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट से जुड़ गया है। वहीं बाबर आजम कई वर्षों बाद घरेलू फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में लौटने वाले हैं। यह तस्वीर उस टीम की है, जो इंग्लैंड दौरे के दो सप्ताह के भीतर ही लगभग आधी बदल गई। कार्यवाहक कप्तान बाहर हो गए, विकेटकीपर को आपराधिक जांच के लिए वापस बुलाया गया और कोचिंग स्टाफ भी बदल दिया गया।

इंग्लैंड दौरे के बाद पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह तय करना है कि अगली टेस्ट टीम कैसी होगी। अभी यह साफ नहीं है कि टीम से हटाए गए खिलाड़ियों में से कितनों को सजा के तौर पर बाहर किया गया और कितनों को प्रदर्शन या परिस्थितियों के कारण। मोहम्मद रिजवान और इमाम-उल-हक के निकट भविष्य में पाकिस्तान की योजनाओं का हिस्सा नहीं होने की संभावना जताई जा रही है, लेकिन समस्या सिर्फ इन दो खिलाड़ियों तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान अब ऐसी टीम नहीं रह गई है, जो खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की जगह आसानी से नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ला सके। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सलमान अली आगा हैं। इंग्लैंड दौरे पर उनकी फॉर्म खराब रही और महज 12 दिन के भीतर वह टीम की कप्तानी करने से लेकर वापस भेजे जाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए।

## महिला आईसीसी रैंकिंगः श्री चरणी ने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की, दीप्ति शर्मा दूसरे स्थान पर पहुंचीं

**एजेंसी न्यूज**

**दुबई।** भारतीय स्पिनर श्री चरणी ने आईसीसी की जारी महिला टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा बरकरार रखा है। इसके साथ ही उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं। वहीं, दीप्ति शर्मा चार स्थान के सुधार से दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। चरणी ने महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 20 रन देकर चार विकेट झटके और भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस प्रदर्शन के कारण वह पहली पारी करियर के सर्वश्रेष्ठ 804 रेटिंग अंक तक पहुंचने में सफल रहीं।

यह आईसीसी रैंकिंग में किसी गेंदबाजी या बल्लेबाजी में किसी भारतीय की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व कप्तान मिताली राज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2011 में बल्लेबाजी रैंकिंग में 780 अंक हासिल किए थे। चरणी अब महिला टी20 गेंदबाज के तौर पर हासिल किए गए अब तक के सबसे ज्यादा रेटिंग अंक से बस दो अंक पीछे हैं। यह रिकॉर्ड नवंबर 2018 में ऑस्ट्रेलिया की मेगन शूट ने बनाया था।

एशिया कप में सर्वाधिक 14 विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा भी चार पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गईं। तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा ने 10 पायदान आगे 94वां स्थान, जबकि लेग स्पिनर प्रेमा रावत ने 50 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 96वां स्थान हासिल किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में शेफाली वर्मा सातवें से छठे स्थान पर पहुंच गई हैं।

# इमरान खान की सेहत पर बढ़ी चिंता!: बॉर्डर समेत ऑस्ट्रेलिया के सात पूर्व कप्तानों ने लिखी चिट्ठी; क्या मांग की?

**एजेंसी न्यूज**

**मेलबर्न।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान इमरान खान की मौजूदा स्थिति को लेकर ऑस्ट्रेलिया के सात पूर्व कप्तानों ने चिंता जताई है। इन पूर्व कप्तानों ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग से संपर्क साधकर इमरान खान की स्थिति से उन्हें अवगत कराया है। पेनी वोंग को लिखे पत्र पर ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट इतिहास के कई बड़े नामों के हस्ताक्षर हैं। इनमें एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल, इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क, किम ह्यूजेस, मार्क टेलर और स्टीव वॉ शामिल हैं।

सातों पूर्व कप्तानों ने पत्र में यह भी साफ किया है कि वे किसी राजनयिक या राजनीतिक हस्ती के तौर पर यह चिट्ठी नहीं लिख रहे हैं। उनका कहना है कि वे पूर्व कप्तानों के तौर पर अपनी बात रख रहे हैं और उन्हें इस मामले में बोलने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तानों ने अपने पत्र में इमरान खान के खिलाफ चल रहे कानूनी या राजनीतिक मामले को लेकर किसी तरह का पक्ष लेने से इनकार किया है। उन्होंने अपनी चिंता को केवल हिरासत में किसी व्यक्ति के साथ होने वाले व्यवहार से जोड़ा है।

पत्र में कहा गया, 'ग्रेग चैपल ने आखिरी बार 2022 में इस्लामाबाद में इमरान खान से मुलाकात की थी। उस समय खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री थे और उनके अपने शब्दों में वह पूरी तरह स्वस्थ, मजबूत और फिट थे। अब उनकी हिरासत से सामने आ रही खबरों के साथ उस तस्वीर का मेल बैठाना



मुश्किल है। यही वजह है कि हम आज आपको लिख रहे हैं। हम राजनयिकों या राजनीतिक लोगों के तौर पर नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तानों के तौर पर अपनी बात रख रहे हैं, जिन्हें लगा कि हमें आवाज उठानी चाहिए।'

पत्र में आगे कहा गया, 'इमरान खान ने पाकिस्तान को उसका एकमात्र विश्व कप खिताब दिलाया था। उन्होंने अपने देश का प्रधानमंत्री रहते हुए भी नेतृत्व किया। ऑस्ट्रेलियाई लोग उनका बहुत सम्मान करते हैं- एक ऐसे क्रिकेटर के तौर पर जिनकी प्रतिभा और नेतृत्व ने उस खेल पर स्थायी छाप छोड़ी। साथ ही हम इमरान का एक ऐसे व्यक्ति के तौर पर भी सम्मान करते हैं, जिन्होंने कैंसर अस्पताल बनाकर पाकिस्तान के लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने में मदद की।'

पत्र में कहा गया, 'विश्वसनीय रिपोर्टों के अलावा, उनके अपने बेटे और बहनें भी कई महीनों से सार्वजनिक रूप से उनकी सेहत और हिरासत में उनके साथ हो रहे व्यवहार को लेकर गुहार लगा रहे हैं। उन्होंने सीमित चिकित्सा सुविधा, परिवार से मिलने पर पाबंदियों और कानूनी सलाह लेने के बेहद सीमित अवसर जैसी चिंताओं का जिक्र किया है।' पत्र में लिखा गया है, 'हम उनके खिलाफ चल रहे कानूनी या राजनीतिक मामले पर कोई रुख नहीं रखते। यह पाकिस्तान का आंतरिक मामला है। लेकिन हिरासत में किसी भी व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है, यह बुनियादी इंसानियत का मामला है, चाहे उसकी राजनीतिक विचारधारा कुछ भी हो।' सात पूर्व कप्तानों ने ऑस्ट्रेलियाई सरकार से इस मामले को सीधे पाकिस्तान के संबंधित अधिकारियों के सामने उठाने का अनुरोध किया है। पत्र के अंत में कहा गया, 'अगर ऑस्ट्रेलियाई सरकार इस मामले को सीधे संबंधित पाकिस्तानी अधिकारियों के सामने उठाए तो हम आभारी होंगे। चैपल ने हाल के हफ्तों में इस मामले पर आपसे (वोंग से) मुलाकात का भी अनुरोध किया है और हमारी ओर से इस मुद्दे पर आपसे सीधे चर्चा करने का अवसर मिलने का स्वागत करेंगे।




# महिला एशिया कपः ट्रॉफी विवाद पर क्या भारतीय विदेश मंत्रालय करेगा हस्तक्षेप? प्रवक्ता ने स्पष्ट किया रुख

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने श्रीलंका को हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया था। जीत के बाद हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी को आईना दिखाया था। महिला टीम ने नकवी के हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। नकवी एशिया क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। इसे लेकर काफी विवाद हुआ और नकवी ट्रॉफी दिए बिना ही स्टेडियम से लौट गए थे।

दोबारा बेइज्जत हुए नकवी

भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी से ट्रॉफी नहीं ली। इसके बाद नकवी स्टेडियम से खाली हाथ बाहर जाते दिखे।



नकवी के बाहर जाते समय स्टेडियम में मौजूद लोगों ने उनके खिलाफ नारे भी लगाए। सोशल मीडिया पर यूजर्स इसके वीडियो भी शेयर कर रहे थे।

नकवी एसीसी प्रमुख होने के अलावा पीसीबी के प्रमुख और पड़ोसी देश के गृह मंत्री भी हैं।

फाइनल मैच के अधिकारियों और श्रीलंकाई खिलाड़ियों को मेडल देने के बाद पुरस्कार समारोह में समाप्त हो गया। श्रीलंकाई टीम की कप्तान नकवी ने दिया उपविजेता का चेक।

नकवी से पहले श्रीलंकाई टीम के सभी खिलाड़ियों और सहायक कर्मचारियों को श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अंतरिम प्रमुख एरन विक्रमरत्ने ने पदक दिए।

एशिया कप 2026 का फाइनल जीतने के बाद भारतीय टीम मैदान पर आयोजित समारोह में भी शामिल नहीं हुई। साल 2025 में भी पुरुष टीम ने भी नकवी से एशिया कप ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारतीय टीम को वह ट्रॉफी अबतक नहीं मिली है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक ये ट्रॉफी अभी तक एसीसी कार्यालय में है।







# ब्रेंडन टेलर का कीर्तिमानः जिम्बाब्वे के बल्लेबाज ने सचिन का कौन सा रिकॉर्ड तोड़ा? वनडे में हासिल की उपलब्धि

**एजेंसी न्यूज**

**हरारे।** जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रेलिया के बीच हरारे स्पोर्ट्स क्लब के मैदान पर पहला वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। पहले वनडे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। इस मैच में मैदान पर उतरने के साथ ही जिम्बाब्वे के विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर ने सचिन तेंदुलकर का सबसे लंबे वनडे करियर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

लंबे समय तक वनडे खेलने वाले खिलाड़ी बने

टेलर ने संन्यास और आईसीसी के साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। अब वह 2004 में अपने डेब्यू के बाद से 22 साल और 146 दिन तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं, जो एक नया रिकॉर्ड है। उन्होंने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड




तोड़ा, जिनका 1989 से 2012 तक 22 साल और 91 दिनों का शानदार वनडे करियर रहा। अब टेलर सबसे लंबे समय तक वनडे क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।

जिम्बाब्वे के सफल बल्लेबाजों में होती है गिनती

टेलर जिम्बाब्वे के सबसे सफल बल्लेबाजों में गिने जाते हैं। अपने वनडे करियर में टेलर अब तक 205 पारियों में 6,704 रन बना चुके हैं। वह जिम्बाब्वे की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ एंडी फ्लावर हैं, जिन्होंने 208 पारियों में 6786 रन बनाए। टेलर ने अपने करियर में तीनों फॉर्मेट में जिम्बाब्वे की कप्तानी भी की है। उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में शानदार प्रदर्शन किया था और दो शतक लगाए थे।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।